R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -266 | ग्वालियर, सोमवार, 6 मई 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए


# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रोड शो किया

## प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए लोग डटे रहे





दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो किया, लगातार उनका काफिला लाता चौक की तरफ बढ़ा सड़क के दोनों तरफ हजारों का जन सैलाब उमड़ पड़ा सड़क के दोनों तरफ हजारों की संख्या में मौजूद भीड़ लगातार प्रधानमंत्री के काफिले पर पुष्पवर्षा होने लगी। उनके साथ रथ पर सीएम योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह भी मौजूद रहे।

बता दें कि पीएम ने रामलला का दर्शन किया। दो किलोमीटर लम्बे रोड शो में सड़क के दोनों तरफ हजारों की संख्या में लोग पीएम को देखने के लिए मौजूद रहा। प्रधानमंत्री सुग्रीव किला स्थित राम जन्मभूमि पथ से लता मंगेशकर चौक तक लगभग 2 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए लोग डटे रहे। अयोध्या में विदेश से भी भक्त आये हैं जो प्रधानमंत्री को देखने के लिए कतार में लगे हैं। खास बात यह है कि चुनावी रोड शो होने के बाद भी प्रधानमंत्री को देखने की ललक सियासत से इतर दिखाई पड़ रही है। सड़क के दोनों ओर इतनी बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा है। दोनों ओर के भवनों को गेंदे की लड़ियों से सजाया गया है। सभी चालीस मंचों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और साधु संत द्वारा शंखनाद किया गया। रोड शो में पीएम के रथ पर पुष्पवर्षा की।



# पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाहा के समर्थन में भाजपा ने निकाली ग्वालियर दक्षिण विधानसभा में विशाल बाइक रैली

**ग्वालियर।** ग्वालियर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाहा के समर्थन में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा दक्षिण विधानसभा में एक विशाल बाइक रैली निकाली गई। यह रैली बेटी बचाओ चौराहे के पास शिखा गार्डन से प्रारंभ होकर गुड़ा पुलिया, एसएएफ पेट्रोल पंप, हेमा कान्वेंट स्कूल, हनुमान टॉकीज, लक्कड़ खाना पुल, रॉक्सी पुल, स्काउट, पानी की टंकी, वार्ड ऑफिस, लाला का बाजार चौराहा, तारागंज,नालापट्टी, ढोली बुआ पुल, रजनीश कान्वेंट स्कूल, डॉक्टर कमल किशोर चौराहा, हनुमान चौराहा, गस्त का ताजिया, फलका बाजार, छप्पर वाला पुल( नाला रोड, मैथिलीशरण चौराहा होकर) हुजरात पुल, बैंड मार्केट, महाराज वाड़ा, सराफा बाजार, नई सड़क, हनुमान चौराहा, जनकगंज, गांधी मार्केट परिक्रमा होते हुए जिला कार्यालय मुखर्जी और पर समाप्त हुई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए क्षेत्रीय जनता से अपील की है। बाइक रैली में विधानसभा संयोजक श्री विवेक जोशी, विधानसभा प्रभारी श्री सुशांत परिहार, जिला महामंत्री राजू पलैया, सभापति श्री मनोज तोमर, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, पूर्व सभापति श्री राकेश माहौर, जिला मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह कुशवाह, जिला मीडिया प्रभारी श्री नवीन चौधरी, मंडल अध्यक्ष श्री महेंद्र श्रीवास्तव, श्री विनय शर्मा, श्री मनोज मुटाटकर, श्री चेतन मंडलोई, पार्षद श्री अनिल सांखला, श्री गौरव बाजपेई, श्री अशोक साहू, श्री रामदास मिश्रा, श्री भूषण नारले, श्री निक्की वर्मा, श्री योगेश मिश्रा, श्री संजय दानी, श्री राजकुमार गुप्ता, श्री मनीष कुशवाहा सहित सैंकड़ों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# मशाल थामकर मतदान की अलख जगाने निकले विद्यार्थी, जवान एवं वरिष्ठ अधिकारी

### शहर के हृदय स्थल महाराज बाड़ा और मुख्य बाजारों से होकर मतदाताओं को

### वोट डालने के लिए प्रेरित करने निकली मशाल यात्रा



ग्वालियर। लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी के उद्देश्य को लेकर शहर के हृदय स्थल महाराज बाड़ा से विशाल मशाल यात्रा निकली। रविवार की सांध्य बेला में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान और पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में हाथों में मशाल थामकर शहर के एक दर्जन से अधिक महाविद्यालयों के विद्यार्थी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल व जिला पुलिस बल के जवान, प्रबुद्ध व जागरूक नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी आगे बढ़े।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निकली यह मशाल यात्रा महाराज बाड़ा से शुरू हुई और सराफा बाजार, गश्त का ताजिया, डीडवाना ओली, राम मंदिर, पाटनकर बाजार व दौलतगंज होकर गुजरी। मशाल यात्रा के माध्यम से यहाँ के व्यवसाइयों, रहवासियों एवं खरीददारी करने आए शहरवासियों को मतदान करने के लिये प्रेरित किया गया।

जिले में स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) के तहत आयोजित हो रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार की शाम यह मशाल यात्रा निकाली गई। पूरी मशाल यात्रा के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान एवं पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह पैदल चले। मशाल यात्रा का समापन ऐतिहासिक महाराज बाड़े पर हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान ने महाराज बाड़े पर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को 7 मई को अपने-अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर लोकतंत्र की मजबूती के लिये मतदान करने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री के एम सियाज व अपर आयुक्त नगर निगम श्री मुनीष सिकरवार सहित जिला प्रशासन, नगर निगम व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मशाल यात्रा में पेट्रोल पम्प यूनियन के लोगों ने भी सहभागिता की। इस आयोजन में नगर निगम की सहायक खेल अधिकारी सुश्री विजेता चौहान व श्री शिशिर श्रीवास्तव सहित नगर निगम के अन्य अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

# 'प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ' ने वरिष्ठ पत्रकार केसी राजपुरिया को कोषाध्यक्ष एवं अंजली सिंह को महिला विंग का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया



**ग्वालियर,** 5 मई। पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण से लेकर उनके हितों की रक्षा के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाने वाले पत्रकारों के राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय संगठन ÷प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ÷ ने ग्वालियर के वरिष्ठ पत्रकार केसी राजपुरिया को कोषाध्यक्ष एवं अंजली सिंह को महिला विंग का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों केसी राजपुरिया एवं अंजली सिंह ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताते हुए संकल्प लिया है कि वह ग्वालियर अंचल में ***÷प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ÷*** की गतिविधियो एवं कार्यक्रमों को और अधिक द्रुत रूप देते हुए नेतृत्व के निर्देशानुसार सदैव पत्रकार हित के लिए संघर्षरत रहेंगे।






# जिन घरों में बेटी का जन्म होता है उन घरों में सुख- समृद्धि आती है - घनश्याम शास्त्री जी





**ग्वालियर।**

दौलतगंज स्थित राजा बाक्षर की गोठ श्री राजा राजा बाक्षर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन सुप्रसिद्ध भागवत आचार्य पं.घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने बताया कि कथा का फल उसी मनुष्य को मिलता है जो कथा के एक भी शब्द बिना छोड़े श्रवण करता है। हर सनातनी को अपने धर्म का पालन करना चाहिए और अपने बच्चों को धर्म के मार्ग पर चलना सीखाना चाहिए। जिस मनुष्य के मुख पर भगवान का नाम कभी नहीं आता है उसका उद्धार नहीं हो सकता है। मनुष्य को अपने कल्याण की हमेशा चिंता करनी चाहिए और उसे भगवान की शरण में जाना चाहिए क्योकिं भगवान ही मनुष्य का कल्याण करते हैं । मनुष्य को सुख की प्राप्ति होती है तो वह भगवान के शरण में नहीं जाता है लेकिन जब मनुष्य के जीवन में दुःख प्रवेश करता है तो वह कहता हैं कि यह सब भगवान की गलती है। मनुष्य को सब कुछ भगवान पर छोड़ देना चाहिए क्योंकि भगवान ही मनुष्य को उसके कर्मो का ही फल मिलता है। जिन घरों में बेटी का जन्म होता है उन घरों में सुख- समृद्धि आती है. इसलिए अगर घर में बेटी का जन्म हो तो मनुष्य को प्रसन्न होना चाहिए इस अवसर पर महंत तरुण सूर्यवंसी एवम कथा परीक्षित अनीता सुरेश बंसल सभी भक्तो ने भागवत भगवान की आरती की ।।

# प्रसव के दौरान प्रसूता और नवजात बच्चे की मृत्यु



## चिकित्सा अधिकारियों की नाक के नीचे चल रहा था फर्जी हॉस्पिटल

## *जनपद में कब तक रहेगा फर्जी हॉस्पिटलों में मौतों का खेल जारी

*केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव*

एटा अलीगंज अमरोली रोड स्थित पर एक मकान में फर्जी रूप से अस्पताल चल रहा था जिसमें प्रसव के दौरान प्रसूता और नवजात बच्चे की मृत्यु हो गई बच्चे की मौत के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई चीख पुकार से आसपास के लोग एकत्रित हो गए प्रसूता और नवजात की मौत से घबराकर फर्जी अस्पताल संचालक मौके से नौ दो ग्यारह हो गया जानकारी के आधार बताया जा रहा है कि प्रसूता नेहा पत्नी करन सिंह निवासी कलिंजर को परिजनों ने 24 घंटे पूर्व भर्ती कराया था डॉक्टर ने रिपोर्ट के आधार पर नेहा के अंदर शरीर में कम खून होने का परवारी जनों को बताया और खून चढ़ाने के लिए बोला चिकित्सकों ने नॉर्मल डिलीवरी के नाम पर हजारों रुपए भी और लिए कुछ समय बाद प्रसूता ने मृतक नवजात शिशु पैदा किया प्रसूता की जब हालत बिगड़ी तो डॉक्टर ने खून चढ़ाना शुरू कर दिया इसी बीच नेहा की भी मृत्यु हो गई अस्पताल संचालक मौके से हुआ फरार मृतक के परवारी जनों ने बताया कि मृत्यु हो जाने के बाद भी चिकित्सक मांग रहा था पैसा अब प्रश्न यह उठता है कि जब मकान और दुकानों में झोलाछाप डॉक्टर करेंगे लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ उसके बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग इन फर्जी डॉक्टरों पर कब लेगा संज्ञान जनपद एटा में दर्जनों प्रसुताओं की हो चुकी है मौत लेकिन उसके बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग कुंभकर्णी निद्रा से नहीं जाग रहा कब तक चलेगा जनपद एटा में मौत का खेल जिला अधिकारी झोलाछाप डॉक्टरों पर एक नजर

### अलीगंज में दर्जनों पैथोलॉजी लैब

आपको बता दे चलें कि अलीगंज तहसील के अंतर्गत गली नुक्कड़ चौराहे पर चल रही है बिना मानक दर्जनों पैथोलॉजी लैब जब बिना रजिस्ट्रेशन के सैकड़ो चलेगी लैब जिनके पास किसी प्रकार की कोई डिग्री और रजिस्ट्रेशन नहीं है उन्हीं से यह फर्जी झोलाछाप क्लीनिक और अस्पताल संचालक कराते हैं जांच सबसे ज्यादा मौतें पैथोलॉजी की जांच के कारण ही होती हैं पैथोलॉजी लैब संचालकों पर कब होगी कार्यवाही जिससे की जनता को मिल सके निजात।

# राजवीर सिंह के रोड शो में नजर नहीं आए पिता कल्याण सिंह के पोस्टर

## सत्ता की कुर्सी हथियाने के चक्कर में पिता को ही भूले राजवीर सिंह राजू भैया

*स्थानीय संपादक केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव*

एटा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया ने चुनाव के अंतिम छड़ में शहर के प्रमुख मार्गो पर रोड शो निकाल कर लोगों से वोट मांगे रोड शो के दौरान राजू भैया एक खुली जीप में सवार होकर अपने साथ भाजपा विधायक विपिन वर्मा डेविड, आशू यादव, वीरेंद्र सिंह, एवं पूर्व विधायक ममतेश शाक्य ,पूर्व विधायक अजय यादव सहित कई लोग मौजूद थे यह रोड शो अपना वर्चस्व दिखाने के लिए एटा की प्रमुख मार्ग जीटी रोड स्थित जनेश्वर मिश्र हाल में पैदल बाइक तथा जेसीबी के काफिले के साथ जीटी रोड से लाव लश्कर के साथ प्रारंभकिया



### जेसीबी के साथ लगे सीएम योगी के पोस्टर

रोड शो में प्रमुख रूप से एक अन्य गाड़ी में भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया की पत्नी प्रेमलता पुत्र संदीप सिंह शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तथा उनके अन्य परिजन भी रोड शो में जनता का अभिवादन कर वोट मांग रहे थे काफिले में सबसे आगे पैदल चल रहे भाजपा कार्यकर्ताओं का नेतृत्व एटा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सुधा गुप्ता के पति पंकज गुप्ता द्वारा किया जा रहा था उनके साथ नगर पालिका के सभासद अखिलेश दीक्षित सहित भारी संख्या में सदस्य तथा गणमान्य लोग उपस्थित थे साथ ही काफिले में कई जेसीबी पर लोग खड़े होकर कर योगी आदित्यनाथ का फोटो लेकर निकल रहे थे

### नहीं दिखे पिता कल्याण सिंह के पोस्टर

काफिले में मोदी के काफी कट आउट लेकर लोग चल रहे थे इस पूरे रोड शो में अलीगढ़ की धरती के लाल कहे जाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता भाजपा प्रत्याशी के पिता कल्याण सिंह के पोस्टर कहीं भी नजर नहीं आये ना उनका कोई कट आउट था और ना ही उनके नाम के नारे लगे इसकी चर्चा पूरे नगर में जोरों से थी कि भाजपा प्रत्याशी अपने पिता का नाम लेना ही भूल गए साथ ही आपको बताते चले कि आज के इस शक्ति प्रदर्शन के लिए निकाले गए रोड शो में वर्ष 2020 में हुए चुनाव के दौरान निकाले रोड शो से संख्या आधे से भी कम थी आज का रोड शो प्रमुख मार्ग जीटी रोड से ठंडी सड़क होता हुआ पुनः जीटी रोड पर आकर समाप्त हो गया लेकिन जब रोड शो के दौरान भाजपा प्रत्याशी अपने पिता को ही भूल गए तो क्या आम जनता को याद रखेंगे यह क्षण देखने लायक 7 मई को होगा।

# मैनपुरी में भाजपा कार्यकर्ताओं की गुंडई




## अखिलेश यादव के रोड शो के बाद बबाल, भाजपा समर्थको ने सपा कार्यकर्ताओं को पीटा

## सपा समर्थको पर महाराणा प्रताप की मूर्ति पर सपा का झंडा लगाने का आरोप

### *केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव*

*मैनपुरी।* मैनपुरी में तीसरे चरण का चुनाव प्रचार चरम सीमा पर हैं, कोई भी दल कसर नहीं छोड़ना चाहता है। बताया जाता है कि शनिवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के रोड शो के बाद कुछ सपा समर्थकों ने महाराणा प्रताप के मूर्ति स्थल पर झंडा लगाने की कोशिश की। इस बात की जानकारी होने पर भाजपा समर्थक रात में ही मौके पर पहुंच गए। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक सपा समर्थक को पकड़ लिया। उसके साथ जमकर मारपीट की गई। इस पूरी घटना का वीडियो वायरल हो रहा है।

लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान से पहले सपा मुखिया अखिलेश यादव का मैनपुरी में रोड शो हुआ। रोड शो में शामिल कुछ युवकों ने करहल चौराहे पर महाराणा प्रताप के मूर्ति स्थल पर चढ़कर सपा का झंडा लगाने का प्रयास किया। इसकी जानकारी होने के बाद भाजपा समर्थक रात में ही मौके पर पहुच गए। इस दौरान वहां से गुजर रहे सपा के एक समर्थक को पकड़ लिया गया। उसके साथ जमकर मारपीट की। कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की शाम सपा का रोड शो शुरू हुआ था। इसमें शामिल समर्थक जमकर नारेबाजी करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरे। रात के समय रोड शो जब करहल चौराहा के पास समाप्त हो गया। इसके बाद रोड शो में शामिल हुए कुछ युवाओं ने चौराहा पर लगी महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थल पर जमकर नारेबाजी की और वहां पर सपा का झंडा लगाने की कोशिश की। जानकारी होने के बाद भाजपा के नेता और कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। सपा के लोगों पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। भाजपा के नेताओं ने आरोप लगाया कि सपा के गुंडो ने महाराणा प्रताप का अपमान किया है। मूर्ति के साथ भी छेड़छाड़ की है।

### *एसपी, एएसपी मौके पर पहुंचे*

हंगामे की सूचना मिलने के बाद एसपी विनोद कुमार, एएसपी राहुल मिठास पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। एसपी ने बताया कि रोड शो खत्म होने के बाद कुछ लोगों ने मूर्ति स्थल पर चढ़कर नारेबाजी की है, झंडा लगाने की कोशिश की है। सीसीटीवी से पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान कर हंगामा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की गुंडई चरम पर

## मैनपुरी में महाराणा प्रताप चौक पर यादव समुदाय को सरेआम माँ की गालियां दीं गई

## निश्चित रूप से जंगल राज ही प्रतीत हो रहा है। मैनपुरी में प्रशासन या शासन का अंकुश है या नहीं वोट की चोट से मैनपुरी की जनता इन्हे भी जवाब देगी

लखनऊ -उत्तर प्रदेश में जंगलराज की बड़ी खबर निकल के आ रही है, पुलिस मुखिया सो रहे है, क्षेत्राधिकारी भी लगभग नीद के आगोश में दिख रहे है, कोतवाल कोतवाली नगर भी जाग कर सोएं का बहाना किए हैं, जो कृत्य सत्ता धारी दल के केविनेट मंत्री के प्रत्याशी होने का जीता-जागता उदाहरण वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें जान बूझ कर जंगलराज कायम कर देने की व्यवस्था साफ तौर पर दिख रही है, और पुलिस ने अनन्न फनन्न में 100 सपाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर अपनी दृष्टि दृष्टिराज जैसी कर दी है, फिलहाल सपा के गढ़ को भेद पाना भाजपा के वंश से



बाहर है, जितनी भी एफआईआर लिख सकता है, हल्का पुलिस लिख ले लिकिन सपा के गढ़ को भेद पाने का फोर्मुला काम नही आएगा, सपा को जनता का साथ है, जहां एक तरफ महिला शक्ति करण की जौहर चल रही है,कुल मिलाकर कर सरकारी तंत्र का दुर्पयोग कर के भी केविनेट मंत्री प्रत्याशी जी जान लगाकर भी स्पष्ट भूमिका में नही आंकड़े छूते नजर आ रहे है, फिलहाल जनता का मूड़ केवल भाभी डिंपल यादव ही दिख रहा है,

### कोर्ट न हो तो पुलिस आंख बंद कर के आदमी से आदमी को खा जाए का लाइसेंस देदें

आदमी खिलोना है, जितनी चावी भरी उतना चले आदमी यह वावत उत्तर प्रदेश की पुलिस के लिए है, जहां सत्ता के अधीन कार्यरत अभी भी चुनाव आयोग के लोकसभा चुनावों में दिख रही है, जंगलराज कायम हो गया मैनपुरी में हिस्ट्रीशीटर खुलेआम आदरणीय आचार्यसहिंता की धज्जियां उड़ती दिखाई दे रही है, जहां केविनेट मंत्री ने भारत के वहार से आतंकवादी संगठन को टेंडर देकर मैनपुरी छीनने की राजनीति षडयंत्र रच दिया है,सपा वीडियो लेकर मा0 न्यायालय में जाएगी तो कार्यावाही निश्चित आतंकवादी संगठन एवं हिस्ट्रीशीटर को खुलेआम सपोर्ट करने के ऐवज में पुलिस मुखिया पर तथा क्षेत्राधिकारी एवं कोतवाल कोतवाली नगर मैनपुरी पूरे थाने पर एफआईआर दर्ज होगी,

# भागवत कथा के श्रवण से मानव के भीतर का साधु जागृत होता है और ईश्वर प्राप्ति के मार्ग पर आगे बढ़ता है- राजू आर्य

### केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव*

## *भागवत कथा कार्यक्रम में भाजपा नेता राजू आर्य और पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबलू यादव का हुआ जोरदार स्वागत*

एटा। निधौली कलां के गांव समोखर में किशन कुमार द्वारा भागवत कथा का भव्य आयोजन कराया जा रहा है। रविवार को गांव समोखर में आयोजित भव्य भागवत कथा अनुष्ठान में हिंदूवादी भाजपा नेता रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य भी पहुंचे जहां उन्होंने भागवत कथा को सुना साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन मनुष्य को अपने संस्कारों से जोड़े रखते हैं साथ ही



भागवत कथा सुनने से मन को भी शांति मिलती है, इसलिए इस तरह के धार्मिक आयोजन जरुरी हैं। इसके अलावा भाजपा नेता राजू आर्य ने आयोजक किशन कुमार की भी सराहना की और कहा कि उनके द्वारा इस धार्मिक आयोजन में हर तरह के सहयोग के लिए साथ निभाएंगे और भागवत कथा में पहुंच रहे लोगों का भी अभिवादन किया। इस दौरान आयोजक किशन कुमार ने परिवार के साथ मिलकर भाजपा नेता राजू आर्य और उनके साथ भागवत कथा के भव्य पंडाल में पहुंचे पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबलू यादव का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर सतेन्द्र नेताजी, बबलू चौधरी, अंकित यादव, अनुराग यादव, सत्यवीर यादव, शिव कुमार यादव, मनोज कुमार, विपिन यादव सहित सैकड़ों की संख्या में श्रोता गण उपस्थित रहे।

# जलवायु परिवर्तन के संकट को लेकर अरछा बरेठी में जल जंगल जमीन विषय पर हुई परिचर्चा

### ब्यूरो रमेश रैकवार चित्रकूट

चित्रकूट। विकास पथ सेवा संस्थान द्वारा जल जंगल व जमीन विषयक एक सार्थक चर्चा का आयोजन भव्यता के साथ अरछा बरेठी गांव में मंदाकिनी नदी के घाट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जल संरक्षण के एक गीत के साथ हुआ चर्चा में विचार व्यक्त करते विकास पथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ0 प्रभाकर सिंह ने बताया कि संस्थान पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर 20 वर्षों से जन जागरूकता, वृक्षारोपण, नदी, नालों की सफाई का कार्य कर रही है। उसी क्रम में संस्थान देश दुनिया में जलवायु परिवर्तन के संकट को दृष्टिगत रखते हुए इस वित्तीय वर्ष में 100 से अधिक स्थानों में जिसमें नदी, नालों के किनारे बसे गांव, स्कूल, कॉलेजों में जल, जंगल, व जमीन के संरक्षण के लिए चर्चा का आयोजन कर जन जागरूकता, वृक्षारोपण ,नदी नालों में दहारे बनाने का सफल प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि जल, वर्षा जल के एक-एक बूंद पानी को बचाने के लिए ग्रामीण, स्कूली बच्चों को प्रेरित करेंगे। जिला गंगा समिति चित्रकूट रानीपुर टाइगर रिजर्व के जिला परियोजना अधिकारी गोपाल कृष्ण गुप्ता ने कहा कि नदियों के किनारे खेतों में एक जुट होकर साफ-सफाई और पेड़ अधिक से अधिक लगाएं वह वृक्षारोपण के लिए निशुल्क पौधों को दिलाने में ग्रामीणों का सहयोग करेंगे ।

संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर प्रभाकर सिंह ने पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का सभी को संकल्प दिलाया।? इस मौके पर डाबर कंपनी की ओर से प्रदत्त फ्रूट जूस तेल ,शैंपू,नारियल जूस का वितरण किया गया।? ने कहा कि आजकल जिस हिसाब से वृक्षों का कटान हो रहा है उस हिसाब से हम लोग वृक्षारोपण नहीं कर पा रहे हैं ।सरकार लगातार वृक्षारोपण के लिए सभी को प्रेरित कर रही है ऐसी दशा में पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है जीवन बचाने के लिए शुद्ध




हवा शुद्ध जल की जरूरत है जब तक पर्यावरण स्वच्छ नहीं रहेगा तब तक हवा पानी जल हमें शुद्धता के साथ नहीं मिलेगा मनुष्य स्वयं ही इसके लिए जिम्मेदारी ले और जल जंगल जमीन पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का अभियान चलावे ।? हर व्यक्ति जल संरक्षण के लिए भी स्वयं जागरूक बने। चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी के क्रीड़ा अध्यक्ष डॉ रमेश सिंह चंदेल ने कहा कि बृक्षों की कटान होने से पर्यावरण असंतुलित हुआ है इसीलिए पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं हो रही है जितने अधिक वृक्ष होंगे उतनी ज्यादा वर्षा होगी, पेड़ लगाओ पानी बरसाओ इस नारे को हमें ध्यान में रखना होगा। राष्ट्रीय कवि रामलाल द्विवेदी प्राणेश जी ने कहा कि पुराणों में भी वृक्षारोपण तथा वृक्षों को बचाने के लिए स्थान दिया गया है , पीपल को पूज्यनीय माना गया है जो हमें रात दिन ऑक्सीजन देता है। शुद्ध वायु जीवन प्राण की रक्षा करती है। उन्होंने स्वरचित जल जंगल जमीन की रक्षा सुरक्षा के लिए प्रेरणा गीत सुनाकर किसानों को आत्मबोध कराया। कहा कि मंदाकिनी दिनों दिन सूखती जा रही है विकास के दौर में चित्रकूट धार्मिक क्षेत्र में मंदाकिनी के स्रोत बंद हो रहे हैं , सबसे ज्यादा चित्रकूट के मठ मंदिरों से निकले गंदे जल की वजह से मां मंदाकिनी प्रदूषित हो रही है इसे बचाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा, इसके अलावा जल संरक्षण करने के लिए भी हमें स्वयं जागरूक होना होगा , आवश्यकता अनुसार जल का प्रयोग करें आवश्यकता से अधिक पानी की बर्बादी को रोकना चाहिए।? कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी सभासद शंकर प्रसाद यादव ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन को बचाने के लिए हमें जल जंगल जमीन को भी बचना होगा मां मंदाकिनी अविरल बहती रहे इसके लिए भी हमें चिंतन करने की जरूरत है उन्होंने चिंता जताई कि आज मन मंदाकिनी बंधोईन बांध के आगे सूखी पड़ी मंदाकिनी की धारा रुक गई , अरछा बरेठी, औदहा, लोहदा आदि गांवों में मंदाकिनी का बहाव नहीं है , यदा कदा गड्ढों में पानी भरा है, यह बेहद चिंता का विषय है।

कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी लवलेश सिंह ने किया। गोष्ठी में शिक्षक सुरेश कुमार राकेश राजपूत हनुमान यादव जगन्नाथ वर्मा प्रकाश वर्मा सुरेंद्र प्रसाद हरिश्चंद्र बैजनाथ अयोध्या प्रसाद राजकुमार सूबेदार अमित ललित यादव प्रभु दयाल शेष नारायण कुशवाहा नरेंद्र कुशवाहा दयाराम यादव श्रीकृष्ण मोतीलाल जितेंद्र तीर्थ पप्पू निषाद मातादीन चंद्रिका यादव विशंभर यादव राम भवन फूलचंद नामदेव मिठाई लाल विष्णु यादव सुरेश नारायण कुशवाहा ग्राम सजीवन यादव जगरूप कुशवाहा सुरेंद्रनाथ गुप्ता अवध किशोर यादव देशराज यादव आदि मौजूद रहे।

# कलेक्टर श्री कोचर ने पथरिया के जेरठ, बोतराई सहित 05 गेहूं उपार्जन केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण



## किसानों से की चर्चा, उनकी बातें व समस्याए सुनी

## स्वयं की मौजूदगी में कृषकों के गेहूॅ एवं सरसों की तौल कराई

## सूखा समिति प्रबंधक को तत्काल लेवरों की संख्या बढानें के दिये निर्देश

दमोह । उपार्जन व्यवस्थित हो ताकि किसानों की किसी प्रकार की असुविधा ना हो। इस उद्देश्य से पहले तेंदूखेड़ा और आज पथरिया क्षेत्र में भ्रमण किया हैं। यह बात आज कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पथरिया गेहूं उपार्जन केन्द्रों के भ्रमण के दौरान कही। उन्होंने कहा लगातार भ्रमण जारी रहेगा, समर्थन मूल्य पर खरीदी की सख्त मॉनीटरिंग की जायेगी। श्री कोचर आज पथरिया क्षेत्र के 05 खरीदी केन्द्रों का भ्रमण किया हैं। इस दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने किसानों से चर्चा की, उनकी बातें व समस्याए सुनी।

कलेक्टर श्री कोचर ने राय वेयर हाउस छापारी में संचालित गेहूॅ उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति बकैनी का निरीक्षण किया। उन्होंने समिति द्वारा उपार्जित गेहूॅ की गुणवत्ता का परीक्षण सर्वेयर से कराया। इसी प्रकार सोया प्लांट पथरिया में संचालित गेहूॅ उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति बोतराई, सेवा सहकारी समिति जेरठ एवं सेवा सहकारी समिति पथरिया का निरीक्षण किया। कृषकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कराने हेतु समितियों को निर्धारित समय में हेडलिंग चालान जारी करने एवं जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी को अविलंब स्वीकृती पत्रक जारी कराने के निर्देश दिये।

अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर अन्नपूर्णा वेयर हाउस में संचालित गेहूॅ उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति सूखा पहुँचे। उन्होंने कृषकों से चर्चा की, कृषको द्वारा बताया गया कि वे प्रात÷ से गेहूॅ एवं सरसों लेकर आये है।

# ऑनलाईन सट्टा की गिरफ्त में फँसते जा रहें युवा, नशाखोरी एवं अपराधों को मिल रहा बढ़ावा

सीधी।

जिले में ऑनलाईन सट्टा, जुए व नशाखोरी की लत तेजी से अपने पैर पसार रही है। इसकी गिरफ्त में युवा पीढ़ी भी आ रही है। इन सामाजिक कुरीतियों की वजह से अधिकांश परिवार जहां आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं तो वहीं काफी युवाओं के कदम अपराध की दुनिया की ओर भी बढ़ रहे हैं। इससे युवाओं का भविष्य भी संकट में आ रहा है। दूसरी तरफ नशीले पदार्थो की बिक्री करने वाले और जुआ.सट्टा चलाने वालों की चांदी हो रही है। जबकि समय पर अंकुश न लगाने के चलते जिला मुख्यालय में कई परिवारों ने अपने घरों के दीपक को हमेशा के लिये पूर्व में खो चुके हैं। कई अभिभावकों ने समाचार माध्यम से जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर त्वरित रूप से उचित विधिक कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि जिला मुख्यालय में कोतवाली के पीछे थनहवा टोला में कई सफेदपोंशो के संरक्षण में वर्षो से अनैतिक गतिविधियों को हवा मिलती आ रही है। जिस पर पूर्णतः अंकुश आज दिनांक तक नही लग सका है। वहीं सम्राट चौक




के समीप पीडब्लूडी कार्यालय के पीछे दिन रात सटोरियों का जमावड़ा लगा रहता है। इसके साथ ही एक झटके में कई गुना मुनाफा की चाह लिये जुआ.सट्टे का अवैध धंधा गांव गांव तक पैर पसार रहा है। गांवों में सुबह से ही युवक विभिन्न जगहों पर जुआ खेलने लग जाते है। जुए के साथ बच्चों व युवाओं में नशाखोरी की लत भी लग रही है। आलम यह है कि स्कूलों के सामने भी नशीले पदार्थ बेचने वाले खोखे जमे हुए हैं। स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी चोरी छिपे यहां आकर नशा करते हैं।

### ऑनलाइन सट्टा का बढ रहा क्रेज –

दिखावे के चल रहे समय में बेरोजगार युवाओं के हांथो में मंहगे मंहगे मोबाइल देखने को मिल रहे हैं। इसके साथ ही बिना मेहनत के ही पैसा कमाने की चाह लिये कई युवाओं के मोबाइल में कई ऐसे ऐप देखने को मिल रहें जो सट्टा के माध्यम से दी गई पूँजी को कई गुना अधिक करने का लालच देती हैं। जिसके चलते युवा अब ऑनलाइन सट्टे की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। वहीं इनके द्वारा यह सट्टा वैध भी बताया जाता है। जिसमें युवा दांव लगाते है। लेकिन सट्टा कोई भी हो उसमें फायदा और नुकसान दोनों होता है। अपुष्ट सूत्रो की माने तो ऑनलाइन सट्टे के लगभग एक दर्जन से ज्यादा एप प्रचलन मे हैं, जिसे डाउनलोड कर उसमें सट्टा खेला जा सकता है। इसमें अपने अकाउंट से उस एप को जोड़ना होता है। ताकि हार, जीत के रुपये उस अकाउंट के माध्यम से ट्रांसफर हो सके। लेकिन इसकी आदत लगने के कारण कई युवा मामूली रकम से खेलते हुए अपने लाखों रुपये गवां चुके है। वहीं आदतन होने के कारण देखते ही देखते ही नशा और अपराधों की ओर कब कदम बढ़ा देते हैं, इसकी जानकारी अभिभावकों को नही होता है। जिसका प्रमाण विगत कुछ माह पूर्व सिटी कोतवाली में देखने को मिला, जब अपराधों को कारित करने वाले आरोपी शहर के सम्मानित परिवार के बालक निकलें।

# पुरानी सब्जी मंडी में कंपोस्ट खाद मशीन हुई प्रारंभ - मिनी अग्रवाल

सीधी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी मिनी अग्रवाल ने बताया कि पुरानी सब्जी मंडी स्थित कंपोस्ट खाद मशीन चालू कर दी गई है। सब्जी मंडी से निकलने वाले गीले कचरे को बायो कंपोस्ट मशीन में डाला जाएगा और इससे खाद बनकर तैयार होगी।

उन्होंने बताया कि सब्जी मंडी में यह मशीन लगभग 2 वर्ष पूर्व लगाई गई थी। इस मशीन का उद्देश्य है कि जो गीला कचरा सब्जी मंडी से निकलता है उस कचरे को वही के वही मशीन में डालकर खाद बनाई जाए। इससे बनी खाद का उपयोग पेड़ पौधों आदि में किया जाता है। इस मशीन के चालू होने से सब्जी मंडी से निकलने वाले गीले कचरे का निस्तारण वही के वही हो जाएगा और इससे सफाई में सहयोग भी मिलेगा।

उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन की संकल्पना के अनुसार जो



भी गीला कचरा निकलता है उस कचरे को निस्तारित किया जाना है और इस मशीन के माध्यम से कहीं ना कहीं जो गीला कचरा निकलने वाला स्थान है वहां से खाद बनाकर तैयार की जाएगी और इस खाद का उपयोग पौधरोपण में किया जायेगा।

# मोगली पलटन ने किया आग़ाज -पैसा नहीं लुटाएँगे जेनेरिक दवा खाएँगे



सीधी।

जेनेरिक दवाइयों से जुड़ी तमाम शंकाओं जैसे. जेनेरिक दवा ब्रांडेड दवाओं से इतनी सस्ती क्यूँ हैं, क्या ये असरदार होती है, इनकी गुणवत्ता कैसी होती है आदिए के जवाब के लिए ऋषिकेश फ़ाउण्डेशन और मोगली पलटन द्वारा मिशन रामबाण का आग़ाज किया गया। इस अभियान की शुरुआत मोगली पलटन ने रविवार को अपनी कछुआ चाल साइकल रैली से की। कार्यक्रम के माध्यम से जन संदेश दिया गया कि जेनरिक दवाईयां ब्रांडेड दवाओं की तुलना में सस्ती होती हैं। जिसकी मुख्य वजह इन दवाईयों पर कोई विकास शुल्क नहीं लगता है। इसके साथ ही सभी जरूरी परीक्षण मूल निर्माताओं द्वारा पहले किए जा चुके होते हैं। जेनरिक दवाईयां बडे स्तर पर मार्केटिंग, प्रमोशन और सेलिंग स्ट्रेटजी के बगैर साधारण तरीकों से बेची जाती हैं। जिससे इनकी कीमतें अन्य ब्रांडेड दवाईयों की तुलना में काफी सस्ती हो जाती हैं। इसके साथ ही इन दवाईयों के लिए विशेष और ब्रांड विशिष्ट पैकेजिंग की आवश्यकता नहीं होती है। इसलिए ये दवाईयां और भी सस्ती हैं। जेनरिक दवाईयां बनाने में उन्हीं फार्मूलों और सॉल्ट का उपयोग किया जाता है, जो ब्रांडेड कंपनियां पहले ही प्रयोग कर चुकी हैं। इसलिए जेनरिक दवाईयों का ब्रांड नेम वाली दवाईयों के समान ही जोखिम और लाभ हैं। सभी सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को पूरा करने के लिए एक कठोर समीक्षा के बाद ही जेनेरिक दवाओं को मंजूरी दी जाती है। इसलिए जेनरिक दवा भी मनुष्य के शरीर पर पेटेंट दवा के समान ही असर करेगी।

# सामुदायिक स्वास्थ केंद्र अथाई खेड़ा के सामने ही लग रहा कचरे का अंबार, स्वक्षता अभियान की उड़ रही धज्जियां

राजीव राय दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**मुंगावली/ मुंगावली ब्लॉक की ग्राम पंचायत अथाई खेड़ा है और बहा के प्राथमिक स्वास्थ केंद्र एक ऐसा स्वास्थ केंद्र है जिसके बाहर कचरे का अंबार है, भारत सरकार एक तरफ स्वक्षता अभियान को लेकर सजग और सफलता की गाथा गा रहा है और दूसरी तरफ एक गरीब इंसान के इलाज को आने वाले लोगो को सबसे पहले अथाई खेड़ा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में जाने से पहले गंदगी का सामना करना पड़ता है।**

अगर किसी अस्पताल में आने वाले मरीजों को सर्व प्रथम गंदगी के बीच गुजरना पड़े तो आप अंदाजा लगा सकते है की गरीब किस तरह स्वस्थ होने की चेष्टा कर सकता है।

एक तरह से कहा जाए तो गरीबों के साथ खिलवाड़ है जो किसी भी पैमाने पर सही नही है और जिस तरह से स्वास्थ केंद्र के बाहर कचरे का अंबार है वो प्रशासन को ठेंगा बताने जैसा





है।

स्वास्थ केंद्र के आस पास के लोगो के मुताबिक यह कचरा अथाई खेड़ा पंचायत और सड़क से एकत्रित कर यहां निरंतर डाला जा रहा जो आदर्श नगर स्वास्थ केंद्र की परिभाषा से ठीक विपरीत है, गरीबों को उम्दा इलाज मिले और बेहतर सुविधा परंतु स्वास्थ केंद्र के बाहर का परिवेश अत्यंत भयाभय है जिसमे समय रहते सुधार की अवयशक्ता है।

### अशोकनगर जिले का प्राथमिक स्वास्थ केंद्रों में अथाई खेड़ा स्वास्थ केंद्र सुंदर परंतु अधिकारियों की अनदेखी

जिले में होने को तो बहुत से प्राथमिक स्वास्थ केंद्र है परंतु अथाई खेड़ा स्वास्थ केंद्र अशोकनगर मुंगावली रोड का सुंदर स्वास्थ केंद्र देखने में मिलता है, यहां पर पदस्थ डॉक्टर पंकज शुक्ला है जो बेहतर सामंजस्य के साथ मरीजों का निशुल्क इलाज करते है, जिले के कई सरकारी अस्पताल में रुपए लेकर इलाज किया जा रहा है परंतु डॉक्टर शुक्ला पूर्णतः अपनी ड्यूटी निभाते है और स्वास्थ केंद्र को बेहतर बनाने का प्रयास भी करते है, अगर जिले के आला अधिकारी इस स्वास्थ केंद्र के लिए थोड़ा भी ध्यान दे तो बहा गंदगी का खात्मा हो जायेगा और मैन रोड से सटा प्राथमिक स्वास्थ केंद्र जिले की पहचान बन जायेगा

# नगर परिषद द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत युवा मतदाताओं ने लोगों से की मतदान की अपील, मतदान कराने युवा सारथी (वॉलेंटियर) भी बनाये गए

राजीव राय दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मुंगावली/ रविवार को मतदान केन्द्र क्रमांक 148 पर नगर परिषद द्वारा युवा मतदाताओं के साथ 7 मई को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया।

ज़िला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदान केन्द्र पर वॉलेंटियर नियुक्त किये जाने के निर्देश दिए गए थे जिसके अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 148 के बीएलओ शैलेष अग्रवाल एवं महिला बाल विकास से कार्यकर्ता रश्मि श्रीवास्तव द्वारा युवा वॉलेंटियर नियुक्त किये गए जो कि मतदान दिवस के दिन मतदाताओं को मतदान केंद्र जाने एवं मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे ओर मतदान केंद्र तक मतदाताओं को ले जाने में सहयोग भी प्रदान करेंगे। युवा मतदाता जो प्रथम



बार लोकसभा चुनाव में मतदान करेंगी ।

कु. अंशुल पटेरिया एवं कु. पिंकी लखेरा,अदिति सोनी द्वारा 7 मई को सभी युवा मतदातों से मतदान करने की अपील की एवं घर घर मतदाताओं को पीले चावल देकर मतदान करने हेतु प्रेरित भी किया। साथ ही मतदान का क्या महत्व है, एक वोट एक अच्छी ओर निष्पक्ष सरकार बनाने में हमारी कितनी मदद करता है साथ ही गलत प्रतिनिधि चुनने से क्या दुष्प्रभाव होते हैं यह जानकारी भी मतदाताओं को दी गई। जागरूकता अभियान चलाये जाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि अधिक से अधिक मतदान हो और मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके इस मोके पर नगर परिषद से नवेद क़ाज़ी,शैलेष अग्रवाल,भागवत कुशवाह,महिला बाल विकास से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रश्मि श्रीवास्तव एवं समस्त युवा वॉलेंटियर, मतदाता उपस्थित रहे।

# लहार नगर पालिका ने चलाया दुकानदारों से पोलीथीन जप्ती का अभियान







दौनक कसारया हिन्दुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

लहार नगर पालिका द्वारा लहार नगर में सिंगल यूज पोलीथीन जप्त करने का अभियान चलाया गया नगर के बजार में दुकानदारों को पोलीथीन में समान न देने की हिदायत के साथ साथ दुकान पर रखी पोलीथीन जप्त कर 200 रुपये जुर्माने की रसीद काटी गई नगरपालिका की इस कार्रवाई से व्यापारियों में हडकंपा मच गया बडी मात्रा में दुकानदारों से पोलीथीन सिंगल यूज (पन्नी) नगरपालिका कर्मचारीयों द्वारा जप्त की गई






## आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस की कार्यवाही

# शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के लिए पुलिस ने मतदान से पहले गांव में आम लोगों के सामने ली गुंडा परेड

**गुंडे हाथ जोड़कर गांव गलियों में निकले और सभी से बोला हमसे कोई न डरे सभी वोट डालने जायें।**

**गांव के 95 वर्षीय बुजुर्ग लालाराम बघेल की गारंटी पर पुलिस ने तीनों बदमाशों को हिदायत देकर छोड़ा।**

29
दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर 05.05.2024 - आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के उद्देश्य से *पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह (भापुसे)* के निर्देश पर व *अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक षियाज़ के.एम.(भापुसे)* के मार्गदर्शन में गुंडे बदमाशों पर बाउंड ओवर व ज़िला बदर की अधिक से अधिक संख्या में कार्यवाही की गई है तथा संवेदनशील मतदान केंद्रों का पुलिस अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण किया जा रहा है।

उक्त निर्देशों के अनुक्रम में आज दिनांक 05.05.2204 को *एसडीओपी बेहट संतोष पटेल* एवं थाना प्रभारी हस्तिनापुर राजकुमार राजावत द्वारा संवेदनशील मतदान केंद्र डबका का भ्रमण किया गया। जहां थाने में सूचीबद्ध तीन गुंडे



बदमाश पुत्तु गुर्जर पिता जगत सिंह गुर्जर डबका व नरेश गुर्जर, बादाम गुर्जर मिले, जिन्होंने हाथ जोड़कर पूरे गांव के सामने कहा कि हमसे डरने की ज़रूरत नहीं है सभी लोग सात मई को वोट डालने जायें। पुलिस द्वारा गाँव वालों से पूछा गया कि इनके साथ क्या सलूक करना चाहिए तो गांव के ही 95 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक लालाराम बघेल द्वारा तीनों से लड़ाई झगड़ा न करने की क़सम करवाई गई और बदमाशों की गारंटी ली गई क वह अब कोई गलत कार्य नही करेंगे। उसके बाद पुलिस ने हिदायत देकर मौके पर ही छोड़ा। यदि उनके द्वारा लड़ाई झगड़ा किया गया तो बाउंड ओवर में बंधपत्र में लिखी गई 50 हज़ार से अधिक की राशि जप्त करवा दी जाएगी और जेल की सजा भी भुगतनी पड़ सकती है इसलिए चुनाव में कोई विघ्न पैदा न करें क्योंकि सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं जिसमें लड़ने झगड़ने वाले का चेहरा क़ैद हो जाएगा। इस अवसर पर हस्तिनापुर थाने से प्र.आर. वकील गुर्जर व थाना स्टाफ मौजूद रहा।

नरेंद्र मोदी जी के इस अभूतपूर्व कार्यकाल में हुए कई अविस्मरणीय कार्य, ब्राह्मण समाज का जन्म देश में गायों व सनातन की रक्षा एवं शिक्षा के लिए ह्रुआ।सबलगढ़ भाजपा की मोदी सरकार ने अपने इस कार्यकाल में कई सारे अभूतपूर्व निर्णय लिए गए हैं। जिनके बाद पहली बार देश में चुनाव हो रहा है। इन कार्यों के कारण देश ही नहीं विदेश में भी भारत की पहचान कायम हुई है जिसके कारण आप सभी को देश के विकास के लिए भाजपा को वोट करना चाहिए। ब्राह्मण समाज का जन्म देश में गायों व सनातन की रक्षा व शिक्षा के लिए होंने से आप सभी को कर्तव्य पालन करने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक सरला रावत मौजूद रही। शनिवार को अपरान्ह 3ः00 बजे उपमुख्यमंत्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ल ने नगर के सांवरिया पैलेस में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में भाग लिया। ब्राह्मण समाज के आयोजित कार्यक्रम में समाज के बंधूओ ने उपमुख्यमंत्री का भारी स्वागत किया गया। राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने पोकरण में परमाणु बम का सफल परीक्षण किया। कश्मीर में अटल बिहारी वाजपेई,श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कश्मीर में प्रवेश कर धारा 370 का विरोध किया था। केंद्र में काविज नरेंद्र मोदी जी की भाजपा सरकार ने इन बीते 5 वर्षों में ढेर सारे अभूतपूर्व निर्णय लिए गए हैं। जिनमें प्रमुख रूप से कश्मीर से धारा 370 का हटाना,अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कर रामलला की स्थापना कराना,रेलवे स्टेशन एवं लंबे-लंबे हाईवे का निर्माण कराना। राज्य सरकार की ओर से सीएम राइज स्कूल बनाए जा रहे हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने के पहली बार चुनाव हो रहे हैं। जिससे आप सभी लोगों का यहां फर्ज बनता है। इन अविस्मरणीय कार्यों को पूर्ण करने वाली भाजपा सरकार का मनोबल बढ़ाना चाहिए। ब्राह्मण समाज का जन्म देश में सनातन की रक्षा एवं शिक्षा के लिए हुआ है। जिससे सभी सजातीय बंधुओं को भी अपना फर्ज निभाना चाहिए। कांग्रेस ने भगवान श्री राम मंदिर की स्थापना के आमंत्रण को ठुकराने से कई कांग्रेस पदाधिकारी बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। आप पार्टी के राजकुमार पाठक ने भाजपा की सदस्यता ली गई।राजेंद्र मरैया, डॉ मनु शर्मा, बनवारी लाल शुक्ला, अशोक पाराशर, शिवदयाल शांडिल्य,दिलीप शर्मा, विवेक शर्मा,श्रीनिवास त्यागी,मोहन पचौरी, विजय शर्मा, शरद पाराशर,पुष्पराज शर्मा, सुदामा कोठारी, प्रफुल्ल पलिया।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, पीड़ित परिवारजन ने दी जानकारी

**खेत में मिली युवक की लाश, गांव में मचा हड़कंप।।**

कैलारस थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुटियानी हार निवासी मृतक का नाम मावसिया शर्मा पुत्र वंशी शर्मा उम्र 40 वर्ष, घटनास्थल शेरपुर खेतों पर सईद के पास एहरोली रोड, लहौरे त्यागी खेत पर संदिग्ध परिस्थिति में मृतक का शव मिला।। जहां मृतक के शरीर पर मुंह, नाक, कान, आंख खून के धब्बे एवं चोट के निशान पाए गए हैं।

पुलिस का कहना कि कल शाम 6ः00 बजे घूमने के लिऐ घर से बाहर निकले। जिसके बाद घरवालों ने मोबाइल पर फ़ोन लगाए। जो बंद पाया गया। उसके उपरांत आज सुबह गांवों मे भिखारी भीख मांगने लिए आया, जिसने द्वारा सुचना दी, उसके



बाद मौके पर घर परिवार के लोग पहुंचे। उसके बाद पुलिस को सूचना दी, पुलिस मौके पर पहुंची, मृतक के शव को परिवार जनों के साथ पोस्टमार्टम के लिए समुदाय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।। अभी फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी मे जुटी। इस मामले में मृतक के भाई ने पुलिस प्रशासन से कार्यवाही की लगाई गुहार पुलिस ने मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुटी।।

**इनका कहना है।।**

मृतक के चेहरे व गले पर निशान है हमने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है पोस्टमार्टम में क्या आता है उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।।

**सुनील खेमरिया थाना प्रभारी कैलारस**

## सब काम छोड़कर सबसे पहले करें मतदान- राजेश सोनी

*दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान रिपोर्टर/संतोष सिंह चौहान*



लहार नगर के वरिष्ठ समाजसेवी,गौसेवक,राजेश सोनी उर्फ मामा ने सभी देशवासियों से मतदान करने की अपील करते हुए कहा की मतदान महादान है मतदान करना आपका अधिकार। आप अपने अधिकार का उपयोग आवश्यक रूप से करें। उन्होंने कहा मित्रों लोकसभा चुनाव 5 वर्ष के बाद होते हैं । जिसमें हमें एक सुनहरा अवसर मिलता है कि हम अपनी पसंद और जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए सांसद चुनते हैं और यह भी देखते हैं कि बह हमारे देश के विकास में कितना योगदान देता है।जाती, धर्म और राजनीति से ऊपर उठकर हम जिसे अपना प्रतिनिधि चुनते हैं बह कैसा है उसकी छवि कैसी है।साफ सुथरी छवि वाले प्रत्याशी को बेहिचक अपने मतदान का उपयोग करें।आप और हमें मिलकर देश को भ्रष्टाचार मुक्त करना है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए अपने निजी स्वार्थ को त्यागकर हो सकता है संघर्ष करना पड़े।आने बाले चरण में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाना है कम होने से लगता है कि हम अपने अधिकार के प्रति जागरूक नहीं है।यह देश हमारा है इसकी जनता की खुशहाली के लिए आगामी तिथि के मतदान दिवस पर आप अपने परिवार पड़ोसी, मोहल्ले, गांव, शहर के प्रत्येक मतदाता से अनुरोध करें कि मतदान से बड़ा कोई दान नहीं है अतः आवश्यक रूप से सब काम छोड़कर सबसे पहले 7 मई को अपने पास के वूथ पर जाकर मतदान अवस्य करें। लोकतंत्र के हाथ मजबूत करें।

**रेल्वे प्लेटफार्म पर जानें का सीधा रास्ता नहीं पटरी पार कर निकल रहें यात्री,उधर एम.एस रोड़ पर लगता है लंबा जाम**

संवाददाता। जौरा लोकसभा चुनावों की आचार संहिता लागू होने वाले दिन ग्वालियर से जौरा ब्रॉडगेज लाइन पर शुरू हुई मेमू ट्रेन में इस समय सवारियों की संख्या भी भरपूर है हालांकि यह ट्रेन पूर्व में ग्वालियर से सुमावली रेलवे स्टेशन तक चल रही थी लेकिन जौरा अलापुर रेलवे स्टेशन तक मेमू ट्रेन शुरू हो जानें से अब इस ट्रेन में जहां यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ गईं हैं वहीं जौरा अलापुर रेलवे स्टेशन से यात्रा आरंभ व समाप्त करने वाले यात्रियों को भी स्टेशन से मुख्य सड़क मार्ग का सीधा रास्ता नहीं होने के कारण जहां सड़क पर यात्री बस टेंपो ई रिक्शा पकड़ने के लिए रेलवे प्लेटफॉर्म से सीधा रास्ता बाहर निकलने के लिए ना होने के कारण 90 फीसदी यात्री पटरिया पार कर मुख्य सड़क पर आने व सड़क से ट्रेन पकड़ने के लिए प्लेट फार्म पर जा रहें हैं क्योंकि रेलवे द्वारा जो रास्ता प्लेटफॉर्म पर पहुंचने के लिए बनाया गया है वह सांकरा गांव में अंदर एंटर करते हुए बनाया है जो कि मुख्य सड़क से काफ़ी दूर है। ऐसे में मेमू ट्रेन में सस्ता और समय की बचत का सफर करने वाले यात्री रेल्वे स्टेशन पर बनाए गए रास्ते का उपयोग ना करते हुए एमएस रोड़ से घुसकर सीधा पटरिया पार करते हुए सीधा ट्रेन के प्लेट फार्म पर पहुंच जाते है क्योंकि अभी तीन फेरे में अवागमन कर रही मेमू ट्रेन का स्टॉपेज प्लेटफॉर्म एक ही जहां से ग्वालियर के लिए जानें वाली व आने वाली दोनों ही ट्रेन एक ही प्लेटफॉर्म से आ जा रही है। जहां सड़क से स्टेशन के गंतव्य वाले प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के जानें आने का सीधा रास्ता नहीं होने के कारण लोग समय की बचत के लिए दूसरे प्लेट फार्म के ट्रैक को पार कर रहे हैं वहीं ट्रेन के आने जानें के समयों पर भी मुख्य सड़क पर हर बार आधा घंटे पहले से ही जाम लगना शुरू हो जाता है।

**पुस्तक विक्रेता संघ की एक मीटिंग का आयोजन संपन्न हुई, जिसमें संरक्षक बने राजीव गुप्ता, अध्यक्ष बने नीतेश शर्मा**

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट


अंबाह। पुस्तक विक्रेता संघ की एक मीटिंग का आयोजन संपन्न हुई, जिसमें संरक्षक बने राजीव गुप्ता, अध्यक्ष बने नीतेश शर्मा पदाधिकारियों की कार्यकारिणी



की घोषणा की गई।संरक्षक राजीव गुप्ता राजू बुक सेंटर,अध्यक्ष नीतेश शर्मा कटारे ट्रेडर्स, उपाध्यक्ष हरिमोहन अग्रवाल किताब घर,सोनू गुप्ता बालाजी बुक सेंटर, पवन कुमार गुप्ता,शालू बुक सेंटर ,सुदामा गुप्ता पोरसा,सचिव श्री भगवान गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय जैन, कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र गुप्ता पोरसा,सदस्य संदीप गुप्ता,रानू जैन, मनोज गुप्ता, मोहन गुप्ता, महेश चंद्र गुप्ता,संगठन मंत्री शिवराम सिंह तोमर,परमानंद गुप्ता, विष्णु जैन आदि को बनाया गया। इस मौके पर राजीव गुप्ता ने कहा कि सभी पुस्तक विक्रेताओं के बीच मजबूत संबंध बनाने के लिए एवं पालकों के हित कार्य करने का काम करेंगे।

**सीएमओ ने आम नागरिकों से अपील, लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अवश्य करे अपने मत का प्रयोग, सत प्रतिशत हो मतदान इसके लिए किए हमने सभी प्रयास**

मुंगावली / सीएमओ विनोद उन्नीतान ने आम नागरिकों से अपील की है कि अपने मत का प्रयोग अवश्य करें, लोकतंत्र को मजबूत बनाने में आपकी महती भूमिका होती है इसलिए आप सजग और उत्तम नागरिक की परिभाषा समाज में



अंकित करे। उन्नीतन ने कहा कि गर्मी अधिक है हमने मुंगावली में आदर्श मतदान केंद्र भी स्थापित किए है जिसमे उत्तम पानी हवा और सर्वसुबिधा का प्रबंध भी किया है परंतु अवश्य है कि आम नागरिक उसमे अपनी आहुति प्रदान करे, जिस तरह मुंगावली का नाम स्वक्षता में अंकित है उसकी एक परिभाषा अपने मत से संपूर्ण भारत में अंकित कर मुंगावली का नाम बड़े अक्षरों में अंकित हो, पिछले कई दिनों से लगातार नगरपरिषद द्वारा चुनाव में सत प्रतिशत मतदान के लिए हर यथा संभव प्रयास किए गए है जिससे नागरिकों में उत्साह और उमंग देखने को मिली है।

## किसी ने नहीं किया क्षेत्र का विकास तो मजबूरी में हमने रखा राजनीति में कदमः रमेश गर्ग

***बानमोर में आयोजित बसपा की चुनावी जनसभा में उमड़ा जनसैलाब***

***बहुजन समाज पार्टी.. चुनावी जनसभा***

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

मुरैना। हमारे क्षेत्र का कोई विकास अभी तक नहीं हुआ है। हमने सभी सरकारों को देख लिया। डबल इंजन वाली सरकार को भी परख लिया जब किसी ने भी विकास की दिशा में कदम नहीं उठाए तब हमें मजबूरी में राजनीति में उतरना पड़ा है। हमारा उद्देश्य केवल और केवल इस क्षेत्र का विकास करना ही है। यह बात बसपा प्रत्याशी रमेशचंद गर्ग ने बीती शाम बानमोर में आयोजित विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। बसपा प्रत्याशी गर्ग ने कहा कि अब हमने राजनीति में कदम रखा है और इसी उद्देश्य के साथ आए हैं कि यहां की शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर बनाने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार से भी जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि मैं अपनी क्षमता के अनुसार ही



**रमेश गर्ग विकास कराएंगे इस बात से 50 की गारंटी हमारीः रुस्तम सिंह**

बानमोर में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह ने कहा कि रमेश गर्ग वाकई अन्य प्रत्याशियों के मुकाबले में काफी अलग और आपके लिए समर्पित हैं। दमदार और अपनी बात पर अड़ने वाले व्यक्ति हैं जो किसी से डरते भी नहीं है। उन्होंने उपस्थित लोगों में कहा कि उन्होंने क्षेत्र में इंडस्ट्रीज लगाने, शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी जो भी वायदे किए हैं उन्हें जरूर पूरा करेंगे। इस बात की गारंटी हम लेते हैं। उन्होंने कहा कि मायने ये नहीं रखता कि सरकार किसकी है यदि हमारा प्रतिनिधि दमदार होगा तो वह कैसे भी विकास कार्य करा ही लेगा। नहीं जो हमें खरीद सके बल्कि हम ऐसे को खरीदने की हैसियत रखते में गर्ग ने पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि 2003 में जब रुस्तम सिंह पहली दफा चुनाव लड़ने आए थे तब हमने उनका पूरा सहयोग किया जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हुई थी। गर्ग ने बताया कि रूस्तम सिंह ने हमारा यह एहसान इस बार मुझे बसपा से लोकसभा का टिकट दिलवाकर उतार दिया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस ने टिकिट देने से इंकार कर दिया था तब मेरे कहने पर रूस्तम सिंह व उनके पुत्र राकेश सिंह ने ही प्रयास करके बसपा का टिकिट मुझे दिलाया है। मंच से रमेश गर्ग ने उपस्थित जनसमुदाय से एक बार फिर वायदा किया कि राजनीति की शुरुआत बसपा से की है तो इस पार्टी में ही जीवनभर रहूँगा। विकास के वायदे कर रहा हूं. ऐसे हवा-हवाई वायदे नहीं करता जिसे में पूरा नहीं कर सकूं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की जो भी बाते हम कह रहे हैं उसे पूरा करके ही दिखाएंगे। चुनावी सभा में रमेश गर्ग ने कहा कि अभी कुछ लोग यह भी कहते हैं कि भाजपा ने सेठ जी को पैसे देकर चुनाव लड़वा दिया है तो में उन लोगों को बता देना चाहता हूं कि बड़े उद्योग चलाए हैं और हजारों करोड़ों का फायदा नुकसान देखा है।

## लहार विधायक के नेतृत्व में यूवा नेता रणविजय सिंह ने नगर में किया जन सम्पर्क

***फिर एक बार मोदी सरकार,हर हर मोदी घर घर मोदी,के नारो से गुंजा लहार***

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

भिण्ड-दतिया लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय के समर्थन में लहार विधानसभा के यूवा नेता रणविजय सिंह राजावत महुआ ने लहार विधायक अंबरीष शर्मा के नेतृत्व में अपने साथियों एवं लहार मंडल के सेंकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ लहार नगर में संघन जनसंपर्क किया मतदाताओं के घर घर जाकर भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील की जन सम्पर्क से पूर्व भाजपा के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी लहार विधायक के निवास पर एकत्रित हुए और मंडल प्रतिनिधि संजीव चौधरी पत्रकार के द्वारा बनाई गई रुपरेखा अनुसार लहार नगर की गली गली में घर घर जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क किया इस दौरान यूवा नेता रणविजय सिंह राजावत ने लोगों को बताया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार को तीसरी बार भारी



बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को लेकर भिंड दतिया लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय को अपना मत और समर्थन प्रदान करें यूवा नेता रणविजय सिंह राजावत की विनम्र अपील का लोगों पर गहरा असर पड़ा और लोगों ने रणविजय सिंह को भारतीय जनता पार्टी को वोट देने का वचन दिया।

## थाना मुरार पुलिस की वाहन चोर के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही

# थाना मुरार पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को चोरी की मोटर साइकिल व एक्टिवा सहित किया गिरफ्तार

ग्वालियर। दिनांक 04.05.2024 - *पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे)* के निर्देश पर ग्वालियर जिले में वाहन चोरों तथा नकबजनी के अपराधियों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देशों के तारतम्य में *अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य) श्री अखिलेश रैनवाल* द्वारा थाना प्रभारी मुरार को थाना क्षेत्र से चोरी गये वाहनों की बरामदगी कर चोरों को पकड़ने हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के निर्देश दिये गये। दिनांक 03.05.2024 को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना मुरार क्षेत्रातंर्गत माल रोड़ से दिनांक 01.05.2024 को चोरी हुई स्पलेंडर मोटरसायकिल को बेचने की फिराक में एक चोर बाबा गेट आर्मी एरिया से होता हुआ जडेरूआ बांध की तरफ जाने वाला है। उक्त सूचना पर से थाना मुरार पुलिस की एक टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु भेजा गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में *सीएसपी मुरार




श्री राजीव जंगले* के कुशल मार्गदर्शन में *थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक मदन मोहन मालवीय* के द्वारा पुलिस की एक टीम को मुखबिर के बताये स्थान आर्मी एरिया के पास कार्यवाही हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को बाबा गेट आर्मी एरिया के पास मुखबिर बताये हुलिये का एक संदिग्ध व्यक्ति बिना नम्बर की हीरो स्पेलेण्डर मोटरसाईकिल लिये आता हुआ दिखा जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया परन्तु पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये संदिग्ध से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम दुर्गा प्रजापति पुत्र रामजीलाल प्रजापति उम्र 22 साल नि0 नारायण विहार कालोनी जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया। पकड़े गये संदिग्ध से उसके पास से मिली बिना नम्बर की स्पलेंडर मोटरसायकिल के संबंध में पूछताछ की तो उसके द्वारा पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया, जब पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति से गहनता से पूछताछ की तो उसके द्वारा उक्त मोटरसाकिल दिनांक 01.05.2024 को थाना मुरार क्षेत्र माल रोड़ से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा स्पलेंडर मोटरसायकिल को विधिवत जप्त कर उक्त चोर को थाना मुरार के अप.क्र. 269/2024 धारा 379 ताहि के प्रकरण में गिरफ्तार किया गया। थाना मुरार पुलिस द्वारा पकड़े गये चोर से थाना क्षेत्र में हुई अन्य चोरियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई तो उसने दिनांक 28.04.2024 को रामलीला मैदान मुरार से एक एक्टिवा गाड़ी चोरी करना बताया जिसे पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 04.05.2024 को पकड़े गये चोर की निशादेही पर उसके घर नारायण विहार कालोनी से विधिवत जप्त किया गया।

बरामद मशरूकाः चोरी की एक स्पलेंडर मोटरसायकिल, एक एक्टिवा गाड़ी कुल जप्त मशरूका कीमती 40 हजार रूपये।

*सराहनीय भूमिकाः थाना प्रभारी निरी0 मदन मोहन मालवीय, उनि0 ब्रह्मानंद शर्मा, प्र.आर0 कप्तान सिंह, आर0 आरक्षक नीरज यादव, हेमंत कोरकू, सुरेंद्र मंडोलिया, संजय गुर्जर, पंकज तोमर, राजेश परिहार, योगेंद्र सिंह गुर्जर, योगेंद्र सिंह सिकरवार, जय हिंद जादौन सराहनीय भूमिका रही।

# लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी (अ0जा0) से , इंडिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने इन्डिया गठबन्धन के साथियो के साथ किया जनसंपर्क

कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सत्य नारायण गुप्ता बाराबंकी

बाराबंकी 5 मई - 53 लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी (अ0जा0) से , इंडिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने इन्डिया गठबन्धन के साथियो के साथ विधानसभा क्षेत्र रामनगर की न्याय पंचायत सहादतगंज, सुरवारी, बिछ्लखा गणेशपुर में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत दर्जनो गांवो का तूफानी दौरा कर स्थानीय आवाम से जन-संवाद करके इन्डिया गठबन्धन के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

जनसम्पर्क अभियान के दौरान प्रत्याशी तनुज पुनिया ने सहादतगंज, अनूपगंज, वाजिदपुर, घौखरिया, हसनापुर, नहामऊ मलौली, पलौली, विरौली, अशोकपुर, मलिहामऊ, महंगूपुर, पूरे किन्हौली सुरवारी, डीह, भागीरथपुरवा, सिरौलीकला, कांपफतेउल्लापुर, सुल्तानापुर, भैसुरिहा, सीहामऊ, भवानीगंज, बिछ्लखा नथनापुर, रामपुर महासिंह, मरौचा, सिलौटा, सिरकौली, सुरजूपुर, गणेशपुर, बडनपुर, सोहई, तप्पेसिपाह, दुर्गापुर, सिसौडा, लहडरा, बहलोलपुर गांवो में व्यापक जनसम्पर्क कर दर्जनो जगह जनसंवाद कार्यक्रम के तहत चौपालो का आयोजन कर आवाम की समस्याओ को सुना इस दौरान ग्रामीणो ने जगह-जगह तनुज पुनिया को माला पहनाकर जोरदार स्वागत करके विजयी होने का आर्शीवाद दिया।



जनसम्पर्क अभियान के दौरान इन्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि भाजपा सरकार में देश की जनता, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से पीडित है लेकिन उसकी ओर ध्यान देने वाला कोई नही है इलेक्ट्रो बांड घोटाला ने साबित कर दिया कि भाजपा की सरकार लूट और झूठ की सरकार है भाजपा सरकार की नीतियो और मोदी के फैसलो से देश की जनता परेशानी और संकट में है इससे निजात पाने के लिये देश से भाजपा सरकार जाना नितान्त आवश्यक है।

कांग्रेस पार्टी के घोषणा न्याय पत्र पर चर्चा करते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि हमारा चुनाव घोषणा पत्र एक ऐसा ऐतिहासिक दस्तावेज है जिसने सत्तारूढ भाजपा की नींद उड़ा दी है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी देशभर में 25 लाख तक निशुल्क इलाज कैशलेस बीमा योजना लागू करेंगे, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देगें, महंगाई पर लगाम लगाएंगे, आरक्षण पर 50 प्रतिशत की पाबंदी को हटाएंगे, डिग्री धारक बेरोजगार नौजवानों को 1 लाख सालाना देंगे, गरीब परिवार की एक महिला को 1 लाख सालाना देंगे, 30 लाख लोगों को तत्काल नौकरी देंगे, विदेश में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए मौलाना आजाद छात्रवृत्ति पुनः लागू करेंगे यही नहीं इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर हम कानून का राज स्थापित करेंगे और बुलडोजर न्याय खत्म करके अपराधी को संविधान एवं कानून के तहत सजा देंगे आपके घरों में खुशहाली आए इस देश का अन्नदाता खुश रहे मां बहनें अपने आपको सुरक्षित महसूस करे इसके लिये मै आपसे अनुरोध करने आया हूं कि 20 मई की तारीख को हाथ के पंजे के निशान का बटन दबाकर आप अपने हाथों को मजबूत बनाएं आपका आशीर्वाद से यदि मेरी जीत हुई तो मैं अपने किसी वादे से पीछे नहीं हटूंगा और विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोडूंगा।

जन संवाद जनसंपर्क अभियान के दौरान सौरभ पांडेय, अनिल यादव, अताउ रहमान अंसारी, अवधेश यादव, हरिनाथ यादव, पंकज शुक्ला, सचिन त्रिपाठी नेकचन्द्र त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, रामानुज यादव, अखिलेश यादव, के0डी0 खान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी रामनगर, बृजेश गौतम ब्लाक अध्यक्ष समाजवादी पार्टी रामनगर, रामकुमार रावत, अश्वनी रावत विजय बहादुर लोधी रामसेवक रावत सहित दर्जनों की संख्या में इंडिया गठबंधन के साथ मौजूद थे।



# किसान मोर्चा के सम्मेलन को सफल बनाएं कार्यकर्ता : पवन मिश्र

दुर्गेश्वर सोनी केसरिया हिन्दुस्तान

ब्यूरो चीफ देवरिया

भाटपार रानी,देवरिया।भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वाधान में दस मई को भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाले किसान सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल एवं संचालन हृदय लाल शर्मा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि किसान मोर्चा के सम्मेलन को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से लग जाए। केन्द्र की मोदी एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने किसानों के हित में ऐतिहासिक कार्य की है जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है। विधानसभा प्रभारी अजय उपाध्याय ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने किसान सम्मन निधि के माध्यम से किसानों को सालाना ?6000 देने का कार्य कर रही है। भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने कहा कि कहां की सरकार के द्वारा किसानों के हित में जो कार्य किए गए हैं उसे किसानों के बीच में जाकर बताने की जरूरत है। बैठक में प्रमुख रूप से सुरेश तिवारी, कन्हैयालाल जायसवाल,अजय दूबे वत्स,रविशंकर मिश्र,अनूप उपाध्याय,मुकेश राय,मंटू यादव,अनिल शाही,सुमन्त चतुर्वेदी, डॉ0 विनोद कुमार पाण्डेय,शशि रंजन तिवारी,ओमप्रकाश विश्वकर्मा, धर्मबीर सिंह,गब्बर दूबे,भानु प्रताप सिंह,आनंद पियूष उपाध्याय, राजेश गुप्ता, रामेश्वर सिंह, ज्ञानचंद कुशवाहा, जय नारायण शर्मा, शुभंजय सिंह, अमित शाही, मंटू पटेल, देव मौर्य, सुनील कुमार, धनु ठाकुर, संतोष पटेल, अभिषेक मिश्रा, सुमंत कुशवाहा उपस्थित थे।



## भाजपा ने हसौद में निकाली गई नारी वंदन अभिनंदन रैली

हसौद। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन अभिनंदन रैली दिनांक 5 मई को हसौद नगर में निकल गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।हसौद के हर गली मोहल्ले में घूमती हुई आमसभा कार्यक्रम के बाद समाप्त हुई। सभा को भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि 7 मई को कमल छाप में बटन दबाए, ताकि मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया जा सके, जिससे हमारा देश विकसित देश हो सके और मोदी जी विकसित भारत का संकल्प पूरा हो। आगे कहा कि मोदी जी ने महिला शक्तिकरण के लिए अनेकों कार्य किया हैं जैसे महतारी वंदन योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना जैसे कई योजना चलाया मोदी जी के नेतृत्व में चलाया गया है। महिलाओं के सम्मान और उनके उत्थान में करने वाले मोदी जी को इस चुनाव में कमल छाप के बटन दबाकर विजई बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, उपाध्यक्ष गोपी सिंह ठाकुर, सुश्री सुशील सिन्हा, हसौद की महिलाएं सहित भाजपा के जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## देश की महिलाओं का भरोसा मोदी

# नारी सशक्तिकरण के लिए मोदी ने लिए ऐतिहासिक फैसले.. अनुपमा जायसवाल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता

भाजपा महिला मोर्चा का सम्मेलन आयोजित।

बाराबंकी।पूर्व मंत्री अनुपमा जायसवाल ने कहा कि विगत दस वर्षों में देश की महिलाओं के सशक्तिकरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए।कहा बहन बेटियों की सुरक्षा और सम्मान में लिए गए फैसलों की वजह से देश की आधी आबादी का भरोसा प्रधानमंत्री मोदी पर है। ये मोदी की गारंटी ही है कि तीन दशक से लंबित नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पारित हो सका।अनुपमा जायसवाल रविवार को शहर के एक निजी लॉन में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं।उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के पारित होने से सदन में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी।कहा इसके अलावा नरेन्द्र मोदी की सरकार ने महिलाओं के संपूर्ण विकास के लिए कई अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। भाजपा ने महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रख उज्जवला योजना की शुरुआत की, 2014 और 2017 से पहले की सरकारों की बदहाल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने का काम किया। गुंडों माफियाओं और रोड साइड रोमियो पर नकेल कसी।जिसके चलते भयमुक्त वातावरण का निर्माण हुआ। नतीजा यह हुआ कि बहन बेंटियां बिना डरे घर से बाहर निकल रही है।



उन्होंने कहा भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं ने महिला उद्यमियों को बढ़ावा दिया। गांव की करोड़ो बहनों को लखपति दीदी बनाने पर जोर दिया गया । कांग्रेस पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि 60 साल तक देश को लूटने वालों को देश की जनता सबक सिखाएगी।गरीबी हटाओ का नारा देने वालों ने एक परिवार के अहंकार और स्वार्थ के लिए देश में इमरजेंसी लागू करके करोड़ों देश वासियों को प्रताड़ना दी। कहा कि देश की महिलाओं ने एक बार फिर से केंद्र में भाजपा सरकार का गठन करने का जो संकल्प लिया है वह अवश्य पूरा होगा।विशिष्ट अतिथि एवम क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्वेता सिंह ने कहा कि 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में मातृ शक्ति ने नरेन्द्र मोदी का साथ दिया था। मोदी की गारंटी से देशवासियों के जीवन को आर्थिक और सामाजिक समानता का अवसर प्राप्त हुआ है उससे आनंदित होकर जनता 400 पार के नारे को हकीकत में बदलने जा रही है।

भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने कहा कि देश को पहला ऐसा प्रधानमंत्री मिला जिसने महिलाओं के विषय में सोचा और उन्हें बराबरी का दर्जा दिया।कहा राष्ट्पति से लेकर पंचायत तक महिलाओं को अवसर उपलब्ध कराए। इस दौरान महिलाओं के नारों से लॉन का सभागार गूंजता रहा।सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं ने भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया।संचालन महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रामेश्वरी त्रिवेदी अभूतप किया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, डॉक्टर रामकुमारी मौर्य,रचना श्रीवास्तव,सरिता सिंह,अंजू चंद्रा,आरती रावत,लकी सिंह,नीतू रावत ,प्रियंका पाठक, रूपा मिश्रा,नीता अवस्थी, नेहा सिंह आनंद,शशि सिंह, सविता रावत, सरिता वर्मा मौजूद रहीं।

# केएम विवि ने किया ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन समिट का आयोजन




### नई शिक्षा नीति-20 से जिले के प्रधानाचार्यों को कराया अवगत

### शिक्षा और विद्या साथ मिले तो सफलता की राह आसान - किशन चौधरी

### संसार में जो भी परिवर्तन होते है वह शिक्षा से होते हैं - डीएस चौहान

### शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षक होते हैं राष्ट्र निर्माता - डा. शरद अग्रवाल

मथुरा। शिक्षा न केवल ज्ञान प्रदान करती है बल्कि किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी आकार देती है। कुछ शिक्षण संस्थान है, जो कक्षाओं में पारंपरिक तरीके से सीखने की प्रक्रिया से हटकर है और आपको एक व्यक्ति के रुप में विकसित करने में मदद करते हैं, लेकिन कुछ संस्थानों ने शिक्षा को व्यवसाय बना लिया है, जो गलत है। शिक्षा और विद्या एक साथ मिले तो आप सफलता की राह पर अग्रसर होते रहेंगे। यह बात केएम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन समिट को संबोधित करते हुए कुलाधिपति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कही। केएम विश्वविद्यालय ने मथुरा मंडी समिति के समीप एक होटल में ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन समिट का सेमीनार का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि डा. एपीजे अब्दुल कलाम टैक्नीकल विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व वाईस चांसलर प्रोफेसर डा. दुर्ग सिंह चौहान तथा मुख्य संरक्षक केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी रहे। इस अवसर पर विवि के वाईस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, रजिस्ट्रार पूरन सिंह ने मंच साझा किया। मुख्य अतिथि प्रो. डा. दुर्ग सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है, शिक्षा पर जितना खर्च किया जाएं वह कम है, शिक्षा ही हमें हर मुकाम पर पहुंचा सकती है। संसार में जो भी परिवर्तन होते है वह शिक्षा से होते है। शिक्षा साहस देती है तथा विद्या अमृत प्रदान करती है। वर्तमान समय में संस्कार विलुप्त होते जा रहा है, इसलिए आवश्यकता है संस्कारयुक्त शिक्षा की। मुख्य संरक्षक केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी कहा कि शिक्षा का व्यवसाय न बनाए बल्कि नई शिक्षा नीति में जो परिवर्तन हुए हैं, उनको अंगीकार करके विकसित भारत निर्माण करें, उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार होना जीवन के लिए बहुत जरूरी है, विदेशी लोग आज भारत में आकर हमारी संस्कृति अपना रहे है और हमारी बहिन बेटियां विदेशी संस्कृति की ओर आकर्षित हो रही है। संसार में अज्ञान से बड़ा कोई कष्ट नहीं है। हमारे विश्वविद्यालय में फ्री शिक्षा और फ्री चिकित्सा दी जा रही है। जहां संस्कार, विद्या और शिक्षा जहां बैठेगी वहां तरक्की ही होगी। प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल ने सभी प्रधानाचार्यो एवं शिक्षा के गुरुओं को राष्ट्र निर्माता कहकर संबोधित किया। शिक्षा देने वाले गुरु ही होते है जो छात्राओं को नया जीवन देते हुए उनका कैरियर बनाते है। इसी प्रकार से सेमीनार को विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, विवि के एडवाइजर एसके गोस्वामी ने संबोधित किया है। इस दौरान वहां मौजूद सभी प्रधानाचार्यों को शॉल उढ़ाकर केएम विवि की ओर से सम्मानित किया।

इससे पूर्व समिट का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो (डा) दुर्ग सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रो. वाइस चांसलर, रजिस्ट्रार ने संयुक्त रुप से सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। विवि के डीन डा. धर्मराज सिंह ने वहां मौजूद आंगुतकों को केएम विश्वविद्यालय के इतिहास से अवगत कराया, इसके पश्चात विवि के रजिस्ट्रार पूरन सिंह ने विवि में छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाएं एवं विभिन्न कोर्सों से अवगत कराया और सुझाव भी मांगा। इस अवसर पर मथुरा जिला शिक्षा संघ के वित्त पोषण टीम में निरंजन सिंह सोलंकी प्रबंधक रामदुलारी इंटर कालेज ओल, पुष्पेन्द्र सिंह चौधरी चरणसिंह इंटर कालेज फोंडर, समुन्द्र सिंह, डा. अजय कृष्ण सारस्वत, डा. सुरेश चंद तौमर, डा. मनवीर, डा. अनिल छौंकर, डा. शालिनी अग्रवाल, डा. दीपा चौधरी, डा. राधा भारद्वाज, डा. कमल कौशिक, डा. कमल गौड़, जयवीर, सत्येन्द्र उपाध्याय, अमर सिंह, डा. रेखा शर्मा, डा. प्रियंका, डा. अनीता गौतम, अमर सिंह, हरिश्चन्द्र, डा. निखिल अग्रवाल, डा. अमर सिंह, सत्येन्द्र सिंह ठाकुर, चन्द्रभान यादव जयवीर सिंह, बदन सिंह, राजवीर सिंह, रामवीर सिंहका विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा शिक्षा संघ के पदाधिकारी अजय पचौरी, बिजेन्द्र कुमार उपाध्याय, आनंद शर्मा, मनोज छौंकर, शिव कुमार, नरेन्द्र गुप्ता, महेश सोनिया, प्रिमिला सिंह, खुश्बू चख, डा. छाया सिंह, डा. शिवाजी के अलावा प्रधानाचार्य अजय कृष्ण सारस्वत -डा. कमल कौशिक, चन्द्रभान यादव, डा. गिर्राज सिंह, सुरेश चंद तौमर, डा. केके गौड, निखिल अग्रवाल, डा. प्रियंका वृंदावन, डा. अलका दीप, डा. संध्या अग्रवाल, डा. रश्मि सिंह, डा.कविता सक्सैना, डा. मीना अग्रवाल, डा.रेनू वाला, डा. प्रिया जैन आदि सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# संस्कृति विवि में शुरू हुआ कानूनी सहायता क्लीनिक

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज द्वारा अपना कानूनी सहायता क्लिनिक शुरू किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि कानूनी सहायता के क्षेत्र में यह क्लीनिक एक मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री सौम्या आनंद, सहायक अभियोजन अधिकारी बिहार और प्रवर्तन निदेशालय में पूर्व कानूनी सलाहकार ने समाज के सभी वर्गों के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने में कानूनी सहायता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल आफ लॉ एंड लीगल स्टडीज द्वारा किया गया यह कार्य बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि न्याय चाहने वाले किसी भी व्यक्ति को कानूनी सहायता यदि समय पर मिल जाए तो इससे बड़ा कोई कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि समाज में बहुत सारे लोग हैं जिन्हें अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी नहीं होती, बहुते से ऐसे हैं जो जानकारी तो रखते हैं लेकिन उन अधिकारों के लिए अपने इन अधिकारों की रक्षा के लिए सहज कानूनी सहायता नहीं मिलती। ऐसे लोगों की मदद के लिए यह क्लीनिक बहुत बड़ी मदद साबित हो सकता है।

सुश्री सौम्या आनंद ने न्याय और समानता को बनाए रखने के लिए कानूनी पेशेवरों की नैतिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने कानूनी सहायता क्लिनिक स्थापित करने की पहल के लिए संस्कृति विश्वविद्यालय की सराहना की और छात्रों से कानूनी सहायता गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सौम्या आनंद ने स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के छात्रों के साथ प्रश्नावली सत्र में भी भाग लिया। इस सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए अनेक सवाल पूछे, जिनका मुख्य अतिथि ने संतुष्टिपूर्ण जवाब भी दिया और विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि की।

कानूनी सहायता क्लीनिक के उद्घाटन समारोह की शुरुआत एसएलएलएस, संस्कृति विश्वविद्यालय के डीन प्रोफेसर हरि मोहन मित्तल के उद्घाटन भाषण से हुई, जिन्होंने वंचित समुदायों को कानूनी सहायता प्रदान करने और जनता के बीच कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने में कानूनी सहायता क्लीनिक के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृति विश्वविद्यालय में कानूनी सहायता क्लीनिक का उद्देश्य कानूनी सेवाओं और समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों के बीच अंतर को पाटना है। यह क्लीनिक कानून के छात्रों के लिए निःशुल्क कानूनी सेवाओं के माध्यम से समाज के कल्याण में योगदान करते हुए व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। उद्घाटन समारोह संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की सहायक प्रोफेसर सुश्री समीक्षा पांडे द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ संपन्न हुआ, जिसमें सुश्री सौम्या आनंद को उनके व्यावहारिक व्याख्यान के लिए और सभी उपस्थित लोगों को स्थापना के प्रति उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया गया।



संस्कृति विवि में स्कूल आफ लॉ एंड लीगल स्टडीज द्वारा शुरू किए गए कानूनी सहायता क्लीनिक का शुभारंभ करतीं मुख्य अतिथि अभियोजन अधिकारी बिहार और प्रवर्तन निदेशालय में पूर्व कानूनी सलाहकार सुश्री सौम्या आनंद।

# धार के कुक्षी में कांग्रेस और हनी बघेल को जोर का झटका

## *पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, वर्तमान विधायक प्रतिनिधि राजू शर्मा,कमल पटेल ने थामा अपने समर्थको के साथ कमल*

## *100 वाहनों के काफिले के साथ पहुँचे भाजपा में शामिल होने*

इंदौर संभाग ब्यूरो - लोकसभा चुनावों के बीच शनिवार को कांग्रेस को धार जिले की कुक्षी विधानसभा में जोर का झटका जोर से लगा है उसके मजबूत गढ़ डही क्षेत्र के कद्दावर नेता ओर विधायक प्रतिनिधि पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बडवान्या के राजू शर्मा ओर कमल पटेल कोई 800 ग्रामीणों अपने समर्थकों के साथ प्रदेश के कद्दावर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के समक्ष भाजपा में शामिल हो गये है।राजू शर्मा ओर कमल पटेल के भाजपा में शामिल होने के बाद माना जा रहा है कि कांग्रेस का कुक्षी विधानसभा में वोटो का मजबूत किला गिने जाने वाला गढ़ लोकसभा में ढह जाएगा।ज्ञात हो राजू शर्मा कुक्षी विधानसभा मे स्व जमुनादेवी से लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ वर्तमान तीन बार के विधायक और पूर्व मंत्री हनी बघेल के इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में झंडा बरदार रहे है और डही क्षेत्र में राजू शर्मा की गाँव-गाँव के फलियों फलियों में पकड़ है इसलिए आज उनके साथ अनेक बड़े आदिवासी नेतागण भी भाजपा में चले गये।

धार महू लोकसभा चुनाव प्रत्याशी श्रीमती सावित्री ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील एंव कार्यकर्ताओं को संबोधित करते के लिए प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कुक्षी पहुंचे पुरानी कृषि उपज मंडी प्रांगण में कार्यकर्ता सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के अंदर भ्रष्टाचार और गरीबी समाप्त करने के लिए मोदीजी द्रढ संकल्पित है आरक्षण पर



कांग्रेस एसटी एससी वर्ग के साथ छलावा कर रही है कांग्रेस के राज्यों में एसी एसटी के कोटे से मुस्लिम को 4 प्रतिशत आरक्षण देने का काम कर रही।पूर्व मंत्री राजवर्धन सिह दत्तीगाँव,सावित्री ठाकुर,अक्षय बम,विनोद शर्मा,राजू शर्मा के साथ जयदीप पटेल ने स्वागत भाषण दिया।संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश धाड़ीवाल ने किया।

### 800 कांग्रेसी जिनमे पूर्व पदाधिकारी, पूर्व सरपंच सहित ग्रामीणजन हुए शामिल

राजू शर्मा के साथ ही डही क्षेत्र के कोई 800 कांग्रेस के जमिनी कार्यकर्ताओ ने भी कांग्रेस और हनी बघेल को बाय बाय कहते हुए भाजपा में प्रवेश ले लिया है इसी के चलते लोकसभा चुनावों में प्रदेश में कांग्रेस तोड़ू दस्ते के प्रमुख कैलाश विजयवर्गीय ने धार लोकसभा में भी कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए जिले में विधानसभाओं के साथ लोकसभा चुनावों में भी सबसे ज्यादा लीड दिलाने वाली कुक्षी विधानसभा के साथ कुक्षी विधायक हनी बघेल जो दिग्विजय सिंह समर्थक है को बड़ा झटका दिया है।

गोपालकृष्ण राजु शर्मा के साथ सैकड़ो कांग्रेसियों ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाष विजयवर्गीय, पूर्व मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, सांसद प्रत्याषी सावित्री ठाकुर, गजेन्द्रसिंह राजुखेड़ी,सभा के प्रभारी राजेश अगाल,बनेसिंह जवरा की उपस्थिति में कुक्षी में आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए, इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने उन्होनें और उनके समर्थकों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और पार्टी में उनका स्वागत किया।

### *राम मंदिर का प्रस्ताव ठुकराने पर दिल टूटा,इसलिए छोड़ी कांग्रेस*

इससे पूर्व शनिवार को सुबह श्री शर्मा ने कांग्रेस से अपनी प्राथमिक सदस्यता और पार्टी के धारित समस्त पदों से इस्तीफा कांग्रेस जिलाध्यक्ष और क्षेत्रीय विधायक को भेजा था। उल्लेखनीय है कि इस मौके पर भाजपा में शामिल हुए कांग्रेसी नेता राजु शर्मा वर्तमान में कांग्रेस में किसान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष और जनपद पंचायत डही में विधायक प्रतिनिधि का दायित्व संभाल रहे थे।

कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए राजु शर्मा से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि वे सन् 1994 से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए थे, तब से लेकर आज तक उन्होनें कांग्रेस पार्टी में अनेक जिम्मेदारियों को ईमानदारीपूर्वक निभाया है, इस दौरान वे ब्लॉक युवक कांग्रेस के अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। कई चुनाव जिसमें पंचायत चुनाव, विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव शामिल है, उसमें उन्होनें क्षेत्र में महती भुमिका निभाकर कांग्रेस पार्टी को जीत दिलवाने का काम किया है, यहां तक की पार्टी की ओर से दिये गये प्रत्येक आदेष का बगैर किसी पद या ओहदे की लालसा किये उन्होनें एक सिपाही के तरीके से पालन किया, परन्तु विगत दिनों अयोध्या में हुए प्रभु श्रीराम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का जिस प्रकार से अघोषित रूप से कांग्रेस के बड़े नेताओं ने बहिष्कार किया, उससे वे काफी दुःखी और व्यथित थे, साथ ही उन्होनें बताया कि कुछ समय से कुक्षी विधानसभा में कांग्रेसी पार्टी चाटुकारों का अड्डा मात्र बनकर रह गई है, यहां आम कांग्रेसी कार्यकर्ता की कोई हैसियत , उपेक्षित करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। इन्हीं तमाम बातों से आहत होकर उन्होनें आज कांग्रेस पार्टी छोड़कर अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है।

शर्मा ने यह भी बताया कि क्षेत्र में उनके समर्थकों की संख्या 20 से 25 हजार है, फिलहाल लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के मद्देनजर इस कार्यक्रम में सिर्फ महत्वपूर्ण समर्थकों के साथ उन्होनें भाजपा की सदस्यता ली है, परन्तु अन्य समर्थकों को जल्द ही गांव गांव जाकर भाजपा की सदस्यता दिलवाये जाने के काम को अंजाम दिया जाएगा। कुछ बड़े कांग्रेसी और भी अभी बाकी है, जो आगामी 4-8 दिनों में भाजपा में शामिल होंगे।

शर्मा के भाजपा में शामिल होने पर क्षेत्रीय भाजपा नेता प्रदेष मंत्री जयदीप पटेल ने कहा कि आज पार्टी में शामिल हुए राजु शर्मा क्षेत्र के दमदार नेता है, क्षेत्रभर की जनता में उनका महत्वपूर्ण प्रभाव है, हम लम्बे समय से पार्टी की नीतियों से अवगत कराकर पार्टी से जुड़ने का आग्रह कर रहे थे, जिसे उन्होने आज स्वीकार कर हमें उपकृत किया है, निष्चित रूप से उनके भाजपा में शामिल से भाजपा के वोट बैंक में क्षेत्र में वृद्धि होगी।

### *गजेंद्र सिंह,जयदीप लेने गये थे,100 वाहनों के ख़फ़ीले के साथ सभा स्थल आये राजू-कमल*

कांग्रेस छोड़ चुके राजू शर्मा और कमल पटेल को लेने पूर्व सांसद भाजपा नेता गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी ओर जयदीप पटेल उन्हें लेने गये थे तो दोनो ही नेता राजू शर्मा और कमल पटेल लगभग 100 वाहनों के काफिले के साथ कृषि उपज मंडी सभा स्थल पहुँचे ओर वही भाजपा की सदस्यता ली।नगर में इतने बड़े वाहनों के काफिले की चर्चा रही कि धार जिले में पहली बार इस तरह भारी भीड़ ओर वाहनों के काफिले से कांग्रेस नेताओं ने भाजपा में शामिल हुए।

### *जयदीप पटेल का कद फिर बढ़ा*

प्रदेश भाजपा मंत्री जयदीप पटेल का कद एक बार फिर बढ़ गया हे उनके नेतृत्व में डही,निसरपुर ओर कूक्षी क्षेत्र के बड़ी संख्या में कांग्रेसजन कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए है।

### *विजयवर्गीय, दत्तीगाव ओर सावित्री के समक्ष ली सदस्यता*

इस अवसर पर बंटी शर्मा ने सभी अतिथियों को भगुआ कलर की जैकेट पहनाई तो राजू शर्मा,कमल पटेल,हीरा मण्डलोई सहित अनेक ने भाजपा की सदस्यता ली।

## मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद का मनावर विकासखंड में गांव गांव मतदाता जागरूकता अभियान

इंदौर संभाग ब्यूरो- मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वार विकासखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान में मनावर विकासखंड के सभी गांव में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां नवांकुर संस्थाए सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राएं व मेंटर्स के द्वारा गांव-गांव पहुंचकर महिलाओं व पुरुषों को आने वाली 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के संबंध में अधिक से अधिक मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कहीं पर रैली निकाल कर तो कहीं पर मेहंदी बनाकर तो कहीं पीले चावल देकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है साथ ग्रामीणों को शपथ के माध्यम से अपने बहुमूल्य मतदान का महत्व बताया जा रहा है इसी प्रकार आज 5 मई को मनावर विकासखंड के चिकली सेक्टर मनावर सेक्टर अजंदा सेक्टर खंडलाई सेक्टर इत्यादि सेक्टरों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी प्रकार सिंघाना सेक्टर के ग्राम पिपलाज ग्राम एक्कलबारा कवठी में नवांकुर संस्था व मेंटर व सीएमसीएलडीपी छात्रों के द्वारा ग्राम की महिला व पुरुषों को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए शपथ समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विकासखंड समन्वयक भुवानसिंह गेहलोत गांव के जन प्रतिनिधि सरपंच भेरू सिंह प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष शिवपाल जी तोमर नवांकुर संस्था सिरसी सत्यवीर तेजाजी समिति अध्यक्ष सावन जाट जगदीश भवेल शिवराम मंडलोई मेंटर्स दुर्गा सोलंकी पन्नालाल वास्केल मनोहर मंडलोई सीएमसीएल डीपी छात्रा श्रीमती गायत्री क्काले साथ ग्राम के पुरुष महिलाओं की सहभागिता रही।




## शिवसेना जिला अध्यक्ष राहुल कुमार जोशी एवं अपने साथियों के साथ समस्त लोगों से अपील की शिवसेना ने किया बीजेपी को जीतानै की अपील

जिला ब्यूरो चीफ नीरज दुवै

विदिशा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर उनके नेतृत्व वाली शिवसेना की मध्य प्रदेश इकाई के विदिशा जिला अध्यक्ष श्री राहुल जोशी जी ने भाजपा को लोकसभा चुनाव में समर्थन देने की घोषणा की है। शिवसेना जिला कार्यालय से जिलाध्यक्ष श्री राहुल जोशी जी ने जिले के सभी लोकसभा सांसद प्रत्याशी को चुनाव में सभी सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की है। पार्टी की मध्य प्रदेश इकाई के विदिशा जिलाध्यक्ष श्री राहुल जोशी जी के आदेश पर जिला कार्यालय अध्यक्ष श्री दीपक मैथिल जी ने इस संबंध में जिले के सभी कार्यकर्ताओं को पत्र भेजा है। एंव आज दिनांक 05/05/2024 दिन रविवार



को दोपहर 2 बजे जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता रखी। जिला अध्यक्ष राहुल जोशी जी की उपस्थिति में जिला कार्यालय अध्यक्ष दीपक मैथिल ने सभी कार्यकर्ताओं एंव मतदाताओं से अपील की है कि 07/07/2024 को अधिक से अधिक संख्या में मतदाताओं को घर से निकले और भाजपा के समर्थन में वोट दे इस बीच शिवराम रघुवंशी आशीष मालवीय जी वीरू कुशवाहा जी सौरभ लवारिया जी विशाल जैन आशु चौबे निखिल साहू विशाल सेन आकाश वाल्मीकि जी करनसिंह ढाकुर जी विशाल जाटव अनिकेत अहिरवार जयंतसिंह राजपूत जी रामस्वरूप जाटव एंव अन्य कार्यकर्ता उपास्थित रहे

## म.प्र.जनअभियान परिषद के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

सत्यनारायण बैरागी पत्रकार भानपुरा 9074859572

भानपुरा- मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम विकासखंड भानपुरा में प्रति रविवार आयोजित होने वाली बी.एस. डब्ल्यू. व एम. एस. डब्ल्यू. कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत शत प्रतिशत मतदान की समझाइए दी गई,तथा




साथ ही विद्यार्थियों द्वारा अपने अपने प्रयोगशाला गांव में स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। प्रति रविवार को आयोजित होने वाली कक्षा के दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों द्वारा वाहनों पर स्टीकर लगाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद भानपुरा सीएमओ अशफाक खान और विकासखंड भानपुरा के परामर्शदाता अनिल कुमार बागड़ी, लोकेश कुमार जांगड़े, शिवाजी बम्बोरिया, जगदीश मिश्रा, ललित प्रजापति और छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# कुक्षी को जिला बनाने की मांग का प्रस्ताव पत्र केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को सोपा

### प्रशासनिक दृष्टि व जनसामान्य की सुविधा को देखकर कुक्षी को जिला बनाए

### निसरपुर, बाग को तहसील, टांडा व सिंघाना को ब्लॉक और इनमें नगर परिषद, पुलिस थानों की संभावनाएं है

इंदौर संभाग ब्यूरो - मध्यप्रदेश के बड़े जिलों में शुमार धार की बड़ी तहसील कुक्षी को जिला बनाने की मांग बरसो से करते हुए आंदोलनरत है।

प्रदेश के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के कुक्षी नगर आगमन पर ÷कुक्षी जिला बनाओ आंदोलन÷ प्रमुख सोमेश्वर पाटीदार ÷जनादेश सरकार÷, रोहित भावसार, आनंदीलाल पाटीदार, विजय नातू आदि ने मांग प्रस्ताव पत्र सोपा। प्रदेश भाजपा मंत्री जयदीप पटेल, भाजपा नेता रमेश धाडीवाल आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कुक्षी डही के अंतिम छोर से वर्तमान जिला मुख्यालय धार की दूरी लगभग 170 किमी है।

आरएसएस के कार्यो की दृष्टि से जिला कुक्षी को जिला बनाने की मांग हेतु जनसहयोग, समर्थन से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लगातार शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करवाते आ रहे है। उक्त विचार कुक्षी जिला बनाओ आंदोलन द्वारा सोपे गए मांग प्रस्ताव पत्र में उल्लेखित है। पत्र में उल्लेखित है कि, क्षेत्र की जनता ने हस्ताक्षर अभियान, पोस्ट कार्ड अभियान, रैली, साइकल यात्रा, मौन, खून से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग, 1 वर्ष से अधिक धरना प्रदर्शन, कुक्षी सहित क्षेत्र के विभिन्न नगरों का व्यापार बंद कर व्यापारियों का



समर्थन, आमरण अनशन कर चुके और क्षेत्र के सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संगठनों के समर्थन पत्र सहित बिंदूवार जानकारी का मय नजरी नक्शा मांग प्रस्ताव पत्र तत्कालीन मुख्यमंत्री सहित शासन प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों को सौप चुके है।

संभावित कुक्षी जिला 3 विधानसभा क्षेत्र कुक्षी, गंधवानी, मनावर से बनाया जाए। जिसमें 4 तहसीले, 7 ब्लॉक कुक्षी, डही, निसरपुर, बाग, गंधवानी, मनावर, उमरबन होंगे।

कुक्षी जिला बनाने के साथ ही इस क्षेत्र में कई संभावित तहसील, ब्लॉक, पुलिस चौकी व थाना, नगर परिषद की जरूरत के अनुसार संभावनाएं है।

जैसे निसरपुर पूर्व से ही ब्लॉक है जिसे तहसील व चौकी से थाना व नगर परिषद बनाए, बाग भी ब्लॉक है उसे तहसील व नगर परिषद बनाए। यहां टप्पा कार्यालय संचालित है, पूर्ण तहसील बनने से प्रशासनिक सुधार होगा।

÷जनादेश सरकार÷ ने कहा - इसी तरह सिंघाना को ब्लॉक व नगर परिषद बनाए। क्षेत्रफल की दृष्टि से टांडा व सिंघाना को ब्लॉक बनाया जा सकता है। कुक्षी जिला भोगलिक रूप से निमाड़ का हिस्सा है, सांस्कृतिक रूप से बोली भाषा में निमाड़ी बहुल है। इस तरह प्रशासनिक एवं जन सुविधानुसार नए जिले के रूप में विकसित करने की संभावनाएं है। जिससे क्षेत्र की विकास की गति बड़ेगी। पूर्व से मध्यप्रदेश शासन द्वारा कुक्षी को जिला बनाने हेतु धार कलेक्टर से जानकारी मांगी गई थी, जिसे प्रेषित कर चुके है। शासन स्तर पर कार्यवाही लंबित है, जिसे गति देकर कुक्षी को जिला बनाने की कृपा करें।

आंदोलन प्रमुख ने विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया है कि, अतिशीघ्र राजनीतिक लाभ हानि से ऊपर उठकर क्षेत्र के विकास हेतु जनहित में कुक्षी को जिला बनाए। हम निर्विकल्प कुक्षी को जिला बनाने हेतु दृढ़ संकल्पित है।

# जलसंकट के चलते तीन गांव के ग्रामीणों ने चुनाव में वोट न डालने का निर्णय लिया, तहसीलदार को दिया आवेदन



ओमप्रकाश परमार, /देवास। 7 मई को विदिशा लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। शासन-प्रशासन और समाजसेवी मतदाताओ से मतदान करने की अपील भी कर रहे है। इसी बीच देवास जिले के खातेगांव विधानसभा के ग्राम मोहाई, नांदोन एवं डाबरी के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान नही करने का निर्णय लिया है। जिसके चलते शासन-प्रशासन के साथ राजनीतिक दलों में हड़कंप मच गया है। मामला सामने जब आया कि ग्रामीण वोट न डालने की सूचना देने कन्नौद तहसीलदार के पास पहुंचे। और आवेदन देते हुए बताया कि हम समस्त ग्रामवासी मोहाई, नांदोन एवं डाबरी के ग्रामीणों ने आपसी सहमति से लोकसभा चुनाव में मतदान न करने का निर्णय लिया। क्योंकि वर्षो से हमारी पेयजल एवं सिंचाई समस्या का निराकरण ना तो जनप्रतिनिधियों ने किया है, और न ही प्रशासनिक अधिकारियों ने इस ओर ध्यान दिया है। जबकि हमारे क्षेत्र से नर्मदा का जल पाइपलाइन के माध्यम से अन्य जिलों में सैकड़ो किलोमीटर दूर ले जाया जा रहा है। और नर्मदा के पास होने के बावजूद हमें किसी भी परियोजना से पीने एवं सिंचाई के लिए पानी नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते क्षेत्रवासी जल संकट एवं आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। समस्या को ध्यान में रखते हुए समस्त ग्राम वासियों ने लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करने का सामुहिक निर्णय लिया है। इस संबंध में नायब तहसीलदार नेहा शाह ने बताया कि आज ग्राम मोहाई, नांदोन और डाबरी के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने के संबंध में आवेदन दिया है। हम आवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को भेजकर ग्रामीणों की समस्या हल करने की कोशिश करेंगे। साथ ही हमने ग्रामीणों से वोट करने की अपील की है। इधर विधायक आशीष शर्मा ने ग्रामीणों से मिलकर वोट करने की अपील की। और कहा कि कुछ लोगो ने ग्रामीणों को भ्रमित किया है। यह हमारा क्षेत्र एक परिवार है। परिवारजनों का गुस्सा करना जायज है। योजनाएं बड़ी बड़ी है काम होने में समय तो लगेगा। यह गांव इस सिंचाई सुविधा से अभी तक वंचित है लेकिन इन सभी गांव की सिंचाई की सुविधा के लिए इसलिए हमने सिंचाई की डीपीआर तैयार करवाई। और उसे स्वीकृत करना शिवराज सिंह चौहान जी का सपना है। विधानसभा के शेष गांव जो सिंचाई परियोजना से वंचित है । उनके खेतों तक 2025- 26 तक सिंचाई का पानी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएंगे। मैंने ग्रामीणों को समझाया है कि वोट करना आपका अधिकार है। ज्यादा से ज्यादा मतदान करवाना आपकी भी जिम्मेदारी है।

## मतदाता पर्चियों का वितरण घर घर जाकर किया*

ज़िला ब्यूरो धार /मो. 9424075866

धार- लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 25 अजजा (धार-महू) ,विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 199 मनावर के सिंघाना स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 166 ,167,168,169,170,171,172 सिंघाना में विवेक राठौड़, धर्मेंद्रसिंह चौहान,सुश्री सरोज कुशवाह,श्रीमति गायत्री सोलंकी,सुश्री माया शर्मा,श्रीमति लिना शिन्दे ,श्रीमति साधना राठौड़ उक्त सातों मतदान केंद्र के बीएलओ के द्वारा मतदाताओं को मतदान करने में सहायता करने वाली मतदाता पर्चियों का वितरण घर घर जाकर किया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को सिंघाना के मतदान केंद्रों के बीएलओ ,बीएलओ सुपरवाइजर ओमप्रकाश राठौड़ एवम सेक्टर ऑफिसर सेक्टर क्रमांक 16 डी कलमे एवम सेक्टर क्रमांक 17 सेक्टर ऑफिसर एम खान के द्वारा 13 मई 2024 सोमवार को होने वाले मतदान मे सवेरे जल्दी मतदान करने की समझाईश दी जाकर अपील की जा रही है कि अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर मजबूत लोकतंत्र में सहभागी बने।

# देवसर उपखंड प्रशासन अब तक मुहैया नहीं करा पाया कचरा निष्पादन की जगह

### कचरे से सना देवसर बाजार,स्वच्छता को लेकर गंभीर नहीं हुए जिम्मेदार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/देवसर- स्वच्छ भारत,स्वस्थ भारत की कल्पना तभी संभव है जब स्वच्छता नगर में कायम रहे।हालांकि ऐसा भी नहीं है कि स्वच्छता के लिए कार्य नहीं किया जा रहा है,दरअसल स्वच्छता कायम रखने तरह-तरह के अभियान भी चलाए जाते रहे हैं इतना ही नहीं बल्कि देवसर नगर में ट्रैक्टर वाहन से कचरा उठाने की व्यवस्था भी की गई थी।वहीं यह जानकर हैरानी भी होगी कि जहां एक ओर स्वच्छता के बेहतरी हेतु कार्य किए जा रहे थे तो दूसरी ओर देवसर खंड प्रशासन की कमियां भी सामने आ रही है।कहा तो ऐसा भी जा रहा है कि कचरा उठाने की व्यवस्था के साथ-साथ कचरा निष्पादन की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए,किंतु ऐसा नहीं है।

### कचरा निष्पादन हेतु जगह सुनिश्चित करने एसडीम को कई बार किया जा चुका है पत्राचार



प्राप्त जानकारी के अनुसार देवसर एसडीएम को कचरा निष्पादन हेतु जगह मुहैया कराने ग्राम पंचायत नौढिया द्वारा कई बार पत्राचार भी किया जा चुका है किन्तु अब तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है, यही कारण है कि देवसर बाजार सहित सब्जी मंडी भी कचरे से पटता जा रहा है।कुछ दिनों तक देवसर नगर से उठने वाला कचरा बाजार के बाहर ले जाकर निष्पादित किया जाता था,किंतु कुछ महीनों पूर्व वहां कचरा निष्पादन पर आसपास के रहवासियों ने रोक दिया था,उसके बाद विकल्प के तौर पर अन्यत्र कचरा निष्पादित किया जाने लगा,लेकिन वह भी फॉरेस्ट की भूमि निकली वहां भी कचरा निष्पादन रोक दिया गया,फिर भी समस्याओं से जूझते हुए कचरा उठाव की व्यवस्था अनवरत जारी रही,लेकिन निष्पादन कहां किया जाए इस पर जिम्मेदारों ने गम्भीरता नहीं दिखाई,जिसकी वजह से इन दिनों देवसर नगर कचरे से सना और पटा दिखाई देने लगा है।बढ़ती गर्मी और अनवरत जमा होता कचरा सभी व्यवसायियों के दिल को झकझोर रहा है।डर तो इस बात का है कि अगर समय रहते कचरा निष्पादन हेतु उचित जगह का प्रबंध नहीं किया गया तो तरह-तरह की बिमारियां भी अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर देंगी। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि जिम्मेदारों को इसकी खबर नहीं है,खबर तो है लेकिन वह जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ने नजर आ रहे हैं।आखिरकार देवसर खंड प्रशासन कचरा निष्पादन हेतु शासकीय भूमि का निर्धारण क्यूं नहीं कर पा रहा है यह समझ से परे है।वहीं स्थानीय जनों ने खंड प्रशासन सहित जिला प्रशासन का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कचरा निष्पादन हेतु अतिशीघ्र जगह सुनिश्चित करने की मांग किया है।

# देखो की अब तक करते आ रहे पाठ-पूजा से आपका अंतर का आंख कान खुल या नहीं खुला

## पांच नाम का नामदान लेकर करोगे तो शिवनेत्र भी खुलेगा और जीते जी प्रभु का दर्शन भी होगा

बडौदा (गुजरात)इस समय के युगपुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि शरीर की मुक्ति तो श्मशान घाट पर हो जाती है लेकिन आत्मा की मुक्ति नहीं हो पाती है। मुक्ति का मतलब इसको छुटकारा मिल जाए। बंधन से यह मुक्त हो जाए। कर्म से यह विहीन हो जाए, कर्महीन हो जाए। पूजहि विप्र सकल गुण हीना। यह रजोगुण सतोगुण तमोगुण से हीन हो जाए और अपने घर अपने वतन अपने मालिक के पास पहुंच जाए। यह लक्ष्य बनाना है हमको-आपको की अपना काम जल्दी से बना लेना है। अपनी जीवात्मा को उस प्रभु में मिला करके दुःख की दुनिया से, संकट से दूर हट जाना है। तो यह कब संभव होगा? जब कोई रास्ता बताने वाला मिलेगा। तो रास्ता बताने वाले, अपने घर पहुंचने वाले भी हमेशा इस धरती पर मौजूद रहते हैं। जैसे अपने गुरु महाराज (बाबा जयगुरुदेव जी) थे। गुरु महाराज इसी काम के लिए इस धरती पर आए थे। उनका यही एक निशाना था कि- हम आए वही देश से, जहां तुम्हारा धाम, तुमको घर पहुंचना, एक हमारो काम। एक लक्ष्य, एक उद्देश्य



की हम तुमको तुम्हारे घर पहुंचा देंगे। आपको भी एक निशान यह बनाना कि अब इस दुख के संसार में दोबारा फिर नहीं आना है। यहां से संकल्प लेकर के आप सब लोग जाओ।

### अब तक आपका अंतर का आंख कान खुला या नहीं खुला?

कुछ लोग ऐसे भी हो जो पहले से गुरु बनाये हुए हो। और उन्होंने कोई न कोई नाम बताया ही होगा। हमको उससे एतराज नहीं है। अभी तक आपने पूजा-पाठ किया या जो भी अभी तक किया, उसका आप देखो फल, रिजल्ट क्या मिला? जीवात्मा परमात्मा का यह जो रिश्ता है, उस रिश्ते के बारे में आपको बोध ज्ञान हुआ या नहीं हुआ? वह प्रभु, जीवात्मा चेतन है। तो इस जीवात्मा से चेतन मिला या नहीं मिला? आपकी अंदर की आंख, अंदर का कान खुला या नहीं खुला? यह देख लो। नहीं तो अब जो बताया जा रहा है, इसको करके देखना। राजस्थान में बहुत बड़े विद्वान थे, अच्छे-अच्छे लोग उनके पास जाते थे। पूजा-पाठ, कर्मकांड कराते थे, पुजारी थे। नामदान लिया तो भजन करने लगे। तो किसी ने पूछा यह क्या करते हो आप? आप वह छोड़कर के इसमें ज्यादा ध्यान देने लग गए। तो या तो यही करो या वही करो। तो बोले वह मैं अपने शरीर के पालन, पेट के लिए करता हूं। हमारे बच्चे जो हमसे जुड़े हुए हैं परवरिश के लिए, उनकी परवरिश के लिए काम करते हैं। और अपनी आत्मा के लिए यह काम करते हैं। अब हमको रास्ता मालूम हो गया है की आत्मा की मुक्ति कैसे होगी। ऐसे जब समझ में आ जाता है आदमी को, तो वह लग जाता है।

### मनुष्य शरीर किस लिए मिला है?

मनुष्य शरीर को किस काम में लेना है? शहंशाह, बादशाह, कुल मालिक, वह जयगुरुदेव धाम का मालिक, वह सतलोक का मालिक, उसको पाने के काम में लेना है। उसका साक्षात्कार करने के लिए यह मनुष्य शरीर मिला है। इस काम में लेना है। वह अगर मिल जाएगा तो समझो सारी चीजें मिल जाएगी। एके साधे सब सधे, सब साधे सब जाए। एक को अगर साथ लोगे तो सब सध जाएगा। जैसे एक-एक दाल पर नहीं बल्कि दाल की भगोनी में ही नमक डालते हैं, ऐसे ही आसानी से सब काम हो जाता है।

# जवा तहसील अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में खराब हैंडपम्प एवं नलजल योजना चालू नही होने से इस भीषण गर्मी में ग्रामीण है परेशान

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

शिकायत पर पीएचई विभाग नही दे रहा ध्यान।रीवा में आराम फरमाते है एसडीओ और कर्मचारी। रीवा जिले के जवा तहसील अंतर्गत कई ग्राम पंचायतो को हैंडपम्प खराब पड़े हुए है और जो शासन की महत्वाकांक्षी नलजल योजना है वो कागजो तक ही सीमित है लेकिन ठेकेदार के द्वारा नलजल योजना चालू होने की बात करते है जहा पर देखा गया की लूक, सितलहा,नगवा,जवा, भक्ता, ऊँचाडीह, महूहाटोला, अतरैला, हरदोली, डभौरा आदि गांवो में नलजल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गई है लेकिन ठेकेदार के द्वारा न ही ठीहा बनाया गया न ही टोंटी लगाई गई,सिर्फ पाइप दिखाई दे रही है लेकिन उन पाइपों से पानी नही निकल रहा है। जवा, डभौरा सहित कई गांवो में पानी की टंकी बनी हुई है कर्मचारी नियुक्त है परंतु कभी उन टंकियों से पानी सप्लाई नही होती है। इसी तरह से गांव गांव में हैंडपम्प खराब है परंतु विभाग के अनदेखी से हैंडपम्प खराब पड़े हुए है। जब इसकी शिकायत पीएचई विभाग रीवा के एसडीओ आरके सिंह और कर्मचारी देवेन्द्र पांडेय को फोन लगाया जाता है तो उनके फोन नही उठाया जाता है और न ही शिकायतों पर अमल किया जाता है जिस बजह से ठेकेदार मनमानी पर उतारू है।

जिसका खामियाजा इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है और पीएचई विभाग के अधिकारी कर्मचारी रीवा में आराम फरमा रहे है। जहा पर कई ग्रामीणों ने बताया की 3 माह से हैंडपम्प खराब है किसी मे हैंडिल, एक्सल, बैरिंग एवं राइजर पाइप खराब है परंतु विभाग के द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है जिस बजह से हम ग्रामीणों को दूसरे के बोर का सहारा लेना पड़ता है या तो दूर से दूसरे हैंडपम्प से पानी लाना पड़ता है। जिसके लिए ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से निवेदन किये है कि भीषण गर्मी को देखते हुए खराब पड़े हैंडपंपो को सुधरवाया जाय और बंद पड़ी नलजल योजना को चालू कराया जाय। ताकि ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना न पड़े। सवाल यही की आखिर कब तक मे इन भ्रष्ट अधिकारियों से निजात मिलेगी।



## परशुराम जन्मोत्सव की बैठक: 10 मई को निकलेगी की शोभा यात्रा,महाआरती के साथ प्रसादी का वितरण होगा।

रिपोर्टर - दिनेश शुक्ला/आलोट।आराध्य देव भगवान परशुराम जयंती को लेकर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी समिति द्वारा ग्राम धरोला के अनादिकल्पेश्वर महादेव मंदिर परिसर में इसकी बैठक हुई। आगामी 10 अप्रैल को परशुराम जयंती की शोभा यात्रा निकली जाएगी। परशुराम जयंती को भव्यवता से मानाने के लिए समिती द्वारा बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें 10 मई को दोपहर 3 बजे कारगील चौराहा से शोभा यात्रा प्रारंभ होगी जो संजय चौक, राजेन्द्र चौक, विठ्ठल मंदिर सहित मुख्य मार्गो से निकलेगी और अनादिकल्पेश्वर महादेव मंदिर पर इसका समापन होगा। इसके पश्चात परशुरामजी की महाआरती कर प्रसादी वितरीत की जाएगी। जिसमें परशुराम सेवा युवा वाहिनी समिति सहित सर्व ब्राह्मण समाजजन उपस्थित रहेंगे।

## सड़क समस्या को लेकर विरोध- मतदान का बहिष्कार करने की बात कही, वर्षों से बनी हुई है मेलुखेड़ी नाकटवाडा रोड की समस्या।

रिपोर्टर दिनेश शुक्ला/आलोट। ताल तहसील के गांव नकटवाड़ा के ग्रामीणों ने आज विरोध प्रदर्शन किया है। ग्रामीणों का यह विरोध उनके गांव में सड़क नहीं बनने को लेकर किया है। आज दिन में बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव के बाहर आए और उन्होंने मतदान का बहिष्कार करने की बात कही। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से दोनों ही दलों के जनप्रतिनिधि से नाकटवाडा से मेलुखेड़ी की सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन किसी ने भी इस समस्या



पर ध्यान नहीं दिया। 2.5 किलोमीटर की पक्की सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को कई समस्या का सामना भी उठाना पड़ता है।

**लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे ग्रामीण।** मेलूखेड़ी के ग्रामीण बाला राम शर्मा ने बताया है कि ग्रामीणों ने परेशान होकर अंत में यह निर्णय लिया है कि लोकसभा चुनाव में वो वोटिंग नहीं करेंगे। बता दे की 13 मई को उज्जैन संसदीय क्षेत्र मे चुनाव होने हैं।

## मैंहर- अवैध परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नादन पुलिस ने हाइवा जप्त किया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ *रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह**

मैहर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सुधीर अग्रवाल श्री मुकेश वैश्य अतरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय मैहर के कुशल निर्देशन, एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय मैहर श्री राजीव पाठक के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी देहात अभिषेक सिंह परिहार के नेतृत्व में की गई कार्यवाही । मैहर जिला बनने के बाद अवैध परिवहन को लेकर लगातार शिकायतो के बाद मैहर जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले के सभी थानों को आदेशित किया गया की अवैध खनन परिवहन और क्षमता से अधिक परिवहन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाही करने के आदेश दिए जाने के बाद जिले के नादन देहात थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार द्वारा आज दिनांक 04/05/2024 अवैध खनिज परिवहन और ओवर लोडिंग वाहनों की जांच करने दौरान तकरीबन शाम 06 बजे एक हाइवा एम पी 18 जेड डी 8883 जांच की गई चेकिंग के दौरान पाया गया की चालक दुर्गेश बैस पिता महेंद्र बैस उम्र 25 वर्ष निवासी मगरदहा कुम्हिया टोला थाना देवलौंद जिला शहडोल के द्वारा खनिज परिवहन किया जा रहा था इस दौरान चालक से पूछताछ की गई। चालक द्वारा वैध दस्तावेज नहीं दिखाए जाने पर और शहडोल से छतरपुर की टीपी दिखाई गई । जिसपर थाना प्रभारी द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी चालक दुर्गेश बैस को गिरफ्तार करते हुए हाइवा जप्त कर लिया गया और चालक के खिलाफ धारा 379 414 आईपीसी 4/21 खान खनिज अधिनियम धारा 77/177, 50(ञ)/177 रूल्ज़ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है वाहन को जप्त किया गया

## चले बूथ की ओर अभियान- नगर में निकली विशाल रैली

केसरिया हिंदुस्तान बाड़ी- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओ को प्रेरित करने मा. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविन्द कुमार दुबे के निर्देश पर सम्पूर्ण रायसेन जिले में चले बूथ की ओर अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 1 मई से 7 मई तक निरन्तर जारी है। इस अभियान में बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे है। चले बूथ की ओर अभियान अंतर्गत 5 मई को नगर के समस्त विभाग प्रमुखों की सहभागिता से सैकड़ों अधिकारी कर्मचारियो द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमे बैंड बाजे, गाड़ियां में लगे फ्लेक्स आकर्षण का केंद्र रहे रैली के माध्यम से मतदाताओ को 7 मई विदिशा लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया रैली को नायब तहसीलदार शिब्बू सिंह किशोरिया , नगर परिषद सीएमओ निरुपमा एस यादव एवं समस्त विभाग प्रमुखों ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया यह विशाल रैली नगर के मुख्य मार्गो वायां थाना होते हुए चिंतामन चौराहा, नया बस स्टैंड से वपिस नगर परिषद बाड़ी प्रांगण में समापन की गई ततपश्चात मतदाता संकल्प शपथ के साथ नगर में 100 प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओ को प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।

# कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गी ने राजगढ़ और कुक्षी में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया

## कांग्रेस एसटी एससी वर्ग के साथ छलावा कर रही है- विजयवर्गीय

जिला ब्यूरो धार / मो. 9424075866

धार - आज धार महू लोकसभा चुनाव प्रत्याशी श्रीमती सावित्री ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील एंव कार्यकर्ताओं को संबोधित करते के लिए कद्दावर नेता मप्र नगरीय प्रशासन मंत्री व स्टार प्रचारक कैलाश विजयवर्गीय जिले के राजगढ़ और कुक्षी पहुंचे में कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी प.दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्रपट पर तिलक पुजन व दिप प्रज्वलित कर किया गया । कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के अंदर भ्रष्टाचार और गरीबी समाप्त करने के लिए मोदीजी द्रढ संकल्पित है आरक्षण पर कांग्रेस एसटी एससी वर्ग के साथ छलावा कर रही है कांग्रेस के राज्यों में एसी एसटी के कोटे से मुस्लिम को आरक्षण देने का काम कर रही । मुझे पूर्ण विश्वास है कि धार के परिवार जन प्रधानमंत्री



श्री नरेंद्र मोदी जी के अबकी बार 400 पर के संकल्प की प्राप्ति में महती भूमिका अदा करेंगे ।राजगढ़ कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती सावित्री ठाकुर पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव विधानसभा प्रभारी नरेश राजपुरोहित पूर्व विधायक वेल सिंह भूरिया,सुरेश तातेड़ संजय बघेल सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। कुक्षी में प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल ने स्वागत भाषण दिया साथ ही पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव विधानसभा प्रभारी विनोद शर्मा पूर्व विधायक गजेंद्र सिंह राजु खेड़ी, अक्षय बम ने भी संबोधित किया मंचासीन अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल भाजपा जिला पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती सावित्री ठाकुर विधानसभा प्रभारी विनोद शर्मा विधानसभा संयोजक रमेश धड़ीवाल सह संयोजक चंचल पाटीदार प्रदेश अजजा मोर्चा सदस्य विरेन्द्र बघेल नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेलम चौहान पूर्व मंत्री गजेंद्र राजु खेड़ी पूर्व विधायक मुकाम सिंह किराड़े अक्षय बम आदि नेता मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन रमेश धाडीवाल ने किया उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# जनपद पंचायत रीवा के सीईओ को मिला सिरमौर जनपद पंचायत सीईओ का अतिरिक्त प्रभार, आदेश हुआ जारी




***दैनिक केसरिया हिंदुस्तान***


*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

रीवा।सिरमौर जनपद पंचायत सीईओ रही द्धस्-सोनाली देव की जगह अब रीवा जनपद पंचायत के सीईओ सम्हालेंगे कार्य भार, प्राप्त जानकारी के अनुसार.. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिरमौर का प्रशासकीय / वित्तीय दायित्व सोनाली देव (द्धस्) सहायक कलेक्टर, कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा को सौपा गया था,

अब उनकी जगह पर कलेक्टर ने कार्यालयीन एवं प्रशासकीय कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए हलधर प्रसाद मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीवा को आगामी आदेश तक अपने मूल दायित्वों के साथ-साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिरमौर का भी वित्तीय एवं प्रशासनिक दायित्व सौंपा है, जिसका आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

# बिज्जू उर्फ रुम माफिया नगर पालिका कि सड़क पर कर रहा अवैध अतिक्रमण

अखंड प्रताप सिंह संभागी ब्यूरो /दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



खूफिया सूत्रों से मिली जानकारी कि शहडोल जिले के सोहागपुर एरिया धनपुरी क्षेत्र में कालरी कर्मचारी *बिज्जू उर्फ रुम माफिया* का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है अपनी पद पोजिशन और नेतागिरी का ग़लत फायदा उठा कर उसकी भूख आंखों में उतराने लगता हैं , खाली घर, खाली जमीन, सड़क करने लगता है, अवैध कब्जा कुछ लोगो ने आवाज उठाई लेकिन कहता जिसको जो करना है कर ले मैनेजमेंट मेरी नाक के नीचे है जिसको जो उखाड़ना है उखाड़ लो मेरा कानून , प्रबंधन और नेता मेरी जेब में है।आखिर ये पावर दिया किसने या खुद को कानून समझने लगे हैं या मिलीभगत से चल रहा सारा खेल खूफिया सूत्रों कि माने तो नेतागिरी कर हाजिरी लगाकर धनपुरी 3नं स्टेट बैंक के पास होटल में बैठकर गपशप करता रहता है खूफिया सूत्रों कि माने तो सट्टा माफियाओं का पार्टनर होने कि भी आशंका जताई जाती है।खुद को दादा भाई समझने व चार क्वाटर को अन्दर ही अन्दर एक कर कब्जा करने वाले *बिज्जू उर्फ रुम माफिया* पर कब लगायेगा शासन, नगर पालिका धनपुरी एवं सोहागपुर प्रबंधन लगाम।

# गुप्ता ने किया जावरा मे जन संपर्क

-देनिक केसरिया हिंदुस्तान रतलाम जिला ब्युरो सुनिल जोशी÷सोनु÷-

जावरा। भारतीय जनता पार्टी के जावरा मंदसौर नीमच लोकसभा उम्मीदवार सुधीर गुप्ता ने जावरा नगर में जनसम्पर्क कर मतदाताओं का आर्शीवाद मांगा। जनसंपर्क के दौरान भाजपा उम्मीदवार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में भारत ने नई ऊंचाइयों को छुआ है मोदी के नेतृत्व में भारत का मान ओर सम्मान दोनों ही बड़ा है आज दुनिया के देशों के साथ भारत के रिश्तों में बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है भारत कई मामलों में आज दुनिया के देशों की अगुवाई कर रहा है मोदी सरकार की सशक्त विदेश नीति का ही नतीजा है कि दुनिया के कई देश बहुत सारे क्षेत्रों में भारत की अगुवाई को स्वीकार कर रहे हैं मालदीव जो भारत को आंख दिखाने की कोशिश चीन की शह पर कर रहा था अब उसके भी पसीने छूट रहे हैं यही मोदी की ताकत है व हर देशवासी को अपने प्रधान पर गर्व है उन्होंने 13 मई को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जनता से



आग्रह किया।

जन सम्पर्क के दौरान विधायक डॉ.पाण्डेय ने कहा कि सत्तर साल बाद देश को एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला जिसने जनसंघ के विचारों व संकल्पों को पूरा करने में कोई कसर नही छोड़ी। धारा 370 हटाकर कश्मीर में तिरंगा लहराया, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार एवं सर्वोच्च न्यायालय का आदेश लागू करवाया। महिलाओं का शरियत कानून से डर दूर भगाया व आंतकवाद का सफाया कर देश की सुरक्षा में जवानों के हाथ को मजबूत किया आज देश सुरक्षित हाथों में है।

भाजपा विधानसभा मीडिया संयोजक प्रफुल जैन ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी गुप्ता ने जावरा नगर के श्री दुर्गामाता मंदिर चौपाटी से जनसंपर्क प्रारंभ कर चौपाटी रोड, रेलवे फाटक, स्टेशन रोड, रतलामी गेट, लक्ष्मीबाई रोड, निमचोक, पिंजारवाड़ी, आजाद चोक, सोमवारिया, गोवर्धननाथ मंदिर चौराहा, शुक्रवारिया, फूटी बावड़ी, पिपलीबाजार, जवाहर पथ, चूड़ी बाजार, बजाजखाना, कोठी बाजार आदि क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया इस दौरान भाजपा प्रत्याशी को जबरदस्त जनसमर्थन मिलता दिखाई दिया व शहरवासियों ने जगह जगह गुप्ता का भव्य स्वागत किया। संचालन विधानसभा संयोजक महेश सोनी ने किया आभार मण्डल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने माना। जनसम्पर्क मे सेकड़ो भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वारंटी पकड़ने गये एएसआई की हत्या, आरोपियों के घर पर चला पुलिस प्रषासन का बुल्डोजर

## फरार आरोपी पर इनाम घोषित, अवैध रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को रोकने के दौरान की घटना







गजेन्द्र परिहार

शहडोल। शनिवार को थाना ब्यौहारी में पदस्थ सउनि महेन्द्र बागरी अपने साथ 02 हमराह पुलिसकर्मियों के स्थाई वारंटी की तलाश हेतु ग्राम सूखा-कल्हारी तरफ रात में अपनी कार से रवाना हुए थे। पपौंध रोड में खड़हुली हैलीपेड से कुछ पहले उन्हें सामने से एक ट्रेक्टर तेज गति से रोड में लहराते हुए आता हुआ दिखाई दिया। सामने से आते दिखे ट्रैक्टर को रोकने हेतु अपनी कार साईड में लगाकर पुलिसकर्मियों ने उसे हाथ दिखाकर रोकने का प्रयास किया। तभी ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को सउनि महेन्द्र बागरी की ओर मोड़ दिया और उनको टक्कर मारकर गिरा दिया व उन्हें रौंदते हुए निकल गया। टक्कर मारकर चालक चलते ट्रेक्टर से कूदकर भागने लगा तो अन्य पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया एवं ट्रेक्टर-ट्राली पुलिया से टकरा गई। ट्रेक्टर के चालक को पकड़कर उससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम विजय उर्फ राज रावत उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम जमोड़ी का होना बताया व बताया कि उक्त ट्रेक्टर सुरेन्द्र सिंह बघेल निवासी जमोड़ी के नाम पर रजिस्टर्ड है एवं उसका बेटा आशुतोष सिंह उर्फ छोटू निवासी जमोड़ी ट्रेक्टर के आगे-आगे चलकर पायलेटिंग करता है। चालक ने यह भी बताया कि वाहन एवं लोडेड रेत के संबंध में उसके पास कोई दस्तावेज नहीं है।

### टैक्ट्रर चालक को किया गिरफ्तार

सउनि महेन्द्र बागरी को टैक्ट्रर से गंभीर चोटें आई जिन्हें पुलिसकर्मियों द्वारा तत्काल सीएचसी ब्यौहारी ले जाने पर डॉक्टर द्वारा इन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन डी. सी. सागर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक घटनास्थल के लिए रवाना हुए एवं देर रात से लगातार ब्यौहारी में ही मौजूद हैं। चालक विजय उर्फ राज रावत द्वारा जानबूझकर सउनि महेन्द्र बागरी के ऊपर ट्रेक्टर चढ़ाकर उसकी हत्या की गई जिस पर आरोपी ट्रेक्टर चालक विजय उर्फ राज रावत, पायलेटिंग करते आशुतोष सिंह एवं वाहन मालिक सुरेन्द्र सिंह बघेल के विरूद्ध धारा 302, 379, 414, 34 भादवि एवं धारा 4, 21 खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना के कुछ समय के भीतर ही प्रकरण के मुख्य आरोपी विजय रावत एवं आशुतोष सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त ट्रेक्टर का मालिक आरोपी सुरेन्द्र सिंह फरार है जिसकी तलाश लगातार जारी है।

### फरार आरोपी पर 30 हजार का इनाम

आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एडीजीपी शहडोल द्वारा 30,000 रूपये के ईनाम की उद्घोषणा की गई है। एडीजीपी डी. सी. सागर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर विवेचना कार्यवाही, साक्ष्य संकलन आदि के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गए। साथ ही दोनों अधिकारियों ने मृतक के परिवारजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी एवं उन्हें हरसंभव मदद की बात कही है। सउनि महेन्द्र बागरी के मृत शरीर का पोस्टमार्टम सीएचसी ब्यौहारी से कराया गया एवं उनके परिजनों को शव ससम्मान सुपुर्द किया गया। जिनके अंतिम संस्कार में एसडीओपी ब्यौहारी रविप्रकाश कोल उनके निज निवास ग्राम मसनहा जिला सतना में सम्मिलित हुए। मुख्य आरोपी विजय रावत, आशुतोष सिंह एवं सुरेन्द्र सिंह के द्वारा बनाये गए अवैध निर्माण को जिला प्रशासन द्वारा रविवार को गिराया गया है जिसमें सुरक्षार्थ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। शहडोल पुलिस शहीद सउनि महेन्द्र बागरी के परिवार के प्रति गहरी संवेदनायें व्यक्त करती है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जावेगा कि हत्या में संलिप्त आरोपियों को माननीय न्यायालय से कठोरतम सजा प्राप्त हो। इस हेतु प्रकरण की विधिवत् विवेचना, साक्ष्य संकलन आदि कार्यवाहियों के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गए हैं।

### ग्रह ग्राम सतना में अंतिम संस्कार

दिवंगत एएसआई महेंद्र बागरी के शव के पोस्ट मार्टम के बाद शहडोल पुलिस अधीक्षक, एडीजीपी, एसडीओपी सहित अन्य द्वारा भाव भीनी श्रृद्धांजली अर्पित कर दिवंगत एएसआई महेंद्र बागरी का पार्थिव शरीर सतना स्थित उनके गृह ग्राम मसनहा ले जाया गया है जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। सतना पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, नागौद एसडीओपी विदिता डागर, रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल और थाना प्रभारी शैलेन्द्र पटेल अंतिम विदाई देने पहुंचे थे मसनहा।

# ब्यौहारी में कंपनी के संरक्षण पर अवैध उत्खनन, कंपनी के कर्मचारियों पर कब कार्यवाही



### तो क्या उत्तम और उसके साथियों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध खनन को दिया जा रहा था अंजाम

रिजवान खान

शहडोल। शहडोल में अवैध उत्खनन ने फिर एक जान ले ली कुछ बच्चे यतीम हुए एक मां की गोद सूनी हुई लेकिन मजाल है किसी की की कंपनी के कर्ताधर्ताओं पर कार्यवाही कर सके, हालांकि पुलिस द्वारा बड़े पैमाने पर सरकार ग्लोबल द्वारा संचालित की जा रही अवैध खदानों पर कार्यवाही करने की बात निकल कर सामने आ रही है। अब सवाल यह उठता है कि क्या कंपनी के कर्ताधर्ता जिनके संरक्षण में अवैध उत्खनन चल रहा था उत्तम विपुल और चेतन अजय जैसे कर्ताधर्ताओं पर कार्यवाही होगी या फिर मामला फिर यूं ही नहीं निपट जाएगा बताया जाता है कि ठेका कंपनी के काम लेने के दौरान शहडोल जिले में ब्यौहारी अवैध खान का हब बन गया।

### उत्तम और टीम की भूमिका पर सवाल

जब से शहडोल जिले में सरकार ग्लोबल के करिंदों उत्तम शर्मा व उनकी टीम ने काम संभाला है तब से लगातार व्यवहारी क्षेत्र से विभिन्न घटनाएं निकाल कर सामने आ रही हैं तो वहीं सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही से यह स्पष्ट होता है कि अवैध उत्खनन के मास्टरमाइंड जीएम उत्तम शर्मा और उनकी टीम ही थी जिनके द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध स्थान को अंजाम दिया जा रहा था ऐसे में उक्त कर्मचारी पर क्या कार्यवाही होगी यह देखने लायक होगा।

### एएसआई की गई जान

गौरतलब है कि शनिवार रविवार की दरमियानी रात ब्यौहारी में अवैधतरण कर रहे ट्रैक्टर की चपेट में आने से सहायक उपनिरीक्षक महेंद्र बागरी की मौके पर ही मौत हो गई, जनचर्चाओं की माने तो कंपनी द्वारा बड़े पैमाने पर ब्यौहारी में अवैध खनन कराया जा रहा है जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद हुए हैं यही कारण है कि माफियाओं ने इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया कम शब्दों में कहे तो अप्रत्यक्ष रूप से उक्त घटना के लिए भी कंपनी ही जिम्मेदार बताई जा रही है।

# कमिश्नर ने ब्यौहारी समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

## वाटर ट्रीटमेंट प्लान का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ करने के दिए निर्देश

फोटोः 05

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बी एस जामोद ने शनिवार को ग्राम पंचायत पपौंध में जल निगम द्वारा बनाए जा रहे ब्योहारी समूह जल प्रदाय योजना, वाटर ट्रीटमेंट प्लान का अधिकारियों के दल के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने फिल्टरेशन यूनिट, क्लोरिनेशन यूनिट एवं फिल्टर मीडिया प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ब्यौहारी समूह जल प्रदाय योजना के इंजीनियरों ने कमिश्नर को वाटर ट्रीटमेंट प्लान के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वाटर ट्रीटमेंट प्लान का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। गौरतलब है कि ब्यौहारी समूह जल प्रदााय योजना के अंतर्गत ब्यौहारी क्षेत्र के लगभग



49 गांव में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कमिश्नर ने हिरवार सूक्ष्म जल प्रदाय परियोजना का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री जल संसाधन ने कमिश्नर को हिरवार जल प्रदाय योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, अधीक्षण यंत्री ग्रमीण यंत्रिकी सेवा सुनील परिमार, एसडीएम ब्यौहारी नरेन्द्र सिंह धुर्वे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने की सट्टा एक्ट के तहत 04 कार्यवाही

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा नशे एवं सट्टा/जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत शनिवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कोतवली क्षेत्र के अंतर्गत देवांता हॉस्पिटल के पीछे, नटराज कॉलोनी के पास, पुरानी बस्ती में कुछ व्यक्ति हारजीत का दाव लगाकर सट्टा खिलवा रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त स्थानों पर दबिश देकर आरोपी 1. प्रभात वर्मन पिता लक्ष्मण प्रसाद वर्मन उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नं.35 सिंधी बाजार के पास, 2.आरोपी प्रेमलाल बैगा पिता भगोले बैगा उम्र 40 वर्ष नि. ग्रा. भर्री, सिंदुरी 3. रवि कुमार द्विवेदी पिता रामचन्द्र द्विवेदी उम्र 45 वर्ष नि. बुढ़ार रोड, सभी निवासी जिला शहडोल के कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन एवं कुल 750 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी क्रम में थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत शनिवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि केशवाही क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति हारजीत का दाव लगाकर सट्टा खिलवा रहा है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी इब्राहिम पिता मो. खलिल उम्र 29 वर्ष निवासी केशवाही शहडोल के कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन एवं कुल 240 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### मतगणना हेतु मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 7 मई को

शहडोल। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश जारी कर कहा है कि मतगणना हेतु मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर्सों का प्रशिक्षण 07 मई 2024 को दोपहर 12 बजे बजे से कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित किया जाएगा। जारी ओदश में कहा गया है कि मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं 09 मई 2024 को मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को शासकीय कन्या महाविद्यालय शहडोल में प्रातः 11 बजे से उपस्थित होकर प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें।



### कमिश्नर ने ब्यौहारी से कटनी मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

#### दिया शीघ्र कार्य पूर्ण करने का अल्टीमेट, अधिकारियों की लापरवाही पर व्यक्त की कड़ी नाराजगी

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने शनिवार को ब्यौहारी विकासखंड में ब्यौहारी कटनी मार्ग में स्थित सोन नदी पर बन रहे पुलिया निर्माण के कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्धारित समय में पुलिया निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं होने पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि पुलिया निर्माण का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने कहा कि पुलिया निर्माण के कार्य में पहले से ही काफी विलंब हो चुका है, निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के लिए मजदूरों की संख्या बढ़ाएं तथा पुलिया निर्माण में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न होने पर किन कारणों से गतिरोध उत्पन्न हो रहा है इसकी जानकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यौहारी एवं उच्च अधिकारियों को देना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि पुलिया निर्माण का कार्य तेजी से पूर्ण हो इसके लिए अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी, जो हर सप्ताह पुलिया निर्माण की प्रगति का अवलोकन कर मुझे सूचित करेंगे। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, अधीक्षण यंत्री ग्रमीण यंत्रिकी सेवा सुनील परिमार, एसडीएम ब्यौहारी नरेन्द्र सिंह धुर्वे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### कमिश्नर ने ग्राम पंचायत कुआं में तालाब का किया निरीक्षण

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बी एस जामोद शनिवार को जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत कुआं में अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत निर्मित तालाब का अधिकारियों के दल के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने तालाब निर्माण में लगी निर्माण सामग्री का अवलोकन किया तथा निर्माण सामग्री के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से चर्चा की। चर्चा के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अमृत सरोवर योजना के तालाबों में उच्च गुणवत्ता की निर्माण समग्री का उपयोग होना चाहिए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि अमृत सरोवर योजना के तालाबो में पानी का संग्रहण हो और संग्रहित पानी का लाभ लोगों को मिले यह सुनिश्चित करें। अमृत सरोवर तालाबों के निर्माण का उद्देश्य वर्षा के जल को रोकना है, पानी को रोकने के लिए हर संभव प्रयास होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यंत्रिकी सेवा सुनील परिमार, एसडीएम ब्यौहारी नरेन्द्र सिंह धुव्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश
दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
खबरें बेबाक, बेखौफ, बिन्दास

# छुट्टा गौवंशो को खाने - पीने के साथ साथ आश्रय मिल सके और दुर्घटनाओ को रोका जा सके : बीडीओ ऐलिया





ऐलिया सीतापुर । जनपद में रहे हाईवे पर हो रहे छुट्टा गौवंशो से दुर्घटना को रोकने के लिए जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा गौवंशो को नजदीकी गौशाला में जल्द से जल्द भेजे जाने को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किये गए , जिससे जहाँ एक तरफ गौवंशो से दुर्घटनाओ को रोका जा सके ,वही दूसरी तरफ गौवंशो को उचित खाने पीने की व्यवस्था के साथ आश्रय मिल सके । जिलाधिकारी के जारी निर्देशानुसार विकास खण्ड ऐलिया के खण्ड विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा विकास खण्ड क्षेत्र की हाइवे से जुड़ी समस्त ग्राम पंचायतों में छुट्टा गौवंशो को सम्बंधित अधिकारियों के सहयोग से नजदीकी गौशाला भेजने का कार्य किया जा रहा है, जिससे छुट्टा गौवंशो को आश्रय मिल सके ।उक्त क्रम में विकास खण्ड की ग्राम पंचायत अड़वेनियाग्रंट में हाइवे पर घूम रहे छुट्टा गौवंशो को पकड़ कर, उन्हें नजदीकी कुचकापुर गौशाला पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया । जिसमें ग्राम प्रधान विजय जयसवाल , ग्राम सचिव अड़वेनियाग्रंट

जितेंद्र कुमार पाल , ग्राम सचिव कुचकापुर श्रवण कुमार आदि विकास खण्ड के कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्राम पंचायत में हाइवे पर घूम रहे गौवंशो को पकड़ कर ट्रैक्टर ट्रॉली के द्वारा कुचकापुर गौशाला भेजा है। जिससे छुट्टा गौवंशो की आश्रय मिल सके ।

जारी आदेशानुसार हाइवे से जुड़ी ग्राम पंचायतो में छुट्टा गौवंशो को टीम के द्वारा पकड कर गौशाला भेजने का कार्य किया जा रहा है , विदित हो कि छुट्टा गौवंशो से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। छुट्टा गौवंशो का धरपकड़ अभियान शुरू किया गया है। इन गौवंशो को पकड़कर नजदीकी गौशाला भेजा जा रहा है। जिससे छुट्टा गौवंशो को खाने - पीने के साथ साथ आश्रय मिल सके और दुर्घटनाओ को रोका जा सके ।

**शैलेन्द्र कुमार सिंह**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**ऐलिया सीतापुर ।**

# तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं सपा-कांग्रेस के शहजादे: मोदी



सीतापुर ।हरगांव में आयोजित चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लखीमपुर खीरी और सीतापुर को यूपी का चीनी का कटोरा कहा जाता है, लेकिन सपा सरकार ने गन्ना किसानों की जिंदगी में कड़वाहट घोल दी। गन्ना चला जाता था, भुगतान नहीं होता था। ये सारी कमियां योगी सरकार ने दूर कर दी। गन्ना किसानों को जितना पैसा सपा बसपा ने अपने 10 साल में नहीं दिया था, उतना पैसा योगी ने सात साल में दे दिया है।उन्होंने कहा कि यह इलाका केले की खेती का हब बने, इस पर भी हम काम कर रहे हैं। निघासन, धौरहरा मार्ग, गोला से शाहजहांपुर मार्ग का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि सीतापुर और लखीमपुर के लोग गर्व से कह सकते हैं कि हम किसी से कम नहीं। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के शहजादे तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर काम करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश में आरक्षण का कर्नाटक मॉडल लागू करना चाहती हैं। जब तब मोदी जिंदा है, धर्म के आधार पर आरक्षण होने नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्त्रीधन मंगलसूत्र पर सपा और कांग्रेस वालों की नजर है।सीतापुर का हरगांव कस्बा लखीमपुर-सीतापुर मार्ग पर लखीमपुर जिले की सीमा से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर है। धौरहरा लोकसभा सीट में होने के साथ ही यहां के लोगों का जिले से जुड़ाव भी है। हरगांव से लखीमपुर की दूरी सीतापुर की अपेक्षा कम है। प्रधानमंत्री की चुनावी सभा को सीतापुर, धौरहरा और खीरी लोकसभा सीट के चुनावी समीकरण से जोड़कर देखा जा रहा है। यही वजह है कि सीतापुर और लखीमपुर शहर के बजाय हरगांव कस्बे को प्राथमिकता दी गई। प्रधानमंत्री की चुनावी सभा में दोनों जिलों के लोग पहुंचे।



## अनियंत्रित कार सवार ने नाबालिक लड़की को मारी टक्कर मौके पर हुई मौत

महमूदाबाद , सीतापुर । जनपद सीतापुर की कोतवाली महमूदाबाद इलाके के भेथरा माधव गांव के पास बेहटी मानशाह गांव की मोड़ पर हुआ सड़क हादसा , सड़क हादसे में कार सवार ने मोड़ के किनारे बैठी नाबालिक लड़की को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सानिया पुत्री जमशेद उम्र करीब 12 वर्ष निवासी बेहटी मानशह की सिर में चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। सड़क हादसा देख राहगीरों समेत ग्रामीणों की भीड़ लग गई।जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल शुरू की। जानकारी के मुताबिक मृतक लड़की समेत जमशेद पुत्र असगर उम्र करीब 6वर्ष , जकीर पुत्र जमशेद उम्र करीब 5 वर्ष निवासीगण बेहटी मानशाह , मुकेश पुत्र रामपाल निवासी हरबसपुर, सुभाष पुत्र मिश्रीलाल निवासी गोधौरी थाना महमूदाबाद के साथ ही कार चालक अभिषेक राजपूत , अभय राजपूत पुत्रगण राम दुलारे अन्य साथी कार से सिधौली की ओर से महमूदाबाद आ रहे थे की रास्ते में अचानक सड़क हादसा हो गया। चालक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों उसे रेफर कर दिया

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर , बाइक के उड़े परखच्चे , बाइक सवार की हालत गम्भीर

महमूदाबाद , सीतापुर । कोतवाली इलाके के सिरौली चौराहे से आगे जनता ईट भट्ठा के पास एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं बाइक सवार ब्रजेश पुत्र अनिल निवासी जानकी पुरम मड़ियांव लखनऊ भी गंभीर रूप से घायल हो गया। और वहीं मुख्य मार्ग पर निकल रही एफएसटी टीम ने देखा कि सड़क बाइक समेत एक घायल पड़ा हुआ है। जिसकी हालत गम्भीर देखते ही अपनी गाड़ी से सीएचसी महमूदाबाद ले जाकर भर्ती कराया ।जहां पर चिकित्सकों ने घायल का इलाज शुरू किया ।

00001

## मिश्रिख के मेला मैदान में सात मई को उतरेगा योगी का उड़ान खटोला

मिश्रिख, सीतापुर। मिश्रिख के मेला मैदान पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भारतीय जनता पार्टी ने मिश्रिख लोक सभा से अशोक कुमार रावत को एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सात मई को मिश्रिख व सीतापुर संसदीय सीट के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट डालने की अपील करेंगे हालाकि अभी दौरे को लेकर कोई आधिकारिक बयान नही आया है सीएम योगी के प्रस्ताविक दौरे को लेकर शनिवर को मिश्रिख मेला मैदान में साफ सफाई व्यवस्था जोरो से तैयारियां दिखी



## तैनात किये गये मतदान कार्मिकों में से 672 पार्टियों को प्रशिक्षण

सीतापुर ।जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) सीतापुर हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में तैनात किये गये मतदान कार्मिकों में से 672 पार्टियों को प्रशिक्षण दिनांक 05-05-2024 को जी0डी0 गोयनका पब्लिक स्कूल निकट टोल प्लाजा, खैराबाद में प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में 16 पीठासीन अधिकारी, 13 मतदान अधिकारी, प्रथम, 41 मतदान अधिकारी, द्वितीय एवं 18 मतदान अधिकारी, तृतीय अनुपस्थित रहें। उक्त के अतिरिक्त 02 पीठासीन अधिकारी, 06 मतदान अधिकारी, प्रथम, 06 मतदान अधिकारी, द्वितीय एवं 14 मतदान अधिकारी, तृतीय कुल 28 कार्मिक समय से पहले प्रशिक्षण से चले गये। ऐसे कार्मिक जो समय से पहले प्रशिक्षण छोडकर चले गये उनके कार्यालयाध्यक्षों को उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये जा रहे हैं।

अनुपस्थित कार्मिकों के कार्यालयाध्यक्ष को निर्देश दिये गये है कि संबंधित कार्मिक को दिनांक 08-05-2024 की प्रथम पाली में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अपने स्तर से निर्देशित कर दें अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी।

## कामधेनु गौशाला में लगवाए गये चार एक्जास्ट पंखे

**मिश्रिख सीतापुर ।**

विकास खण्ड मिश्रिख की ग्राम पंचायत बर्मी में स्थित कामधेनु गौ आश्रय केंद्र में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए गौशाले में रह रहे जानवरो को राहत मिल सके इसके लिए मिश्रिख ब्लॉक में तकनीकी सहायक मनरेगा के पद पर कार्यरत रह चुके स्व. चक्र प्रताप गुप्ता के पुत्र सिद्धार्थ गुप्ता ने चार एक्जास्ट पंखे लगवाए । हालाकि इस प्रकार गौशाला में लगाए गए पंखों से जानवरो को गर्मी में बड़ी राहत मिलेगी।वही इस मौके पर ग्राम प्रधान आरती देवी,रोजगार सेवक अमित कश्यप सहित गांव के लोग उपस्थित रहे।

# तकनीकी सहायक को खंड विकास अधिकारी का मिल रहा संरक्षण

## तकनीकी सहायक व खंड विकास अधिकारी की मिलीभगत के चलते मनरेगा योजना को लगाया जा रहा पलीता

सीतापुर ,हरगांव ।विकास खण्ड हरगांव में मनरेगा कार्यो में जमकर घोटाला किया जा रहा है, खण्ड विकास अधिकारी की लापरवाही कहे या मिलीभगत के चलते तकनीकी सहायक जमकर माल काट रहे है, बिना कार्य के ही हाजिरी दर्ज करना व अग्रिम भुगतान करना जैसे खण्ड विकास अधिकारी का रिवाज बन गया हो, सूत्रों की माने तो सभी घोटालो में खंड विकास अधिकारी की संलिप्तता है क्योंकि यदि खंड विकास अधिकारी संलिप्त नही है तो फिर बिना कार्य के ही उनके डोंगल से पेमेंट कैसे हो गया है, वही विकास खंड पर तैनात तकनीकी सहायक अंशुमाली श्रीवास्तव को खंड विकास अधिकारी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है जिसके चलते अंशुमाली के ग्राम पंचायतो में जमकर घोटाले किये जा रहे है वही सूत्रो ने यह भी बताया कि यदि आशीर्वाद प्राप्त न होता तो अंशुमाली बेख़ौफ़ होकर




घोटाले कैसे कर पाता।

इसी क्रम में अंशुमाली श्रीवास्तव क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायत रायपुर में हफ़्तों से फर्जी हाजिरी दर्ज होने का सिलसिला जारी है जो कि थमने का नाम नही ले रहा है , ग्राम पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत दो कार्य चल रहे है पहले कार्य गौशाला निर्माण कार्य पर 52 शर्मिको की उपस्थिति दर्ज की गई तो दूसरे दूसरे कार्य ग्राम पंचायत रायपुर में ड्रेन खुदाई कार्य पर 8 मास्टर रोल पर 75 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की गई किन्तु कागजो पर जितनी अधिक हाजिरी दर्ज की गई वही मौके पर एक भी श्रमिक कार्य करता नही पाया गया। ऑनलाइन अपलोड किए गए डाटा में भी श्रमिक दिखाई नही पड़ रहे है।

ग्राम पंचायत नयागांव फिरोजपुर में केसरुआ में बाला जी मंदिर के पीछे अमृत सरोवर निर्माण कार्य पर 5 मास्टर रोल पर 50 श्रमिको की उपस्थिति दर्ज की गई है, ऑनलाइन दर्ज की गयी हाजिरी में पुरानी फ़ोटो को अपलोड किया गया है, पुरानी फ़ोटो अपलोड कर जिम्मेदार सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे है।

# सचिव चन्दन सिंह विस्ट की कार्य प्रणाली आम जन मे चर्चा का विषय बनी



बिसवां सीतापुर। ग्राम पंचायत भिनैनी मे भ्रस्टाचार के अजब गजब मामले देखने को मिल रहे है।शासन की प्राथमिकताओ मे शामिल योजनाओं की दुर्गत हो रही है ।पंचायत मे तैनात सचिव चन्दन सिंह विस्ट की कार्य प्रणाली आम जन मे चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों को सुविधा सुलभ हो सरकार लाखो रुपया पानी की तरह बहा रही है।लेकिन जिम्मेदार मनमानी कर रहे है ।गौरतलब हो ग्राम पंचायत भिनैनी के अंदर बनने वाला एकीकृत ठोस अपशिस्ट प्रबंधन केंद्र अभी बन कर तैयार नही हुआ है। यही नही केंद्र पर ऊपर की और डाली गई टीन सेड अभी से गायब है। जिससे गांव से निकलने वाल कूड़ा कचरा का निस्तारण नही हो पा रहा है । जब कि सरकार की मंशा थी गावों से निकलने वाला गिला और सूखा कचरा अलग अलग एक जगह इकठा कर जैविक खाद का निर्माण होगा और गांव स्वच्छ और साफ रहेंगे।परन्तु अफ़सोस लाखो की कीमत से बनने वाला एकीकृत ठोस अपशिस्ट प्रबंधन केंद्र अपनी ही दुर्दशा पर आसू बहा रहा है ।वही पंचायत मे तैनात पंचायत सचिव का अपनी ढप्ली अपना राग की तर्ज पर शासन की योजनाओं को जनता को मुहैया कराने का राग अलापा जा रहा है। जो शासन की निर्देशों की अवहेलना तो है ही वही गावों से निकलने वाला कूड़ा कचरा निस्तारण मे ग्रामीणों को समस्या हो रही है।अब सवाल यह उठता है अभी तक ग्राम पंचायत भिनैनी मे बन रहे एकीकृत ठोस अपशिस्ट प्रबंधन केंद्र का लाभ फिलहाल मिलता हुआ नही दिख रहा ।



# गठबंधन प्रत्याशी के लिए झीन बाबू ने किया जनसम्पर्क

***आपको वोट विकास, महंगाई, रोजगार, शिक्षा व संविधान बचाने के लिए करना है-राकेश राठौर***

सीतापुर । लोकसभा चुनाव जीतना नजदीक आ रहा है प्रत्याशी अपने जनसम्पर्क को उतनी ही ज्यादा धार दे रहे है, गठबंधन प्रत्याशी राकेश राठौर ने अपने जनसंपर्क को कई गुना रफ्तार दे दी है, और उनके समर्थक भी लगातार क्षेत्र में रह कर मतदाताओं तक गठबंधन इंडिया का न्याय पहुचा कर मतदाताओं को अपनी ओर कर जनसमर्थन प्राप्त कर रहे है, क्षेत्र में जिस प्रकार से जनसमर्थन मिल रहा है उससे जीत भी लगभग तय हो चुकी है।

इसी क्रम में कल दिन रविवार को सेवता के पूर्व विधायक झीन बाबू ने प्रत्याशी राकेश राठौर के साथ आधा दर्जन से अधिक गाँवो का दौरा कर जनसंपर्क किया, व मतदाताओं को राकेश राठौर के पक्ष में वोट देने की अपील की इस दौरान सेवता विधानसभा के ग्राम धामीसराय, जहांगीराबाद, मंगू चौराहा,पलहरी व कांतापूरवा आदि गॉवो में जनसंपर्क किया व मतदाताओ को विश्वास दिलाया कि जितने के बाद राकेश राठौर आपके सुख दुख में हमेशा खड़े रहेंगे, व आपकी बात को संसद तक पहुचाने की बात करेंगे, वही इस दौरान प्रत्याशी राकेश राठौर ने भाजपा प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए कहा कि चार बार सांसद रहे है उसके बावजूद विकास के नाम पर क्षेत्र में कुछ नही किया, 20 साल एक जनता को झूठे वादो के झांसे में उलझाए रखा, लेकिन अब ऐसा नही होगा क्योंकि इस बार आपको वोट संविधान बचाने के लिए करना है, अपने बच्चो के भविष्य के लिए करना है, रोजगार और शिक्षा के लिए करना है, और मेरी गठबंधन की सरकार बनते ही सबसे पहले सरकार 30 लाख सरकारी पद जो खाली पड़े है उनपर भर्ती करने का काम किया जाएगा।

# जलवायु परिवर्तन के संकट को लेकर अरछा बरेठी में जल जंगल जमीन विषय पर हुई परिचर्चा

***ब्यूरो रमेश रैकवार चित्रकूट***

चित्रकूट।? विकास पथ सेवा संस्थान द्वारा जल जंगल व जमीन विषयक एक सार्थक चर्चा का आयोजन भव्यता के साथ अरछा बरेठी गांव में मंदाकिनी नदी के घाट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जल संरक्षण के एक गीत के साथ हुआ चर्चा में विचार व्यक्त करते विकास पथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ0 प्रभाकर सिंह ने बताया कि संस्थान पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर 20 वर्षों से जन जागरूकता, वृक्षारोपण, नदी, नालों की सफाई का कार्य कर रही है। उसी क्रम में संस्थान देश दुनिया में जलवायु परिवर्तन के संकट को दृष्टिगत रखते हुए इस वित्तीय वर्ष में 100 से अधिक स्थानों में जिसमें नदी, नालों के किनारे बसे गांव, स्कूल, कॉलेजों में जल, जंगल, व जमीन के संरक्षण के लिए चर्चा का आयोजन कर जन जागरूकता, वृक्षारोपण ,नदी नालों में दहारे बनाने का सफल प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि जल, वर्षा जल के एक-एक बूंद पानी को बचाने के लिए ग्रामीण, स्कूली बच्चों को प्रेरित करेंगे। जिला गंगा समिति चित्रकूट रानीपुर टाइगर रिजर्व के जिला परियोजना अधिकारी गोपाल कृष्ण गुप्ता ने कहा कि नदियों के किनारे खेतों में एक जुट होकर साफ-सफाई और पेड़ अधिक से अधिक लगाएं वह वृक्षारोपण के लिए निशुल्क पौधों को दिलाने में ग्रामीणों का सहयोग करेंगे ।

संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर प्रभाकर सिंह ने पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का सभी को संकल्प दिलाया।? इस मौके पर डाबर कंपनी की ओर से प्रदत्त फ्रूट जूस तेल ,शैंपू,नारियल जूस का वितरण किया गया।? ने कहा कि आजकल जिस हिसाब से वृक्षों का कटान हो रहा है उस हिसाब से हम लोग वृक्षारोपण नहीं कर पा रहे हैं ।सरकार लगातार वृक्षारोपण के लिए सभी को प्रेरित कर रही है ऐसी दशा में पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है जीवन बचाने के लिए शुद्ध हवा शुद्ध जल की जरूरत है जब तक पर्यावरण स्वच्छ नहीं रहेगा तब तक हवा पानी जल हमें शुद्धता के साथ नहीं मिलेगा मनुष्य स्वयं ही इसके लिए जिम्मेदारी ले और जल जंगल जमीन पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का अभियान चलावे ।? हर व्यक्ति जल संरक्षण के लिए भी स्वयं जागरूक बने। चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी के क्रीड़ा अध्यक्ष डॉ रमेश सिंह चंदेल ने कहा कि बृक्षों की कटान होने से पर्यावरण असंतुलित हुआ है इसीलिए पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं हो रही है जितने अधिक वृक्ष होंगे उतनी ज्यादा वर्षा होगी, पेड़ लगाओ पानी बरसाओ इस नारे को हमें ध्यान में रखना होगा। राष्ट्रीय कवि रामलाल द्विवेदी प्राणेश जी ने कहा कि पुराणों में भी वृक्षारोपण तथा वृक्षों को बचाने के लिए स्थान दिया गया है , पीपल को पूज्यनीय माना गया है जो हमें रात दिन ऑक्सीजन देता है। शुद्ध वायु जीवन प्राण की रक्षा करती है। उन्होंने स्वरचित जल जंगल जमीन की रक्षा सुरक्षा के लिए प्रेरणा गीत सुनाकर किसानों को आत्मबोध कराया। कहा कि मंदाकिनी दिनों दिन सूखती जा रही है विकास के दौर में चित्रकूट धार्मिक क्षेत्र में मंदाकिनी के स्रोत बंद हो रहे हैं , सबसे ज्यादा चित्रकूट के मठ मंदिरों से निकले गंदे जल की वजह से मां मंदाकिनी प्रदूषित हो रही है इसे बचाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा, इसके अलावा जल संरक्षण करने के लिए भी हमें स्वयं जागरूक होना होगा , आवश्यकता अनुसार जल का प्रयोग करें आवश्यकता से अधिक पानी की बर्बादी को रोकना चाहिए।? कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी सभासद शंकर प्रसाद यादव ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन को बचाने के लिए हमें जल जंगल जमीन को भी बचना होगा मां मंदाकिनी अविरल बहती रहे इसके लिए भी हमें चिंतन करने की जरूरत है उन्होंने चिंता जताई कि आज मन मंदाकिनी बंधोईन बांध के आगे सूखी पड़ी मंदाकिनी की धारा रुक गई , अरछा बरेठी, औदहा, लोहदा आदि गांवों में मंदाकिनी का बहाव नहीं है , यदा कदा गड्ढों में पानी भरा है, यह बेहद चिंता का विषय है।

कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी लवलेश सिंह ने किया। गोष्ठी में शिक्षक सुरेश कुमार राकेश राजपूत हनुमान यादव जगन्नाथ वर्मा प्रकाश वर्मा सुरेंद्र प्रसाद हरिश्चंद्र बैजनाथ अयोध्या प्रसाद राजकुमार सूबेदार अमित ललित यादव प्रभु दयाल शेष नारायण कुशवाहा नरेंद्र कुशवाहा दयाराम यादव श्रीकृष्ण मोतीलाल जितेंद्र तीर्थ पप्पू निषाद मातादीन चंद्रिका यादव विशंभर यादव राम भवन फूलचंद नामदेव मिठाई लाल विष्णु यादव सुरेश नारायण कुशवाहा ग्राम सजीवन यादव जगरूप कुशवाहा सुरेंद्रनाथ गुप्ता अवध किशोर यादव देशराज यादव आदि मौजूद रहे।

# देश में पहली बार गरीबों की चिंता करने वाली सरकार बनी है: मंत्री ए के शर्मा

## कांग्रेस चेयर मैन पूर्व प्रत्याशी ललित मोहन श्रीवास्तव,पूर्व प्रधान ओम प्रकाश गुप्ता,पूर्व सभासद छोटे लाल,पंकज मिश्रा आदि हुए शामिल

## *मंत्री एके शर्मा ने ग्रहण करवाई सदस्यता

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।भारतीय जनता पार्टी की अकबरपुर और जलालपुर विधान सभा क्षेत्रों के बूथ अध्यक्ष,शक्ति केंद्र संयोजक/प्रभारी/प्रवासी और बी एल ए टू का सम्मेलन जिला मुख्यालय स्थित एक प्रतिष्ठित विद्यालय और मैरेज लॉन जलालपुर में मुख्य अतिथि नगर विकास एवम ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।



सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए नगर विकास मंत्री ने कहा कि भाजपा में बड़े से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं में उत्साह और अनुशासन देखने को मिलता है। कहा कि देश में पहली बार गरीबों की चिंता करने वाली सरकार बनी है।जिसने देश के गरीबों को फ्री में राशन दे रही है।देश में अनाज का भण्डार भंडार कांग्रेस की सरकार में सड़ जाया करता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार में अनाज सड़ता नहीं है अपितु गरीबों को भोजन के लिए सरकार फ्री राशन उपलब्ध करा रही है। देश के गृहमंत्री के वीडियो में छेड़ छाड़ कर संविधान को खत्म करने वाला बयान विपक्ष द्वारा जारी करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी जी संविधान को पूरी तरह से लागू करवा रहे हैं।कांग्रेस गठबंधन अनुसूचित वर्ग और पिछड़े वर्ग की आरक्षण में से धर्म विशेष को देने की योजना पर काम कर रही हैं।देश में मोदी जी को बड़े काम करने हैं जिसके लिए 4 सौ से अधिक सीटों की जरूरत है।भविष्य के भारत का निर्माण मोदी जी कर रहे हैं।

लोक सभा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने कहा कि हमारे बूथ का कार्यकर्ता संगठन की नीव और रीढ़ है।भाजपा देश को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। आने वाले समय में लोक सभा क्षेत्र को विभिन्न सुविधाओं के मामलों में और बेहतर बनाया जायेगा।टांडा मेडिकल कालेज में ट्रामा सेन्टर के साथ ही अन्य चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे।मोदी जी देश की 125 करोड़ जनता को अपना परिवार समझते हैं।

लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए जन सम्पर्क कर जोर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने नगर विकास मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक परिश्रम और पुरुषार्थ से भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से जीत दर्ज करेगा। संचालन जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव ने किया।

कई बार के रह चुके सभासद अकबरपुर कांग्रेस चेयर मैन पूर्व प्रत्याशी ललित मोहन श्रीवास्तव को तोड़ने में जिला अध्यक्ष त्यंबकम त्रिपाठी एवं सांसद प्रत्याशी रितेश पांडे कामयाब रहे जिससे भाजपा को और मजबूती मिलेगी।मंत्री ए के शर्मा ने ललित मोहन श्रीवास्तव अन्नावा के पूर्व प्रधान ओम प्रकाश गुप्ता,पूर्व सभासद छोटे लाल, पंकज मिश्रा एवं अन्य साथियों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया।

सम्मेलन में मुख्य रूप से लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव,ज्ञान सागर सिंह,यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,रमाशंकर सिंह,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारती सिंह,सुधा वर्मा,विधान सभा प्रभारी मनोज मिश्र,संयोजक आदर्श चौधरी,जिला उपाध्यक्ष डाक्टर राना रणधीर सिंह,डाक्टर रजनीश सिंह,जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह,दिलीप पटेल देव,जिला/लोक सभा मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,सरिता गुप्ता,आनंद वर्मा,चंद्रिका प्रसाद,विनय पाण्डेय,दीपक तिवारी,पंकज वर्मा,बजरंगी पाठक,मण्डल अध्यक्ष शिव पूजन राजभर,शशि द्विवेदी,अरविंद सिंह डिंपू,पंकज प्रजापति,देवेश मिश्र,अनिल वर्मा,राजा राम मौर्य, सुनील गुप्ता,शुभम पाण्डेय,रवींद्र भारती,प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी,अमरनाथ सिंह,कपिल देव तिवारी,मनीष मिश्र आदि शामिल रहे।

# जितना विकास कार्य योगी-मोदी की सरकार में हुआ हैं,उतना किसी अन्य सरकारों में नहीं: संजय राय

## *सरिता सिंह द्वारा भाजपा मे ज्वाइन कराने के लिए बुलाई गईं हज़ारो की भीड़*

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या। जिले के गोशाईगंज विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत तारुन बाजार स्थित राम सुचित सिंह महा0 मे उमड़ी भीड़ इस बात का गवाह हैं की अम्बेडकर नगर से भाजपा प्रत्याशी/सांसद रितेश पाण्डेय पूरे लोकसभा मे 1 लाख तथा गोसाईगंज विधानसभा मे कम से कम 50 हज़ार वोटो से जीतेंगे ! आज के इस सभा मे गोसाईगंज विधायक अभय सिंह की पत्नी डॉ0 सरिता सिंह एवं उनके पिता भगवान बक्श सिंह द्वारा अपने हज़ारो समर्थकों क़ो ज्वाइन कराने के लिए जिस तरह भीड़ इकट्ठा किया गया हैं,यह अपने आप में एक मिसाल हैं !सभा स्थल एवं सड़को पर उमड़ी अप्रत्यासित भीड़ के कारण तारुन बाजार से कार्यक्रम स्थल तक मुझे आने में आधे घंटे से अधिक का समय लग गया !उक्त बाते गोशाईगंज विधायक अभय सिंह की पत्नी डॉ0 सरिता सिंह द्वारा अपने समर्थको क़ो भाजपा मे ज्वाइन कराने के लिए बुलाई गई हज़ारो की भीड़ क़ो सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने कही !कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक पिता भगवान बख्श सिंह तथा संचालन किया !सभा क़ो सम्बोधित करते हुए भाजपा संगठन के संजय राय ने कहा कि पूरे विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का डंका बजा हुआ हैं !जितना विकास कार्य योगी-मोदी की सरकार में हुआ हैं,उतना किसी अन्य सरकारों में नहीं हुआ हैं !भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ की जितनी लोक प्रियता बढ़ी हैं उतना अन्य किसी की भी नेताओं की नहीं हैं !विपक्ष अनर्गल प्रलाप कर रहा हैं !मुझे पूर्ण विस्वास हैं कि आने वाले 25 मई क़ो हर कोई कमल वाले खाने पर बटन दबाकर रितेश पांडे क़ो भारी से भारी मतों से विजयी बनाएँगे !इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह,पूर्व जिपंस0 संभुनाथ सिंह दीपू,जिला पंचायत सदस्य मनोज वर्मा,सोनू पहलवान,त्रिभुवन प्रजापति,शत्रुधन मोदनवाल, दान बहादुर सिंह, मायादेवी, सभासद प्रवीण कसौधन, दिनेश कुमार जायसवाल, रामप्रसाद कसौधन,आशीष कसौधन, मनोज,जयप्रकाश गुप्तापूर्व सभासद सर्वेश कुमार मोनू,शशि कुमार अंगियार,मनोज जायसवाल,प्रवेश गुप्ता,देशराज चौधरी,सभासद प्रतिनिधि श्यामलाल,अशोक चौरसिया,सुदीप मोदनवाल,अनिल कुमार मलहुँ,प्रवेश कसौधन, प्रशांत गुप्ता,पुष्कर मोदनवाल,गौरव गुप्ता,अरविन्द सिंह सहित हज़ारो की संख्या मे लोग मौजूद रहे।



माया देवी ने अपने दर्जनों साथियो संग थामा भाजपा का दामन~--राम सुचित सिंह महाविद्यालय मे विधायक पत्नी सरिता सिंह द्वारा आयोजित भाजपा सदस्यता समारोह कार्यक्रम मे गोशाईगंज नगर पंचायत मे सपा से अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ चुकी माया देवी ने अपने पति रामप्रसाद कसौधन तथा अन्य दर्जनों लोगो के साथ जहाँ मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दया संकर सिंह की मौजूदगी मे भाजपा का झंडा थामा वही विस0 क्षेत्र के कई राजनैतिक पार्टियों से आये सैकड़ो लोगो ने भाजपा का सदस्ता ग्रहण किया !भाजपा मे शामिल होने वाले सभी लोगो क़ो आयोजक मण्डल ने भगवा रंग का गमछा पहनाकर स्वागत किया।

# नियम विरुद्ध खोले गए दो करोड़ के टेंडर निरस्त

### विधिक कार्रवाई के भी निर्देश, जांच में गड़बड़ी की पुष्टि पर डीएम ने लिया फैसला

### ईओ के खिलाफ दर्ज होगा केस, चुनाव के बाद नए सिरे से शुरू होगी प्रक्रिया

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। आदर्श आचार संहिता के बीच रात के अंधेरे में दो करोड़ रुपये से अधिक के टेंडर खोलने के आरोप की जांच के बाद जिला प्रशासन ने टेंडर निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही पूरे मामले में विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अब रिटायर ईओ पर केस दर्ज करने की तैयारी है। कुछ अन्य लोग भी दायरे में आ सकते हैं।बिजली के खंभे लगाए जाने समेत अन्य कार्यों के लिए कई बार खींचतान का शिकार हो चुके लगभग दो करोड़ रुपये के टेंडर को बीते 30 अप्रैल की रात नौ बजे करीब खोल दिया गया था। उसी दिन शाम पांच बजे ईओ यदुनाथ रिटायर हो गए थे। जिला प्रशासन को शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू की गई थी। रिटायर होकर घर जा चुके ईओ हालांकि सब कुछ नियम के अनुरूप होने का दावा करते रहे लेकिन प्रशासन की जांच में गड़बड़ी दर गड़बड़ी मिलती गई। एडीएम, एसडीएम, कोषाधिकारी और उद्योग विभाग के अधिकारी की टीम ने पिछले दो दिन इस गंभीर मामले में गहन जांच की। कई कर्मचारी बुलाए गए तो कई पत्रावली भी तलब हुईं। लंबी जांच के बाद प्रशासन ने पाया कि नियम के अनुरूप टेंडर नहीं खुला। टेंडर खोलने में कई नियमों को दरकिनार किया गया इस पर शुक्रवार देर शाम जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कड़ा फैसला लेते हुए पूरे टेंडर को ही निरस्त कर दिया। अब चुनाव बाद नए सिरे से प्रक्रिया अपनाई जाएगी। बताते चलें कि संबंधित कार्यों के टेंडर को लेकर ईओ पर मनमानी का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष द्वारा पहले भी शिकायत हुई थी। उस समय भी डीएम ने सख्ती दिखाई थी। पर बाद में टेंडर फिर से मनमाने ढंग से खोल दिया गया था।शुक्रवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने टेंडर निरस्त करने के साथ ही मामले में विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ऐसे में अब नियमों का उल्लंघन करने और वित्तीय गड़बड़ी आदि के आरोप में केस दर्ज होगा। इसमें रिटायर हुए ईओ के अलावा कुछ और लोग भी दायरे में आ सकते हैं। कार्रवाई को लेकर हड़कंप मचा हुआ है।

# यात्री बस से उड़ाई थी नकदी, चार चोर लाखों के गहने समेत हुए गिरफ्तार

### पीड़ित व्यापारी बस्ती जिले का ,पकड़े गए बदमाश अयोध्या और प्रयागराज जिले के

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

सुलतानपुर।चोरी हुये जेवरात 7.33 ग्राम पीली धातु व 01 अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रूपये तथा किलो 431.10 ग्राम सफेद घात 1 लाख 72 हजार रूपया के साथ जिसकी कुल 02 अदद तमंचा व 02 अदद कारतूस 315 बोरसहित अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया पुलिस के मुताबिक राहुल त्रिपाठी पुत्र नागेन्द्रनाथ त्रिपाठी थाना हरैया जनपद बस्ती द्वारा दी गयी लिखित तहरीरी सूचना के आधार पर दिनांक 01.05.2024 रात्रि 11.45 बजे में एक बैग में कुछ भोने व चांदी के ज्वैलरी लेकर बस से पूर्वाचल एक्सप्रेस वे होकर अकबरपुर जा रहा था कि कि0मी0 123 पर उतरने लगा और बैग खोजने लगा तो मेरा बैग नहीं मिला जिसे कोई चोरी कर लिया है जेवरात चोरी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 83/2024 धारा 379 भा0दवि पंजीकृत किया गया था (बरामदगी के आधार पर बढ़ोत्तरी धारा 411 भादवि0) उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपर सुलतानपुर द्वारा निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी बल्दीराय के निकट पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुएआव दिनाक 05.05.2024 को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्तगण मो0 सोनू पुत्र मो0 मुस्तकानि धनापुर जनपद प्रयागराज,अंकुर उपाध्याय पुत्र लालमन उपाध्याय नि0 रामपुर अहिरौली थाना हैवरगर जनपद अयोध्या ,रूद्र सिंह पुत्र जगदम्बा सिंह नि0 सेमरी बल्लीपुर थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या एवं धर्मेन्द्र कुमार सोनी पुर स्व0 परिक्रमा प्रसाद सोनी नि0 खाले का पुरवा थाना को अयोध्या जनपद अयोध्या को नुजेश अध्धार पास से समय 08.10 बजे चोरी गये जेवरात के साथगिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी। अभियुक्तगण को माध्न्यायालय रवाना किया गया।

# नामांकन के बाद सियासी और जुबानी जंग में सब जायज

### शराब को लेकर भिड़े सपा-भाजपा प्रत्याशी

### लालजी बोले--------- दारू वालों को सत्ता से बेदखल करें, रितेश बोले------ उनकी बेटी भी इसी व्यवसाय में

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो 6

अम्बेडकर नगर। जनपद में लोकसभा चुनाव का पारा भी चढ़ने लगा। मुख्य मुकाबले में शामिल सपा और बीजेपी प्रत्याशी एक दूसरे पर शराब व्यवसाय में शामिल होने का आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। राजनीतिक टिप्पणियों के साथ-साथ अब व्यक्तिगत टिप्पणी और आरोप भी शुरू हो गया है। प्रत्याशी एक दूसरे के कारोबार को लेकर भी घेरने का प्रयास कर रहे हैं।

पा प्रत्याशी लालजी वर्मा ने बीजेपी प्रत्याशी रितेश पांडेय के शराब के ठेकों को लेकर टिप्पणी की तो उसका



पलटवार करते हुए बीजेपी प्रत्याशी ने कहा कि उनकी बेटी भी इसी शराब के व्यवसाय में है। समाजवादी पार्टी प्रत्याशी लालजी वर्मा का एक वीडियो सामने आया। जिसमें वह



एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कह रहे है कि महिलाएं चाहती है कि मोहल्ले से दारू की दुकान हटें। यदि दुकानें हटानी है तो दारू वालों को सत्ता से बेदखल करना पड़ेगा।

अगर दारू वालों को ही अपना प्रतिनिधि बना लेंगे तो फिर मोहल्ला तो छोड़िए हर घर मे दारू की दुकान खोलवा देंगे।

### बीजेपी प्रत्याशी रितेश पांडेय ।राकेश पांडेय शराब के बड़े व्यवसायी*

उन्होंने ये टिप्पणी बीजेपी प्रत्याशी रितेश पांडेय पर किया। उनके विधायक पिता राकेश पांडेय शराब के बड़े व्यवसायी हैं। लालजी वर्मा के इस बयान पर जब बीजेपी प्रत्याशी रितेश पांडेय से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि उनकी बेटी खुद इसी व्यवसाय में है और गवर्नमेंट से शराब का कांट्रैक्ट लेकर अपना काम कर रही हैं। बाकी मेरा मानना है। सपा प्रत्याशी पर तमाम प्रकार के केस दर्ज है। मेरे ऊपर एक भी केस नहीं है। उनके ऊपर भ्रष्टाचार के तमाम आरोप है। मेडिकल कालेज निर्माण के दौरान किस प्रकार का भ्रष्टाचार हुआ पूरा जिला जानता है।

# इंसानों ही नहीं पशुओं के इलाज के नाम पर भी लूट

### *जिला प्रशासन की जांच में गड़बड़ी की हुई पुष्टि*

### पशुओं के लिए 1962 नंबर पर एंबुलेंस से दी गई सुविधा कि नहीं दे पाई स्पष्ट जानकारी*

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। पशुओं की तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल तक ले जाने में दिक्कत होती है. खासतौर से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में इन्हें अस्पताल ले जाना चुनौती होती है. अब एनिमल एंबुलेंस से लोगों को इन पशुओं को अस्पताल तक ले जाने में सुविधा होगी.

सिर्फ इंसानों के नाम पर ही नहीं जानवरों के इलाज के नाम पर भी बड़ी लूट का खुलासा हुआ है। मीडिया द्वारा 108 व 102 एंबुलेंस सेवा में गड़बड़ी को लेकर खबर प्रकाशन को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया। जांच कराई तो यह बड़ा खुलासा हुआ कि इसी कंपनी द्वारा पशुओं के इलाज के लिए घर घर जाने के लिए चलाई जा रही 1962 एंबुलेंस सेवा के नाम पर भी धांधली बरती जा रही। जिला प्रशासन ने अब जांच का शिकंजा कस दिया है। संबंधित कंपनी को यहां ब्लैक लिस्टेड करने से लेकर केस दर्ज कराने तक की कार्रवाई सामने आ सकती है।फर्जी कॉल करवाकर बगैर मरीज के ही सड़क पर एंबुलेंस दौड़ाने को लेकर धांधली बरते जाने का खुलासा मीडिया ने किया था। इसमें यह बात निकलकर सामने आई थी कि स्वास्थ्य विभाग ने अंदरूनी जांच में गड़बड़ी पकड़ी है। मीडिया ने इस गड़बड़ी को सार्वजनिक किया तो डीएम अविनाश सिंह ने फौरन इस मामले में भी पूरी पत्रावली तलब कर ली।जो कार्यदायी संस्था मरीजों को ढोने वाली एंबुलेंस का संचालन कर रही है, वह जिला प्रशासन को यह ठीक से नहीं बता पाई कि पिछले एक वर्ष में 1962 सेवा के जरिए गांव गांव पहुंचकर कितने पशुओं का उपचार हुआ। इससे पूरे मामले में जांच का दायरा प्रशासन ने बढ़ा दिया है।जांच रिपोर्ट आने के बाद फर्जीवाड़े की कलई खुल जाएगी। कुछ बुद्धिजीवियों ने कहा ब्लाक स्तर से होने वाली जांच का भी सत्यापन किया जाए, ताकि कहीं चूक न हो। शासन से मंगवाकर बीमार पशुओं की सूची ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को उपलबध करा दी जाए। उन पर मोबाइल नंबर व अस्पताल जाने की तिथि दर्ज हैं। उन नंबरों पर फोन कर पूछा जाना चाहिए कि आपने इस तिथि को एंबुलेंस सेवा ली थी या नहीं।

# हाईवे किनारे मिला युवक का शव

### चेहरे पर चोट के निशान, लोगों ने हत्या के बाद डेडबॉडी फेंकने की जताई आशंका

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर ।जनपद में हाईवे किनारे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान का प्रयास किया, लेकिन पहचान न होने पर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामला बसखारी थाना इलाके के टांडा आजमगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग का है। स्थानीय लोगों ने हाईवे किनारे आज एक युवक का शव देखा। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोग इक्ट्ठा हो गए और सूचना पुलिस को दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन पहचान न होने पर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। युवक के चेहरे पर चोट के निशान मिले है। ऐसे में लोग युवक की हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं।

### *शव को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा*

शव मिलने की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान न होने पर शव का पंचनामा कराकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# आलापुर एस ओ द्वारा नियम कायदा कानून को तक पर रख कर की जा रही मनमानी का हुआ खुलासा

## *एस ओ आलापुर पहले करते हैं विवेचना फिर करते है........

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।जब भी कोई पीड़ित एस ओ आलापुर को मुकदमा पंजीकृत करने हेतु तहरीर देता है तो एस ओ आलापुर कहते हैं कि ठीक है हम इसकी जांच कर लेंगे तब मुकदमा पंजीकृत करेंगे उसके बाद एस ओ महोदय हफ्तों महीनो तक विवेचना करते रहते है सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार फिर दोनों पार्टियों से बार-बार मिलकर अपना उल्लू सीधा करते हैं। जिसका पलड़ा भारी होता है उसकी तरफ झुक जाते हैं। यदि तहरीर दाता खुश कर ले जाता है तो मुकदमा पंजीकृत कर देते हैं और आरोपी खुश कर ले जाता है तो मुकदमा पंजीकृत करने से इनकार कर देते हैं। कभी-कभी मामला जब मीडिया में आ जाता है तो दबाव में मुकदमा तो पंजीकृत कर लेते हैं लेकिन फिर आरोपी को सलाह देते हैं कि तहरीर की दिनांक और मुकदमा पंजीकरण के दिनांक में बहुत ज्यादा फर्क है। आप माननीय उच्च न्यायालय चले जाइए वहां यही प्वाइंट उठा दीजिएगा आपको रिलीफ मिल जाएगी। मतलब एस ओ आलापुर बोलिंग बैटिंग दोनों करते हैं जो भी उनको खुश कर देता है उसको वह सहयोग के साथ साथ उचित सलाह देते रहते हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जब भी किसी के द्वारा कोई तहरीर दी जाए तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जाए। आलापुर एस ओ तहरीर लेकर पहले विवेचना करते हैं फिर मुकदमा पंजीकृत करते हैं। उसके बाद क्या करते होंगे पता नहीं। क्योंकि विवेचना के बाद तो मुकदमा पंजीकृत करते हैं। फिर तो सीधे चार्ज शीट ही भेज देते होंगे।ऐसा इनके द्वारा सभी मामलों में किया जाता है। यदि तहरीर सरकारी विभाग की है तब तो क्या पूछना तब तो लाटरी ही निकल पड़ती है। जैसे ब्लॉक रामनगर से विभागीय तहरीर दिनांक 11 मार्च 2024 को मिली और महोदय ने मुकदमा 6 अप्रैल को दर्ज किया वह भी मीडिया में लगातार खबर चलने के बाद। कप्तान साहब को इस बात पर नजर रखनी चाहिए कि उनका कोई अधिनास्थ्य मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना कैसे कर रहा है साक्ष्य ढूंढने कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है 6 अप्रैल की एफ0आई0आर0 चेक करके उसमें तहरीर और मुकदमा दोनो की तिथि दर्ज है। जब रिपोर्टर ने साहब से उनके इस तरीके के संबंध में पूछा तो उन्होंने पहले तो कहा कि मैं आपको रिपोर्टर कैसे मानू आप को कभी देखा ही नहीं। जब उनको 27 अप्रैल की एक प्रधानाचार्य द्वारा दी गई तहरीर के संबंध में याद दिलाया तो कहने लगे हैं तहरीर मिली है अभी जांच चल रही है जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा। बिना मुकदमा लिखे किस प्रकार की जांच चल रही है उसको कहां दर्ज करते होंगे। इसे कैसे जीडी पर चढाते होंगे यह तो एस ओ साहब ही जाने।बस खबर यही है कि अंधेर गर्दी मची हुई है अधिकारी अपनी मर्जी का कानून बना कर उसी के हिसाब से चल रहे हैं।

केसरिया हिन्दुस्तान

# तीसरे चरण के चुनाव प्रचार का शोर थमा, अब बारी मतदाताओं की




**राजीव राय दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

मुंगावली/ तीसरे चरण में चौरांवे सीट का घमासान है जिसमे हर पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी, स्टार प्रचारकों के द्वारा लोक सभा सीट पर जातिगत समीकरण के आधार पर प्रचार भी किया, इसी क्रम में गुना लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा ने अपने स्टार प्रचारक उतारे।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिनों में अशोकनगर जिले में उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ और मध्यप्रदेश के मुखिया मोहन यादव ने सभाएं कर माहौल को अपने पक्ष में करने की पूरी कोशिश की।

चुनाव प्रचार का अंतिम दिन पांच मई था जिसमे मुंगावली में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने यादव बाहुल्य विधानसभा मुंगावली में सभा की और बताया की मोदी यानी जीत की गारंटी के साथ विकास की गारंटी भी है, मोदी का मंत्र सबका साथ और सबका विकास है जो आपको धरातल पर देखने जरूर मिलेगा।

*चार मई की सभा में सिंधिया ने अपनी सरकार के खिलाफ दिया था बड़ा बयान , सिंधिया ने कहा कि भू माफिया और राशन माफिया सक्रिय है उनको संभल जाना चाहिए।*

चार मई की सभा जिला मुख्यालय पर हुई थी जिसमे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए थे भरे मंच से सिंधिया ने अपने उद्बोधन में कहा की जिले में राशन माफिया और भू माफिया अभी से ठीक हो जाए क्योंकि उनको अब किसी भी तरह से बख्शा नहीं जाएगा, यह उनका भाषण कही न कही सत्ता पक्ष के विपरित दिखाई देता है क्योंकि प्रदेश की सरकार और सांसद दोनो भाजपा के है, हालाकि इसको कही न कही कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थकों को भी चेताना समझा जा सकता है परंतु बड़े मंच से माफियाओं को चेताना एक बड़ा संदेश माना जा सकता है।

### क्या यादव बाहुल्य क्षेत्र में यादव मतदाताओं पर मोहन यादव का चलेगा जादू या यादवेंद्र की तरफ होगा मोह

पार्टी और प्रत्याशी कोई भी हो पर एक बात जो गौर करने बाली होती है बह होता है चुनाव में जातिगत समीकरण, सभी पार्टी इस समीकरण का अनुसरण करती है और उसी आधार पर चुनाव में प्रचार की कमान सौपी जाती है हालाकि किसी भी पार्टी प्रत्याशी से बात की जाए तो बह जातिगत समीकरण को सिरे से नकार कर सर्वसमाज की बात करता है एक खास बात और मुंगावली की सभा में देखने को मिली बो यह की पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शिवराज सिंह की सभा में जो उत्साह लोगो का बडचढ़कर देखा जाता था बह कही न कही मोहन यादव की सभा में कम देखने को मिला।

शिवराज सिंह का व्यक्तित्व और समझ जनता की नब्ज को पहचान कर अपने उद्बोधन में दिखाई देता था और शिवराज की छवि एक परिपक्व नेता के तौर पर देखी जाती रही थी।

मुंगावली दौरे पर आए मोहन यादव और सिंधिया की सभा में जो प्रभाव सिंधिया का रहा बह मोहन यादव नही दिखा सके।

### *सिंधिया ने गिनाई उपलब्धियां*

क्षेत्र की जनता पर जब-जब संकट की घड़ी आई है तब कोई आए ना आए सिंधिया परिवार आपके बीच अवश्य मौजूद रहता है कोरोना काल को याद करके सिंधिया ने कहा कि जब में अस्पताल में था 60त्न मेरे फेफड़े प्रभावित हुए जब मुझे मुंगावली से फोन आए अशोकनगर से फोन आए चंदेरी से फोन आए कि ऑक्सीजन की कमी है तो तात्कालिक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी से बात करके बड़े ऑक्सीजन टैंकर में भरबाकर रेल से ग्वालियर भेजे लोड करवाया और छोटे सिलेंडर में डलवाया, चंदेरी अशोकनगर और मुंगावली में मैंने आप लोगों के लिए भिजवाया। सिंधिया ने कहा की पहले और अब की सड़को में जमीन आसमान का अंतर है हमने शिवपुरी गुना अशोकनगर की मुख्य सड़क के अलावा ग्रामीण क्षेत्र की सड़को को बड़ी सौगात दी , सड़क का बड़ा उदाहरण मां जानकी दरबार है जिसके लिए अभी हाल में एक सौ पच्चीस करोड़ रुपए स्वीकृत हुए।

सिंधिया ने कहा कि मुंगावली के लिए अभी चुनाव के पहले चार ट्रेन मैं रुकवा दी है तिरुचिरापल्ली से भगत की कोठी उदयपुर से शालीमार एक्सप्रेस दुर्ग अजमेर और सूरत मुजफ्फरपुर की गाड़ी भी आपके लिए केंद्रीय विद्यालय शिक्षा के लिए हमने मुंगावली में खुलवाया इसके अलावा लाडली बहिना योजना , किसान सम्मान निधि और हाल ही में चार दिन में किसानों को सर्वे कराकर मुआवजा देना ये किसी और सरकार ने नही बल्कि भाजपा सरकार में संभव है। सिंधिया ने मुंगावली में खुले मन से अधिक से अधिक वोट प्रतिशत करने की अपील की और बताया की गर्मी का प्रभाव है इसलिए सुबह से ही सर्व प्रथम मतदान का आवाहन हो, देखना होगा की इस चुनावी समर में अंतिम दिन की सभा का क्या असर होगा।



# नेहरू युवा केन्द्र ने पिपरई गांव में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर दिलाई शपथ

**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

मुरैना। लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु नेहरू युवा केन्द्र मुरैना द्वारा

युवा मण्डल, महिला मण्डल और एनएसएस के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर ग्रामीण मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है ।इसी क्रम में रविवार को पिपरई गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रैली,संगोष्ठी और मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलाई। रैली के दौरान युवाओं ने आओ सभी लोकतंत्र का पर्व मनाएं,7 मई को वोट करने अवश्य जाएं जैसे नारे लगाते हुए मतदाताओं को जागरुक किया।

इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के उपनिदेशक राकेश सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचन के माध्यम से ही सरकारें बनती हैं। जिसमें आपका एक- एक मत बहुत ही महत्वपूर्ण और मूल्यवान है। अतः सभी मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा मिले अपने मताधिकार का प्रयोग बहुत ही सावधानी पूर्वक और सोच समझ कर करना चाहिए । इसके साथ ही यह भी ध्यान रखना चाहिए कि आपके आसपास का कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रह जाए। एनएसएस अधिकारी विजय शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मतदान जरूरी है। इसके लिए सभी मतदाता मतदान दिवस के दिन अपने सारे काम छोड़ कर मतदान करने अवश्य जाएं। क्योंकि लोकतंत्र का पर्व भी हमारे लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितना हमारे अन्य पर्व।

कार्यक्रम में रामविलास शर्मा,मोहर सिंह गुर्जर, रविन्द्र सिंह, शैलेन्द्र गुर्जर, बनवारी लाल प्रजापति, राजेन्द्र प्रजापति,हलुका कड़ेरे,अतर सिंह प्रजापति, शोभाराम जाटव और बड़ी संख्या में अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।



## कलेक्टर श्री कोचर के निर्देश पर जिले में सभी नगरीय निकायो में नाले-नालियों की हो रही सफाई

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत नगरीय निकायों में सफाई कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। बारिश के पूर्व नालियों में सफाई कार्य किया जा रहा हैं। इसी क्रम में नगर पालिका दमोह द्वारा आज कोऑपरेटिव बैंक से बस स्टैंड चौक होते हुए पुरानी जिला पंचायत भवन तक नाला सफाई की गई। इसी क्रम में आज से पथरिया नगर परिषद में भी नालियों का सफाई कार्य प्रारंभ किया गया। साथ ही हटा में नालियों का सफाई कार्य किया गया।

## कलेक्टर श्री कोचर के निर्देश पर जिले में सभी नगरीय निकायो में नाले-नालियों की हो रही सफाई

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत नगरीय निकायों में सफाई कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। बारिश के पूर्व नालियों में सफाई कार्य किया जा रहा हैं। इसी क्रम में नगर पालिका दमोह द्वारा आज कोऑपरेटिव बैंक से बस स्टैंड चौक होते हुए पुरानी जिला पंचायत भवन तक नाला सफाई की गई। इसी क्रम में आज से पथरिया नगर परिषद में भी नालियों का सफाई कार्य प्रारंभ किया गया। साथ ही हटा में नालियों का सफाई कार्य किया गया।



## सब काम छोड़कर सबसे पहले करें मतदान

सबलगढ़।। नगर के वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष गौ सेवक भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी ने सभी देशवासियों मुरैना जिले की सभी विधानसभाओं एवं सबलगढ़ से से मतदान करने की अपील करते हुए कहा की मतदान महादान है मतदान करना आपका अधिकार। आप अपने अधिकार का उपयोग आवश्यक रूप से करें। उन्होंने कहा मित्रों लोकसभा चुनाव 5 वर्ष के बाद होते हैं । जिसमें हमें एक सुनहरा अवसर मिलता है कि हम अपनी पसंद और जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए सांसद चुनते हैं और यह भी देखते हैं कि बह हमारे देश के विकास में कितना योगदान देता है।जाती, धर्म और राजनीति से ऊपर उठकर हम जिसे अपना प्रतिनिधि चुनते हैं बह कैसा है उसकी छवि कैसी है।साफ सुथरी छवि वाले प्रत्याशी को बेहिचक अपने मतदान का उपयोग करें।आप और हमें मिलकर देश को भ्रष्टाचार मुक्त करना है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए अपने निजी स्वार्थ को त्यागकर हो सकता है संघर्ष करना पड़े।आने बाले चरण में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाना है कम होने से लगता है कि हम अपने अधिकार के प्रति जागरूक नहीं है।यह देश हमारा है इसकी जनता की खुशहाली के लिए आगामी तिथि के मतदान दिवस पर आप अपने परिवार पड़ोसी, मोहल्ले, गांव, शहर के प्रत्येक मतदाता से अनुरोध करें कि मतदान से बड़ा कोई दान नहीं है अतः आवश्यक रूप से सब काम छोड़कर सबसे पहले 7 मई को अपने पास के वूथ पर जाकर मतदान अवस्य करें। लोकतंत्र के हाथ मजबूत करें

## केंद्रीय विद्यालय दमोह में चलाया गया यातायात जागरूकता अभियान

250 छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को बताए गए यातायात के नियम

दमोह। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात जागरूकता हेतु पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन थाना प्रभारी यातायात दलबीर सिंह मार्को द्वारा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दमोह में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 250 छात्र-छात्राएं तथा स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा। थाना प्रभारी यातायात श्री मार्को ने 18 वर्ष के पूर्व बिना वैध लाइसेंस के वाहन न चलाने, दो पहिया वाहन में सदैव हेलमेट लगाने, सड़क पार करने के तरीके, घायलों की सदैव मदद करने, इमरजेंसी वाहनों को रास्ता देने, यातायात सिग्नल तथा संकेत का पालन करने के साथ-साथ सदैव यातायात नियमों का पालन करने की समझाइए दी। साथ ही अपने परिवारजन, रिश्तेदार, परिचितों एवं पड़ोस के लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने की अपील की गई। विद्यालय के उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवम स्टाफ को यातायात जागरूकता संबंधी पंपलेट का वितरण भी किया गया। इस दौरान स्लोगन यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित घर पहुंचे, दमोह पुलिस आपकी सुरक्षा में सदैव तत्पर के माध्यम से भी जागरूक किया गया।

# कुए में मिले मासूम भाई बहन के शव, बच्चों को लेकर मायके गई थी मां

दमोह,( केसरिया हिंदुस्तान प्रतिनिधि) जिले की केरबना पुलिस चौकी क्षेत्र एक खेत के कुएं में दो नाबालिग बच्चों के शव मिले, जो भाई बहन है। सुबह बच्चों के शव बाहर निकाले गये। घटना की सूचना पुलिस को कोटवार दोबारा दी गई थी। रात करीब 9ः00 बजे जब पुलिस मौके पर पहुंची तो शव कुएं मे नजर आया था वही जब सुबह देखा तो दो बच्चों की शव पानी में उतरा रहे थे। उधर कुएं से बाहर शवो को निकल जाने के बाद सबसे बड़ी मुश्किल बच्चों की पहचान को लेकर बनी।



काफी देर बाद हुई पहचानः जो बक्सवाहा थाना क्षेत्र के सुनवाह गांव निवासी थे। बताया जा रहा है कि दोनों नाबालिग बच्चे अपनी मां के साथ ननिहाल जा रहे थे। लेकिन वह केरबना के समीप बरा तिराहा से लापता हो गये। जब बच्चे लापता हुए तो उनकी मां साथ होना बताई गई, जबकि मां ने पुलिस को बताया कि वह अपने तीन बच्चों के साथ थी और सबसे छोटे बच्चे को निस्तार कराने के लिए लेकर गई थी। जब लौट कर आई तो दोनों बच्चे मौके पर नहीं मिले। फिलहाल इस पूरी मामले की जांच पुलिस गंभीरता से कर रही है।

## अधिक मूल्य पर शराब बेचने पर जिले की चार शराब दुकानों के लाइसेंस एक दिन के लिए निलंबित,10 हजार रुपए का जुर्माना

इंदौर संभाग ब्यूरो - धार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने आबकारी विभाग के अधिकारियों के प्रतिवेदन के आधार पर धार जिले की चार शराब दुकानों के लाइसेंस एक दिन के लिए निलंबित कर दिया है। साथ ही उन पर 10हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि जिले की कतिपय शराब दुकानों पर अधिकतम विक्रय मूल्य( स्ररूक्क) से अधिक मूल्य पर शराब का विक्रय किया जा रहा है, जिस पर वृत्त में पदस्थ अधिकारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।



कंपोजिट मदिरा दुकान सरदारपुर,बदनावर,जेतपुरा क्रमांक 2 एवं धार क्रमांक 1 दुकानों पर अधिक अधिकतम विक्रय मूल्य से अधिक मूल्य पर शराब विक्रय होती पाई गई थी। जिस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्रा ने उपरोक्त चारों दुकानों का लाइसेंस एक दिन के लिए निलंबित किया है एवं 10 हजार रुपए का जुर्माना किया है। उपरोक्त आदेश के अनुक्रम में 5 मई को उपरोक्त चारों दुकानें बंद रहेंगी।

# नपा अध्यक्ष सेठिया के भतीजे सहित जुआ खेलते हुए नो आरोपी धराए

**कमल कुमार जैन जिला ब्यूरो मंदसौर।**

गरोठ। नगर में जुआ सट्टा का कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई। मिली जानकारी के अनुसार नगर में जुआ सट्टा हुआ आईपीएल का सट्टा का जमकर हो रहा है इसी के संबंध में गुरुवार शुक्रवार की मध्य रात्रि को पुलिस द्वारा एक पर कार्रवाई की गई जिसमें 9 से 10 और उपयोग को अवैध रूप से जुआ खेलते हुए पकड़ा गया है पुलिस ने बताया अनुसार श्यामलाल पिता मांगीलाल खाती नि.खाती मोहल्ला गरोठ, सुनिल पिता रमेश चंदेल नि.नई आबादी गरोठ , विकास पिता रमेश चन्द्र नि.घोसी मोहल्ला गरोठ ,सन्दीप पिता प्रदीप कुमार पोरवाल उर्फ (संदीप सेठिया)नि. शामगढ रोड गरोठ ,भोलू उर्फ रोहित बिनोद अग्रवाल नि. शामगढ रोड गरोठ ,रवि पिता अशोक रावत नि .रामपुरा दरवाजा गरोठ ,किशोर पिता रामलाल ग्वाला नि.घोसी मोहल्ला गरोठ ,अर्पित उर्फ छोटु पिता महेश चन्द्र अग्रवाल नि.भाट मोहल्ला गरोठ, निखलेश पिता अशोक कुमार ब्राहम्ण निवासी रामपुरा को सुनील चंदेल के बाड़े में जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है उक्त आरोपियों से जुआ खेलते हुए उनके पास से 9930 रुपए बरामद किया गये है। सभी आरोपियों पर 13 जूआ एक्ट की कार्रवाई की गई है सूत्रों की माने तो जुआ खेलते हुए कई नामी गिरामी राजनीतिक शख्सियतो के रश्तेदार शामिल थे। जिनके पास से केवल 9930 रुपए मिलना कई सवाल खड़े करता है आखीर लाखों के चलने वाले सट्टे करोड़ों के चलने वाला आईपीएल से संबंधित जुए में पकड़ने वाला आरोपियों पास चंद रुपयों की जप्ती होना। कार्रवाई के बाद भी बिन शब्दों में बहुत कुछ कह जाता है ऐसे में जो अंदर बाहर कि जन चर्चा है होती है उनको भी झुठलाया नहीं जा सकता है?।

इनमें से एक व्यक्ति तो ऐसा है जिसके ऊपर कारवाई की गई है वह इन रसूखदारों के यहां है कार्य करता है वही एक व्यक्ति मजदूरी करता है अब इन रसूखदारों के बीच इन गरीबों का होना या यूं कहे की कुछ रसूखदारों के बदले इन गरीबों का होना हालांकि यह जन चर्चा है।

# जन चेतना परामर्श का महिला थाना मे हुआ शुभारम्भ




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली**

**अनुरोध शुक्ला**

सिंगरौली/- महिला थाना सिंगरौली मे नवाचार अन्तर्गत जन चेतना परामर्श का पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में अरुण कुमार सोनी उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा सिंगरौली की उपस्थिती मे निरी. श्रीमती अर्चना द्विवेदी द्वारा आयोजन किया गया। वैवाहिक जीवन मे आ रही समस्याओं जैसे नशे के कारण हो रहे विवाद आर्थिक तंगी के कारण सामाजिक रिश्ते की समझ नही होना आदि को कम करके सुखद वैवाहिक जीवन का संचालन ही इसका उद्देश्य है। इसी अनुक्रम मे ग्रामीण एवं शहरी परिवेश में महिला एवं पुरुषों के स्वरोजगार प्रशिक्षण लेने के लिये जागरूक किया गया ता कि पति पत्नी दोनों सक्षम बनकर सुखद जीवन यापन करें । कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को विधिक जानकारी दी गई। महिलाओ को उनके अधिकार एवं कानूनी सहायत के बारे में जागरूक किया गया साथ ही सायबर अपराध, महिला अपराध, ऑनलाईन ठगी से बचान की जानकारी दी गई उक्त कार्यक्रम में करीब 60 महिला पुरुष उपस्थित रहे यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण के निर्देशक विजय कुमार एवं सीनियर फैकल्टी निशा द्विवेदी द्वारा स्वरोजगार के प्रकार एवं प्रशिक्षण के बारे मे अवगत कराया गया विधिक सलाहकार अधिवक्तागण एवं काऊंसलर मानिकराम पाण्डेय, संतोष दुबे, रीता दुबे, संतोष तिवारी, श्रीमती सुब्रता झा द्वारा विधिक जानकारी दी गई। अरुण कुमार सोनी उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा द्वारा बताया गया कि जन चेतना परामर्श प्रत्येक शनिवार दोपहर 1 बजे से महिला थाना में आयोजित किया जाएगा । इसका फालोअप पीड़िता- शिकायतकर्ता के घर जाकर मौके से सतत् किया जाएगा । उपरोक्त कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में निम्नलिखित अधिकारी - कर्मचारी उपनिरी. प्रियंका शर्मा, उपनिरी. आई.पी. वर्मा, म. प्र. आर. रानी सिंह, अल्पना सिंह, बेलाकली सिंह, प्र. आर. अखिलेश रावत, रवि सिंह बघेल, नातीलाल बागरी, आर. प्रताप सिंह, म. आर. माया मालवीय, प्र. आर. चालक योगेंद्र मिश्रा की भी सहभागिता रही।

# भगवान परशुराम शोभा यात्रा की पूजा आरती और प्रसाद वितरण करेगी अखिल भारतीय वैश्य महा परिषद



***राजेंद्र खरे कटनी***

कटनी अखिल भारतीय वैश्य महा परिषद के प्रदेशाध्यक्ष अनिरुध्द बजाज ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि दिनाक 10 मई को भगवान परशुराम जयंती पर कटनी स्टेशन से यात्रा संयोजक श्री प्रेम प्रकाश दिक्षित एवम जिला अध्यक्ष राजू शर्मा एवम बिल्लू शर्मा के नेतृत्व में निकलने वाली भव्य शोभा यात्रा की पूजा अर्चना एवम आरती अखिल भारतीय वैश्य महा परिषद के पदाधिकारी एवम अन्य समाज सेवी अनिरुध्द बजाज वैध सुरेन्द्र विश्वकर्मा प्रमोद खम्परिया राजकुमार दासवानी अंशुल बहरे अंतु गुप्ता संजय गुप्ता पप्पू भइया श्याम तिवारी सूर्य कांत सोलंकी एड राजेश सिंह एड अक्षय बजाज सुभास मालाकार नितिन रैकवार दीपक रजक प्रकाश जैन एड अंजुला सरावगी बजाज गीता पाठक कल्पना दुबे राम नरेश तिवारी रमेश मिश्र एड राजेन्द्र विश्वकर्मा सन्तोष पांडेय अनिरुध्द बजाज हीरा लाल जायसवाल मनोज निगम राजू रजक हितेंद्र स्वर्णकार महैन्द्र सिंह राजपूत राम बाबू विश्वकर्मा संजय गुप्ता अध्यक्ष मैंन रोड व्यपारी संघ गोविंद पटेल राकेश श्रीवास्तव हर भजन राय एड अरविंद पांडेय आदि समजसवीओ द्वारा भगवान परशुराम की आरती कर प्रसाद का वितरण करेंगे

# जिले के सीएम राइज स्कूलों के 12 वीं के परीक्षा परिणाम में रिकॉर्ड 62 फीसदी तक का हुआ सुधार

***प्रदेश में 50 वें स्थान पर रहने वाला जिला पहुंचा 9वें स्थान पर***

***प्रदेश के टाप टेन ज़िलों में शामिल हुआ कटनी***

*राजेंद्र खरे कटनी*

कटनी ।जिले के सभी सी एम राइज स्कूलों के हायर सेकेण्डरी बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में पिछले साल की तुलना में इस साल 62.44 प्रतिशत तक की अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी हुई है। बोर्ड परीक्षाओं के पिछले साल के खराब परीक्षा परिणाम को देखते हुए इस साल कलेक्टर श्री अवि प्रसाद की कोशिशों ने नया कीर्तिमान रच दिया। 12वीं के परीक्षा परिणाम के मामले में बीते साल प्रदेश में 50 वें स्थान पर रहने वाला कटनी जिला इस साल ऊंची छलांग लगा कर पूरे प्रदेश में 9 वें स्थान पर पहुंच गया।कलेक्टर के मार्गदर्शन में इस साल जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर करने विशेष कार्ययोजना के तहत पाठ्यक्रम आधारित मिशन -45 आधार बुकलेट और फाइनल -30 के माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध करा कर , इसी के अनुरूप छात्रों को परीक्षा की तैयारी कराई गई।

*सीएम राइज 12वीं का परिणाम*



जिले के सीएम राइज स्कूल करेला ने कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम के मामले में इस साल रिकॉर्ड 62.44फीसदी की वृद्धि के साथ ऊंची छलांग लगाई है । पिछले साल यहां का 12 वीं कक्षा का परिणाम मात्र 33.9 फीसदी रहा,जो इस साल बढ़ कर 96.36 प्रतिशत हो गया है।इसी प्रकार सी एम राइज स्कूल बडवारा के परिणाम में भी जादुई सुधार हुआ है । पिछले साल की तुलना में यहां के परीक्षा परिणाम में इस साल 44.40प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। पिछले साल बडवारा स्कूल का परीक्षा परिणाम 42.86फीसदी रहा,जो इस साल बढ़ कर 87.25 प्रतिशत हो गया है। आश्चर्यजनक रुप से सी एम राइज स्कूल रीठी का इस साल का परीक्षा परिणाम सौ- फीसदी रहा । यहां के सभी 71 छात्र उत्तीर्ण हो गये हैं। जबकि पिछले साल यहां का परीक्षा परिणाम 74.47प्रतिशत ही रहा था। सीएम राइज स्कूल कारीतलाई ने अपने बीते साल के परीक्षा परिणाम 55.45 प्रतिशत में इस साल जबरदस्त सुधार किया है। यहां का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम 82.18प्रतिशत रहा। जिसमें बीते साल के परीक्षा परिणाम की तुलना में 26.73 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। जबकि सीएम राइज स्कूल बहोरीबंद का इस साल का कक्षा 12वीं का परिणाम 97.92प्रतिशत रहा, जो पिछले साल 65.22प्रतिशत रहा। इस प्रकार बहोरीबंद स्कूल के परीक्षा परिणाम में 32.70 फीसदी का इज़ाफा हुआ है।

सीएम राइज स्कूल कटनी के 12 वीं के इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में करीब 15 फीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले साल यहां का परिणाम 79.31 प्रतिशत रहा था, और इस वर्ष यहां का परिणाम सुधर कर 94.32 प्रतिशत आया है।

*10वीं के परीक्षा परिणाम में भी बड़ा सुधार*

सीएम राइज स्कूलों के दसवीं के परीक्षा परिणाम में भी 3 फीसदी से लेकर 26 प्रतिशत तक का जबरदस्त सुधार परिलक्षित हुआ है। सी एम राइज स्कूल करेला के दसवीं कक्षा के परिणाम में पिछले साल की तुलना में जहां 26.47 प्रतिशत ,तो सीएम राइज स्कूल बडवारा के परिणाम में 16.63 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा तैयार कराई गई मिशन आधार बुकलेट -45 और फाइनल -30 के माध्यम से छात्रों को परीक्षा की तैयारी कराई गई, जिससे परीक्षा परिणाम में जबरदस्त सुधार हुआ।

*कटनी प्रदेश के टाप टेन ज़िलों में हुआ शामिल*

दसवीं की पिछले साल के परीक्षा परिणाम में कटनी जिला जहां पूरे प्रदेश में 39 वें स्थान पर रहा , वहीं आज़ घोषित परिणाम में कटनी जिले की प्रदेश की रैंकिंग में जबरदस्त सुधार हुआ है और कटनी जिला ऊंची छलांग लगाते हुए प्रदेश में 8 वें स्थान पर पहुंच गया है।

इसी प्रकार बारहवीं के परीक्षा परिणाम के मामले में पिछले साल कटनी जिला प्रदेश में 50 वें पायदान पर था। जिसमें गजब का सुधार देखने को मिला और इस साल के बारहवीं के परिणाम के मामले में कटनी जिला प्रदेश में 9 वें स्थान पर पहुंच गया है।

## मां महिषासुर मर्दिनी माताजी शामगढ़ के नाम से विख्यात पशु मेला शामगढ़ में 10 मई से आयोजित होने वाला है मेले को लेकर नगर परिषद के द्वारा सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है

**पशुओं की खरीद फरोख्त के लिए प्रसिद्ध है मेला**

कमल कुमार जैन जिला ब्यूरो मंदसौर 9301752179. शामगढ़

नपा अध्यक्ष श्रीमती कविता नरेंद्र यादव एवं मेला सभापति कृष्णा नवीन फरक्या ने जानकारी देते हो बताया कि 10 मई से शामगढ़ में नगर की आराध्य देवी जगत जननी राजराजेश्वरी मां महिषासुर मर्दिनी देवी के नाम से प्रसिद्ध पशु मेले का आयोजन किया जाएगा इसको लेकर नगर परिषद ने अपनी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली है व्यापारियों को कोई परेशानी एवं समास्या ना हो ऐसे प्रयास किए जाएंगे मेले में झूले चकरी रेलगाड़ी नाव विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल एवं दुकाने मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी *10मई से सुवासरा रोड नायरा पेट्रोल पंप के पीछे पशु मेले का आयोजन किया जाएगा वहीं पर 7 मई से प्लांट व्यापारियों के लिए प्लाट बुक कराए जाएंगे

## 12 बजे के बाद तक खुलती है दुकानें

***नियमों को ताक पर रखकर चल रही दुकानें रात 12 बजे के बाद भी खुल रही शराब दुकानें, विरोध करने पर संचालक देते हैं धमकिया***

त्योंदा – शराब का कारोबार करने वाले लोगों को आबकारी विभाग द्वारा लायसेंस और शराब का ठेका दिया गया है, जिससे कि दुकानों का संचालन नियम अनुसार किया जा सके। लेकिन आबकारी अधिकारियों की ढुलमुल रवैये के कारण यह शराब दुकानें संचालित करने वाले ठेकेदार शासन के नियमों को ताक पर रखकर आधी रात से भी अधिक समय तक दुकानें खोलने से भी नहीं चूक रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब दुकानों का संचालन रात 12 बजे से भी अधिक समय तक किया जा रहा है। जिससे कई बार नागरिक इसकी शिकायत कर चुके हैं। लेकिन जिला आबकारी अधिकारी विजय रंगशाही के संरक्षण में शासन के नियमों को ताक पर रखकर शराब कंपनी द्वारा लोगों को रंगदारी दिखाकर वह खुद के नियम चलाते नजर आ रहे हैं। शायद इसीलिये दुकानें रात 12 बजे से भी अधिक समय तक खोली जा रही हैं।

**12 बजे के बाद तक खुलती है दुकानें**

अधिक समय तक खुली हुई देखी गई है। जब इसकी नागरिक शिकायत करते हैं तो ठेकेदार के कर्मचारी और उनके गुर्गे लोगों को धमकियां देते हैं। कई बार नौबत हाथापाई तक पहुंच जाती है। जबकि इस क्षेत्र में पूर्व में कई बार घटनायें घटित हो चुकी हैं। लेकिन इसके बावजूद भी नियमों को ताक पर रखकर बेखौफ शराब दुकानों का

**संचालन आधी रात से भी अधिक समय तक किया जा रहा है।**

हो चुकी हैं वारदातें रेलवे लाइन के उस पार जिस जगह पर शराब दुकान स्थित है उसके आसपास कई बार हत्यायें जैसी वारदातें भी हो चुकी है। अभी हाल ही में मृतक कुलदीप राजपूत की हत्या के संबंध में

उनके परिजनों व समाजजनों द्वारा ज्ञापन देकर हत्यारों को पकड़ने की मांग की गई थी। यहां इस क्षेत्र के लोगों ने बताया कि रात 12 बजे तक हरदूखेड़ी फाटक के पास स्थित शराब दुकान खोली जा रही है जिससे इस मार्ग से रात्रि के समय आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि आधी रात तक शराब दुकान खुले रहने के कारण लोगों का जमावड़ा शराब लेने के लिये दुकान पर लगा रहता है। साथ ही लोग दुकान के पास ही बैठकर खुलेआम शराब पीते देखे जा सकते हैं।

बौना साबित हो रहा आबकारी विभाग

नई शराय कंपनी द्वारा जब से क्षेत्र में शराब दुकानों का संचालन किया जा रहा है तब से क्षेत्र के लोग लगातार रात को 12 बजे से अधिक समय तक दुकानें खुलने से परेशान है। क्योंकि जिस जगह पर शराब दुकान है उसके आसपास ही रहवासी वस्तियां हैं। साथ ही लाइन को क्रास करने व आसपास के सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाले रास्ते भी इसी दुकान के पास से होकर गुजरे हैं। इस संबंध में जब जिला आबकारी अधिकारी विजय रंगशाही को फोन लगाया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## बजरंग दल सेवा विभाग द्वारा प्याऊ लगाई गई



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान रतलाम जिला प्रतिनिधि अर्जुनसिंह डोडिया कि रिपोर्ट

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सेवा विभाग द्वारा ताल प्रखंड बरखेड़ा खंड में प्याऊ लगाई गई जिसका शुभारंभ आज दिनांक. 5/5/2024 को हुआ जिसमें विभाग सेवा प्रमुख राघव जी त्रिवेदी जिला संयोजक कालूराम पाटीदार जिला धर्म प्रसार प्रमुख गोपाल देवड़ा प्रखंड सयोजक अमरसीह गुर्जर प्रखंड सह संयोजक सुनील सेठिया प्रखंड सह सत्संग प्रमुख कमलेश सोनी व ओमप्रकाश पाटीदार पप्पु सोनी भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शांतिलाल पाटीदार मंडल महामंत्री हरिसीह गुर्जर युवा मोर्चा मंडल महामंत्री सुमित मेहता युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनिल भैसोटा व गांव के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे

# 2014 से आज तक तरक्की व विकास हुआ है- कविता पाटीदार राज्यसभा सांसद

**सांस्कृतिक राष्टवाद साकार कर रहे है प्रधानमंत्री मोदी, उनके नेतृत्व में देश मजबूत हुआ– पूर्व केन्द्रीय मंत्री वर्मा**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के धार दौरे को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन, भाजपा प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार ने कहा– धार के लिए गौरव की बात***

जिला ब्यूरो धार /मो. 9424075866

धार। सन् 2014 में प्रधानमंत्री बनने के पहले नरेन्द्र मोदी धार के कुक्षी में आए थे। उस दौरान वे प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित हो चुके थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद 2019 में वह धार आए और अब दूसरी मर्तबा 7 मई को फिर से धार में आ रहे है। उनका आगमन हम सबके लिए गौरव का विषय है। उनके नेतृत्व में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का संकल्प साकार हो रहा है। भारत तेजी से मजबूत हुआ है और आत्मनिर्भर होकर वैश्विक पटल पर मजबूती से उभरा है। यह बात पूर्व केन्द्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही।

**विश्वास और उम्मीद का चेहरा बने पीएम**

राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री कविता पाटीदार ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए पीएम के कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम राष्ट्रनायक है और उनका धार में आना हम सबके लिए




गौरव की बात है। उनके नेतृत्व में अभूतपूर्ण निर्णय और धर्म, समाज, संस्कृति और विकास के लिए काम किए गए है। पीएम आज देश में विश्वास और उम्मीद का चेहरा बनकर उभरे है। उनके आगमन और उनको सुनने के लिए धार जिला सहित झाबुआ एवं आसपास के क्षेत्रों से लोग पहुंचेंगे।

प्रेस वार्ता को पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने संबोधित किया। इस दौरान भाजपा लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती सावित्री ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी, धार विधायक नीना वर्मा, लोकसभा प्रभारी नंदकिशोर पाटीदार, संयोजक प्रभु राठौर, जिला प्रभारी श्याम बंसल, प्रदेश महामंत्री जयदीप पटेल, भाजपा प्रवक्ता गोविंद मालू, निलेश भारती, जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा,दीपक सिंह रघुवंशी मौजूद रहे। संचालन महामंत्री प्रकाश धाकड़ ने किया।

**भाजपा ने सांस्कृतिक राष्टवाद का नारा दिया विक्रम वर्मा**

विक्रम वर्मा जी ने कहा कि धार महू लोकसभा क्षेत्र से दो महिला सांसद होंगी। सावित्री ठाकुर जो भाजपा की उम्मीदवार हैं, एवं कविता पाटीदार राज्यसभा सांसद के रूप में मौजूद है। इसी प्रकार दो विधायक नीना वर्मा व उषा ठाकुर धार लोकसभा का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी तीसरी बार धार जिले के दौरे पर आ रहे हैं। हमारे जिले में रेलवे का काम तेज गति से चल रहा है, ब्रिज बन रहे हैं, स्टेशन एक किलोमीटर के दायरे में नौगांव के क्षेत्र में बन रहा है, पीथमपुर, महू, रेलवे लाइन का कार्य तेज गति से चलकर पूरा होने जा रहा है, विकास के कार्यों में पैसे की कमी नहीं आने दी जाएगी। धार अब जंक्शन बन जाएगा, क्योंकि यहां से मेघनगर, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम आदि क्षेत्र जुड़ जाएंगे। हमारे देश के प्रधानमंत्री ने प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की थी। इसी क्रम में धार जिले में मेडिकल कॉलेज के लिए 2500 करोड़ का काम चल रहा है एवं 500 बेड का हॉस्पिटल जो कि 7- 8 मंजिल का होगा। विकास की श्रेणी में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सड़क, बिजली, सिंचाई, आदि के क्षेत्र में विकास द्रुत गति से चल रहा है। भगवान राम लला जो कि टेंट में विराजमान थे, रामलला भी मोदी के राज्य में पक्के मंदिर में विराजमान हो चुके हैं।

भाजपा ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का नारा दिया।शंकराचार्य ने भारतीय संस्कृति व गौरव को बढ़ाया है, हमारा देश शास्त्र का निर्माण कर रहा है शस्त्रों को अन्य देशों को निर्यात भी कर रहा है।भारत मोदी जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। वैक्सीन का दुष्प्रचार किया जा रहा है जबकि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहला टीका लगवाया था।

मतगणना का प्रतिशत बढ़ाना है । सन 1971 में 50 से 52त्न सबसे कम मतदान हुआ था किंतु उसके बाद लगातार 60त्न, 65 से 70त्न तक मतदान हुआ है अब हमारा लक्ष्य है कि 70त्न से अधिक का मतदान हो।

# नाबालिग लड़की की हत्या का खुलासा: प्रेमी ने जंगल में ले जाकर मारा था, आरोपी गिरफ्तार

**मनोज सिंह /जिला ब्यूरो**

जिले के पलेरा थाना क्षेत्र के एक गांव में 28 अप्रैल को हुई नाबालिग लकड़ी की हत्या के मामले में पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। आरोपी मृतक लड़की का प्रेमी है, जिसे गिरफ्तार किया गया है। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि हत्या के मामले में आरोपी 34 वर्षीय अवध पिता सुखदीन यादव को गिरफ्तार किया गया। आज (शनिवार) ही उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

28 अप्रैल को एक गांव में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की का शव खेत में पड़ा मिला था। पुलिस और साइबर सेल की जांच में हत्या की आशंका जताई गई थी। मामले की जांच के लिए एडिशनल एसपी सीताराम और जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के नेतृत्व में टीम का गठन भी किया था। जांच के दौरान पता चला था कि पास के ही मडरी गांव के रहने वाले अवध यादव से लड़की का प्रेम प्रसंग





चलता था। घटना के बाद से ही अवध यादव फरार चल रहा था। संदेह के चलते पुलिस ने अवध की तलाश शुरु की। आरोपी को गिरफ्तार कर सख्ती के साथ पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपी ने हत्या का जुर्म कबूल कर लिया।

***जंगल में बुलाकर की थी हत्या***

पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि 27 अप्रैल की रात उसने फोन लगाकर लड़की को घर से थोड़ी दूर बुलाया था। इसके बाद वह उसे जंगल में ले गया। वहां आरोपी अवध का लड़की से अन्य लड़कों से रिश्ते बनाने की बात पर विवाद हो गया।

इसी बात को लेकर उसने लाठी डंडों से लड़की की पिटाई कर दी थी। जिससे उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद वह अपने साथी के साथ उसके शव को खेत में फेंक कर भाग गया था।

## अवैध खनन के मामले में ईओडब्ल्यू में दर्ज कराई शिकायत: जांच करने पहुंची टीम को नदारद मिले कर्मचारी, मामले की छानबीन में जुटी टीम

**मनोज सिंह/जिला ब्यूरो**

जिले के क्रेशर संचालक अवैध तरीके से उत्खनन करने में लगे हैं। शहर के कुलदीप जैन ने मामले की शिकायत ईओडब्ल्यू में दर्ज कराई थी। शनिवार को टीम मामले की छानबीन करने खनिज विभाग के दफ्तर पहुंची, लेकिन खनिज अधिकारी सहित स्टाफ के कर्मचारी दफ्तर से नदारद मिले।

शिकायतकर्ता कुलदीप ने बताया कि गलत तरीके से चल रहे क्रेशर प्लांट की शिकायत ईओडब्ल्यू से की थी। जिसके चलते आज जांच करने पहुंची टीम को देखकर पहले से ही कर्मचारी खनिज कार्यालय से गायब हो गए। उन्होंने बताया कि शिकायत में ग्राम नारगुड़ा भाटा में सुरेश आदिवासी के नाम से संचालित पत्थर खदान की शिकायत दर्ज कराई गई थी।

12 मार्च 2024 को सुरेश आदिवासी के नाम पर क्रेशर आधारित गिट्टी, पत्थर की लीज स्वीकृत की गई थी। जिसकी न तो पर्यावरण स्वीकृति है और न ही क्रेशर का संचालन वैधानिक रूप से हो रहा है। क्रेशर प्लांट का संचालन तिरुपति मिनरल्स एंड स्टोन क्रेशर फर्म कर रही है। क्रेशर पर बनने वाली गिट्टी को ग्राम नन्ही टेहरी से लक्ष्मनपुरा और बकपुरा से सिलामती तक बन रही सड़क पर उपयोग किया जा रहा हैं। आदिवासी के नाम का उपयोग कर राजनीतिक लोग क्रेशर का संचालन कर रहे हैं।

बगैर पिटपास जारी किए करोड़ों का पत्थर अवैध खनन एनजीटी के निर्धारित मापदंडों का खुले तौर पर उलंघन किया जा रहा है। इस मामले को लेकर ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज कराई गई है।

***बोलने से बच रहे अधिकारी***

इस मामले में खनिज विभाग के अधिकारी कर्मचारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। जिला खनिज अधिकारी एसजेड अली ने फोन बंद कर लिया। खनिज इंस्पेक्टर कुलदीप जैन का कहना है कि फिलहाल इस मामले में जानकारी नहीं है।

## संत शिरोमणि सेन महाराज की 724वीं जयंती मनाईः होनहार बच्चे हुए सम्मानित, अतिथि बोले- शिक्षा की चाबी से खुलते है विकास के ताले

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मनोज सिंह /जिला ब्यूरो

टीकमगढ़।रविवार को संत शिरोमणि सेन महाराज की 724वी जयंती मनाई। सिविल लाइन स्थित प्रतिमा स्थल पर पूजा अर्चना की। इस मौके पर समाज के होनहार बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

संगठन के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामरतन सेन ने बताया कि आज प्रतिमा स्थल पर सेन महाराज की महा आरती उतारी गई। साथ ही कन्या पूजन किया गया। कार्यक्रम में सेन समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना और व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष सुनील घुवारा मौजूद रहे।

अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार बांट कर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोरेलाल ने कहा कि संत शिरोमणि सेन महाराज भक्ति के सागर थे। उनकी उत्कृष्ट भक्ति के कारण भगवान से साक्षात्कार हुआ। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसी मास्टर चाबी है, जो मानवीय विकास के सभी ताले खोल सकती है। उन्होंने समाज के लोगों से बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने की अपील की। संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती के अवसर पर नवोदित सेन समाज की धर्मशाला में सत्यनारायण कथा का आयोजन






किया गया। समाज के अध्यक्ष सीताराम सेन ने बताया कि भगवान की सच्ची भक्ति की प्रेरणा हमें सेन महाराज के जीवन से मिलती है। देवेंद्र नापित ने कहा कि 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में समाज के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में होनहार बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरबी सेन, नंदकिशोर सेन, रामरतन सेन, परमानंद, कमलेश, राकेश, रामकुमार, भज्जू, विपिन, संतोष नापित, लालू सेन, छोटे लाल, रामकलेश, सुरेन्द्र, कैलाश, रिंकू सेन, मिलन पेंटर, अखलेश सेन, महेश सेन, अंशुल सेन पूर्व पार्षद सहित समाज के लोग मौजूद रहे।